www.navpradesh.com

दैनिक **नव प्रदेश** — प्रदेश के साथ पूरा देश...

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 | बिलासपुर, सोमवार 16 मई 2022, शुक्ल पक्ष पूर्णिमा, विक्रम संवत-2078 वर्ष-08 अंक-33 पृष्ठ-08 मूल्य-4 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | अभिव्यक्ति 4 | छत्तीसगढ़ 6 | आंचलिक 7 | देश-विदेश/व्यापार

//-- सुविचार --//

सही फैसला लेना काबिलियत नही है, फैसला लेकर उसे सही साबित करना काबिलियत है।

आज बेबाक

सही बात है। रस्सी जल जाती है लेकिन ऐठन नहीं जाती। झारखंड की एक महिला आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल भ्रष्टाचार के आरोप में जेल की सलाखों के पीछे पहुंच गई है। इसके बाद भी उनकी अकड़ कम नहीं हुई है। नोटो के बिस्तर पर सोने वाली उक्त आईएएस को जब सिर्फएक चादर पर सोना पड़ा और जेल का बेस्वाद खाना मिला तो उनका पारा सातवें आसमान पर जा पहुंचा। उन्होंने जेल कर्मचारियों की क्लास ले डाली और जमकर फटकार लगा दी। मैडम को जेल में भी वीआईपी ट्रीटमेंट चाहिए। अगर वे बड़ी कुर्सी पर काबिज हुई तो शर्तिया जेलों में वीआईपी बैरक बनवा देंगी।

सूर्योदय

उदय : 5.34 प्रात:

अस्त : 7.00 संध्या

जनसंख्या

विश्व : 7,946,948,390

भारत: 1,405,786,324

बाजार

सेंसेक्स : अवकाश

निफ्टी: अवकाश

गोल्ड : 50,450 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 59,400 प्रति किग्रा

अण्डा दर: 3.86 प्रति नग

प्रदेश का मौसम

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रायपुर	41.0	30.2
बिलासपुर	41.6	30.4
जगदलपुर	37.0	25.3
अंबिकापुर	39.7	27.6

कांग्रेस के डीएनए में इस देश के लोगों से बातचीत करना : राहुल

■ रोजगार पैदा करने वाली रीढ हड्डी को बीजेपी की विचारधारा ने तोड़ दिया

उदयपुर। उदयपुर में चल रहे चिंतन शिविर के तीसरे दिन राहुल गांधी ने भाजपा पर जोरदार हमला बोला है। राहुल गांधी ने चिंतन शिविर के अंतिम दिन नेताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज हिंदुस्तान के युवाओं को रोजगार नहीं मिल सकता। जो युवा हैं उनके पास रोजगार नहीं है। नरेंद्र मोदी जी ने 2 करोड़ युवाओं को रोजगार देने का वादा किया था। आज जो बेरोजगारी है वो इससे ज्यादा पहले कभी नहीं रही। ये हम नहीं कह रहे,ये उनके आंकड़े हैं, हमारे आंकड़े नहीं हैं। जो रोजगार पैदा करने वाली रीढ हड्डी है उस की रीढ हड्डी को नरेंद्र मोदी ने बीजेपी की विचारधारा ने तोड़ दिया है। जीएसटी, नोटबंदी ये लागू करके पूरा का पूरा फायदा 2-3 उद्योगपतियों को देकर सरकार ने देश के युवाओं का भविष्य नष्ट कर दिया। राहुल गांधी ने कहा, से हमारी पार्टी में आए कई नेताओं ने मुझे बताया कि भाजपा में दलित के तौर पर उनकी कोई जगह नहीं थी। वहां यह बताया जाता है कि क्या बोलना है और क्या नहीं। भाजपा में दलित समाज का अपमान होता है। हम कांग्रेस में बातचीत का मौका देते हैं। हम हर दिन यह काम करते हैं। इसके पीछे एक कारण है। कांग्रेस के डीएनए में है इस देश के लोगों से बातचीत करना । भले ही वो किसी भी जाति, धर्म और जगह के हों।' अक्टूबर में पूरी पार्टी जाएगी जनता के बीच- राहुल गांधी ने ने कहा, हमें बिना कुछ सोचे जनता के बीच जाकर बैठ जाना चाहिए, उनकी समस्याओं को समझना चाहिए। जनता के साथ हमारा जो कनेक्शन था उसे फिर से बनाना पड़ेगा। जनता जानती है कि कांग्रेस पार्टी ही देश को आगे ले जा सकती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने निर्णय लिया है कि अक्टूबर महीने में पूरी पार्टी जनता के बीच जाएगी और यात्रा करेगी। जनता के साथ जो रिश्ता कांग्रेस का था उसे फिर से पूरा करेगी। ये शॉर्टकट से नहीं होने वाला है और ये काम पसीना बहाकर ही किया जा सकता है। सरकार ने हिंदुस्तान के युवाओं के भविष्य को नष्ट कर दिया है। एक तरफ बेरोजगारी और दूसरी तरफ महंगाई है। यूक्रेन में युद्ध हुआ है, आने वाले समय में मुद्रा स्फीति पर भी इसका असर होगा।

जनता से कनेक्शन को फिर से बनाना पड़ेगा

राहुल गांधी ने कहा कि हमें बिना सोचे जनता के बीच जाकर बैठ जाना चाहिए जो उनकी समस्या है उसे समझना चाहिए, हमारा जनता के साथ जो कनेक्शन था, उस कनेक्शन को फिर से बनाना पड़ेगा. जनता जानती है कि कांग्रेस पार्टी ही देश को आगे ले जा सकती है. कांग्रेस पार्टी ने निर्णय लिया है कि अक्टूबर महीने में पूरी कांग्रेस पार्टी जनता के बीच जाएगी और यात्रा करेगी. जनता के साथ जो रिश्ता कांग्रेस का था उसे फिर से पूरा करेगी. ये शॉर्टकट से नहीं होने वाला है और ये काम पसीना बहाकर ही किया जा सकता है।

हमारी लड़ाई नफरत-हिंसा के खिलाफ है

आगे उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने हिंदुस्तान के युवाओं के भविष्य को नष्ट कर दिया है. नोटबंदी, जीएसटी लाकर मोदी सरकार ने देश को बड़ी चोट दी है. एक तरफ बेरोजगारी दूसरी तरफ महंगाई, यूक्रेन में युद्ध हुआ है आने वाले समय में मुद्रा स्फीति पर इसका असर पड़ेगा. इससे निपटना जरूरी है. राहुल गांधी ने कहा कि देश में जो नफरत और हिंसा को बढ़ावा दिया जा रहा है, हमारी लड़ाई उसके खिलाफहै. कांग्रेस एक परिवार है. मैं आपके परिवार का हूं. मेरी लड़ाई आरएसएस और बीजेपी की विचाराधारा है. ये देश के सामने खतरा है. ये नफरत और हिंसा फैलाते हैं. मैं इसके खिलाफ लड़ता हूं और लड़ना चाहता हूं. मेरे लिए ये मेरी जिंदगी की लड़ाई है. मैं ये मानने को तैयार नहीं हूं कि मेरे प्यारे देश में इतनी नफरत और हिंसा फैल सकती है. मेरे खिलाफ बीजेपी, आरएसएस, सारे सरकारी संस्थान हैं. हम इन सबसे लड़ रहे हैं।

हिंदुत्व पर बोले भूपेश - नेताओं को करनी चाहिए 'धार्मिक यात्रा'

■ इससे भाजपा को धर्म के नाम पर कांग्रेस पर हमला करने का नहीं मिलेगा मौका

उदयपुर। राजस्थान के उदयपुर में चल रहे कांग्रेस पार्टी के तीन दिवसीय चिंतन शिविर में हिंदुत्व का मुद्दा छाया रहा।चिंतन शिविर के दूसरे दिन राजनीतिक समिति की बैठक के दौरान यह मुद्दा उठा। शिविर में पार्टी के कई नेताओं ने हिंदुत्व के मुद्दे पर राजनीति करने का समर्थन किया तो कुछ ने इसका तीखा विरोध किया। मिली जानकारी के मुताबिक जब इस मुद्दे को लेकर सदस्यों में चर्चा चल रही थी तब छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इसका प्रतिरोध किया और कहा कि राहुल गांधी को ही नहीं बल्कि कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को भी चुनाव के समय धार्मिक स्थलों का दौरा करना चाहिए। उनका कहना था कि मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारे और चर्च सभी में कांग्रेसी नेताओं को जाना चाहिए। इससे भाजपा को धर्म के नाम पर कांग्रेस पर हमला करने का मौका नहीं मिलेगा। दरसअल केरल के कुछ नेताओं ने कहा कि राहुल गांधी को चुनाव के वक्त मंदिरों में नहीं जाना चाहिए क्योंकि इसका नकारात्मक ■ शेष पृष्ठ 6 पर

त्रिपुरसुंदरी मंदिर जाएंगे राहुल

पार्टी सूत्रों ने यह भी बताया कि राहुल गांधी चिंतन शिविर के समापन के अगले दिन राजस्थान के बांसवाड़ा में स्थित प्रसिद्ध त्रिपुरसुंदरी मंदिर जाएंगे। यह राजस्थान का बहुत प्रसद्धि मंदिर है और पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया हर बार चुनाव लड़ने से पहले इस मंदिर में दर्शन के लिए जाती हैं।

कांग्रेस की कमान प्रियंका को सौंपने की मांग

राहुल गांधी का सोमवार को चार मंदिरों में जाकर दर्शन करने का कार्यक्रम है। चिंतन शिविर में कांग्रेस की उत्तर प्रदेश की प्रभारी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी अपनी बात रखी और कहा कि पार्टी को आक्रमकता के साथ जनता के बीच जाकर भाजपा सरकार की कमियों को सामने लाना चाहिए। बाद में उत्तर प्रदेश से कांग्रेस के नेता आचार्य प्रमोद कृष्णन ने भी मीडिया सेंटर में कुछ पत्रकारों से कहा कि प्रियंका गांधी वाड्रा को कांग्रेस की कमान सौंपी जानी चाहिए।

आस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर साइमंड्स का निधन

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर एंड्र्यू साइमंड्स 46 साल के थे। साइमंड्स की कार क्वींसलैंड के टाउन्सविले के पास टकराई साइमंड्स नामी ऑलराउंडर कहलाएं और विवादों में भी रहे क्वींसलैंड। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज क्रिकेटर एंड्र्यू साइमंड्स का कार एक्सीडेंट में निधन हो गया। वे 46 साल के थे। साइमंड्स की कार उनके गृह राज्य क्वींसलैंड के टाउन्सविले में टकराई। हादसे के दौरान वे कार में अकेले थे। क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद साइमंड्स इसी शहर में रह रहे थे। पुलिस ने उनके मौत की पुष्टि भी की है। विश्व क्रिकेट के बेहतरीन ऑलराउंडर रहे साइमंड्स अपने परफॉर्मेंस के साथ-साथ विवादों की वजह से भी चर्चा रहे। क्वींसलैंड पुलिस ने बताया कि शहर से लगभग 50 किलोमीटर दूर हर्वे रेंज के पास शनिवार देर रात हादसा हुआ। पुलिस को शुरुआती जांच में पता चला है कि साइमंड्स की कार एलिस रिवर के ब्रिज से निकलकर नीचे गिरी वो खुद ही कार चला रहे थे। इमरजेंसी सर्विसेज ने साइमंड्स को बचाने की कोशिश भी की। लेकिन चोट ज्यादा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

नरेला की फैक्ट्री में आग, आग बुझाने पहुंचीं 25 गाड़ियां

नई दिल्ली। दिल्ली के नरेला की एक प्लास्टिक फैक्ट्री में लगी आग फायर ब्रिगेड की 25 गाड़ियों ने मुश्किल से आग बुझाई शनिवार से ही ताला लगा था, कोई मजदूर नहीं था अंदर आग से किसी के हताहत होने की कोई खबर नही दिल्ली के नरेला की एक प्लास्टिक फैक्ट्री में शनिवार रात भीषण आग लग गई। आग को बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड की 25 गाड़ियां कई घंटों तक जुटी रहीं। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका। सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम वहां पहुंची। पहले फैक्ट्री में कुछ मजदूरों के फंसे होने की आशंका जताई जा रही थी, हालांकि पुलिस ने इससे इनकार किया है। लाइट नहीं होने की वजह से शनिवार को फैक्ट्री में सुबह से ही ताला लगा हुआ था

समय की कसौटी पर हमेशा खरे उतरे भारत-नेपाल रिश्ते और गहरे होंगे: मोदी

नई दिल्ली (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि नेपाल के साथ भारत के संबंध अद्वितीय हैं और वहां की उनकी यात्रा का उद्देश्य समय की कसौटी पर हमेशा खरे उतरे आपसी संबंधों का जश्न मनाना तथा उन्हें और गहरा करना है।

श्री मोदी ने अपने प्रस्थान वक्तव्य में कहा, नेपाल के साथ हमारे संबंध अद्वितीय हैं। भारत और नेपाल के बीच सभ्यतागत तथा नागरिकों के बीच के संपर्क हमारे घनिष्ठ संबंधों की मजबूत नींव हैं। मेरी यात्रा का उद्देश्य सदियों से समय की कसौटी पर खरे उतरते आ रहे इन संबंधों का जश्न मनाना तथा उन्हें और गहरा करना है। गौरतलब है कि श्री मोदी नेपाल के प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा के निमंत्रण पर 16 मई को लुंबिनी जाने वाले हैं। श्री मोदी ने कहा, मैं बुद्ध जयंती के शुभ अवसर पर मायादेवी मंदिर में पूजा करने के लिए उत्साहित हूं। मैं भगवान बुद्ध के पवित्र जन्म स्थल पर श्रद्धा अर्पित करने वाले लाखों भारतीयों के नक्शेकदम पर चलने के लिए सम्मानित महसूस कर रहा हूं। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कांग्रेस के बाद भाजपा का भी 'चिंतन शिविर', अहमदाबाद में तैयार होगा 'गुजरात रण' जीतने का प्लान

अहमदाबाद। उदयपुर में कांग्रेस का तीन दिवसीय चिंतन शिविर समाप्त हो गया है। इस शिविर के अंतिम दिन कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी ने आगे की योजना का पूरा खाका सामने रखा और कहा कि कश्मीर से कन्याकुमारी तक भारत जोड़ यात्रा शुरू होगी। उधर गुजरात चुनाव और इस बार कुछ नई चुनौतियों को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी ने अहमदाबाद में 'चिंतन शिविर' लगाने का फैसला किया है।

सूत्रों का कहना है कि इस महाबैठक में दूसरी पार्टियों से आए नेताओं की जीत के आसार और उनको टिकट देने ■ शेष पृष्ठ 6 पर

अहमदाबाद में दो दिवसीय सम्मेलन आयोजित किया जाएग

रविवार से अहमदाबाद में दो दिवसीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा जिसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, गुजरात इनचार्ज और वरिष्ठ नेता भूपेंद्र यादव व मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल समेत बड़े नेता शामिल होंगे। गुजरात में छठी बार लगातार सरकार बनाने के लिए जरूरी नीतियों के लिए यह चिंतन शिविर आयोजित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का गृह राज्य होने की वजह से यहां का चुनाव भाजपा की प्रतिष्ठा का चुनाव है।

भाकियू में दो फाड़, नए संगठन ने राजेश सिंह चौहान को चुना राष्ट्रीय अध्यक्ष, हरिनाम को बनाया प्रदेश अध्यक्ष

लखनऊ। किसानों की नाराजगी के चलते भारतीय किसान यूनियन अब दो भागों में बंट गई है। चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्य तिथि पर राकेश नरेश टिकैत और राकेश टिकैत अलग-थलग पड़ गए हैं। भाकियू के नए संगठन भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने रविववार को राजेश सिंह चौहान को अपना नया राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना है। वहीं हरिनाम सिंह वर्मा को नया प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है।

बतादें कि रविवार को लखनऊ में आयोजित भाकियू के संस्थापक स्व.चौ.महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में राकेश टिकैत की ■ शेष पृष्ठ 6 पर

महेंद्र सिंह टिकैत की बनाई पार्टी में पड़ी दरार

बाबा महेंद्र सिंह टिकैत द्वारा बनाई गई भाकियू पार्टी में अब दरार पड़ चुकी है। दो दिनों से लखनऊ में कार्यकर्ताओं को समझाने का टिकैत का प्रयास असफल दिखाई दिया है। जानकारी के अनुसार कुछ किसान नेता टिकैत से नाराज चल रहे थे। संगठन की यूपी इकाई के नेतृत्व की नाराजगी की खबर मिलते ही राकेश टिकैत शुक्रवार की रात को ही लखनऊ पहुंच गए थे। चिनहट विकास खण्ड के नौबस्ता कलां गांव में हरिनाम सिंह वर्मा के आवास पर ही वह ठहरे और देर रात तक उनकी असंतुष्ट गुट से समझौता वार्ता होती रही।

दिल्ली में 47 डिग्री के पार हुआ तापमान

नई दिल्ली। अगले 4-5 दिनों तक उत्तर भारत के तमाम राज्यों में चिलचिलाती गर्मी और भीषण लू की आशंका है। मौसम विभाग ने दिल्ली समेत कई राज्यों में 'भीषण लू' की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग के मुताबिक 4 और 15 मई को पंजाब, हरियाणा और दिल्ली में अलग-अलग इलाकों में लू और भीषण लू की स्थिति बने रहने की संभावना है। इसी प्रकार 14 मई को उत्तर प्रदेश में 15 मई को कुछ अलग-अलग भागों में लू की स्थिति बनी रहेगी। वहीं राजस्थान, मध्य प्रदेश और हरियाणा के कुछ हिस्सों के लिए रेड और ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। आईएमडी के मुताबिक इन दिनों तापमान, सामान्य से बहुत अधिक है। पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान और विदर्भ में भीषण लू चल रही है। साथ ही तापमान 40-46 डिग्री सेल्सियस के बीच है, जो सामान्य तापमान से ऊपर है।

नवनीत का उद्धव पर वार, स्वार्थ के लिए बने मुख्यमंत्री

नई दिल्ली। महाराष्ट्र में अब हिंदुत्व की लड़ाई ने जोर पकड़ लिया है। राज्य में आरोप प्रत्यारोप का सिलसिला भी जारी है। अमरावती की सांसद नवनीत राणा और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे दोनों ही लगातार एक दुसरे पर हमला बोल रहे हैं। अब नवनीत राणा ने एक प्रेस कांफ्रेंस की है जिसमें उन्होंने उद्धव सरकार के ऊपर जमकर वार किया है। उन्होंने कहा कि उद्धव ठाकरे स्वार्थ के लिए मुख्यमंत्री बने हैं। सांसद नवनीत राणा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे पर जमकर हमला बोला। नवनीत राणा ने कहा कि उद्धव ठाकरे ने अपनी शनिवार को हुई मुंबई की रैली में ना ही किसानों पर बात की, ना ही लोडशेडिंग पर चर्चा की। ढाई साल तक सीएम घर से बाहर निकले ही नहीं। एक भी दौरा उन्होंने विदर्भ के किसी गांव में किया क्या? बेरोजगारी दूर करने को लेकर कुछ भी नहीं कहा। भाषण में वे बोलते हैं कि हाथों को काम ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

आंदोलन... राजधानी में सीएम हाउस घेरेंगे भाजपा नेता, आज पूरे प्रदेश में जेल भरो आंदोलन

रमन राजनांदगांव में कौशिक बिलासपुर में करेंगे आंदोलन

■ कांग्रेस सरकार के काले कानून (भूपेश एक्ट) के विरोध में भाजपा का जेल भरो आंदोलन

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश भर में सोमवार 16 मई को जेल भरो आंदोलन करने जा रही हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में इतनी भयभीत हैं कि अपने खिलाफउठ रही आवाज को दबाना चाहती है। छत्तीसगढ़यों से अभिव्यक्ति की आजादी को छीनना चाहती हैं। इसी लिए छत्तीसगढ़ में धरना प्रदर्शन आंदोलन पर रोक लगाने काला कानून लाकर छत्तीसगढ़ में आपातकाल की यादों को ताजा करने का कृत्य किया जा रहा हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता 16 मई को प्रदेश के सभी जिलों में भूपेश बघेल सरकार के काला कानून के विरोध में जेल भरो आंदोलन करेगा और कांग्रेस सरकार से इस काला कानून (भूपेश एक्ट) को वापस लेने की मांग करेगा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में तानाशाही चलाने वाली सरकार की जेल भाजपा के आंदोलन के सामने छोटी पड़ेंगी। भारतीय जनता पार्टी के जेल भरो आंदोलन के तहत राजधानी रायपुर में भाजपा नेता और कार्यकर्ता अलग-अलग चार स्थानों तेलीबांधा तालाब, आजाद चैक, फाफाडीह चैक और कालीबाड़ी चैक से एक साथ मुख्यमंत्री निवास का घेराव करने कूच करेंगे। राजधानी रायपुर में पूर्व मंत्री व विधायक बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व मंत्री राजेश मूणत, जिला अध्यक्ष श्रीचंद सुंदरानी, अभिनेष कश्यप, मोतीलाल साहू, पूर्व विधायक नंदे साहू, देवजीभाई पटेल, नवीन मारकंडेय, संजय श्रीवास्तव, छगन मूंदड़ा, अम्बिका यदु, मीनल चैबे, अमित साहू सहित भाजपा नेता और कार्यकर्ता आंदोलन में शामिल होंगे भारतीय जनता पार्टी प्रदेश के सभी जिलों में जेल भरो आंदोलन कर रही हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णु देव साय जशपुर में आंदोलन में शामिल होंगे जहां भाजपा जिला अध्यक्ष रोहित कुमार साय सहित भाजपा के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में जेल भरेंगे। राजनांदगांव जिले में पूर्व मुख्यमंत्री व भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मुंडका हादसा: घेवरा इलाके से इमारत का मालिक गिरफ्तार

नई दिल्ली (वार्ता)। दिल्ली के मुंडका मेट्रो स्टेशन के पास बीते शुक्रवार को एक इमारत में लगी भीषण आग में 27 लोगों की मौत और कई अन्य के झुलसने के मामले में पुलिस ने अब उस इमारत के मालिक को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस उपायुक्त (बाहरी) समीर शर्मा ने बताया कि मुंडका इलाके में भीषण अग्निकांड की घटना के तुरंत बाद इमारत का मालिक मनीष लकड़ा फरार हो गया था। श्री शर्मा ने कहा कि मुंडका इलाके के अग्निकांड में बड़ी सफलता मिली है, जिसमें इमारत के फरार मालिक मनीष लकड़ा को बाहरी जिले की पुलिस टीम ने दिल्ली और हरियाणा में कई बार छापेमारी कर दिल्ली के घेवरा इलाके से गिरफ्तार किया है। उन्होंने कहा कि जब लकड़ा को गिरफ्तार किया गया उस समय वह हरिद्वार भागने की फिराक था। डीसीपी ने कहा, उसने अपना फोन तोड़कर कहीं फेंक दिया था, ताकि उसके लोकेशन का पता नहीं लगाया जा सका। अग्निकांड के बाद लकड़ा अपने परिवार के साथ फरार हो गया था। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

संपादकीय

कश्मीर में आतंकियों का खात्मा जरूरी

जम्मू कश्मीर में सेना और सुरक्षा बलों के द्वारा आतंकवादियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसके बावजूद वहां अभी भी कई आतंकवादी छिपे हुए है। जो रह-रह कर छिट पूट आतंकी घटनाओं को अंजाम देते रहते हैं। इन आतंकवादियों ने सरकारी दफ्तर में घुसकर दिन दहाड़े राहुल भट्ट नामक एक कश्मीरी पंडित की गोली मारकर हत्या कर दी। इस घटना के बाद सुरक्षा बल के जवानों तत्काल जवाबी कार्रवाई की और दो आतंकवादियों को जहन्नूम रसिद कर दिया। जिसमें से एक पाकिस्तानी आतंकवादी था। इसके बाद से सेना ने वहां सर्च अभियान तेज कर दिया है। आतंकवादियों की सघन तलाश की जा रही है। कश्मीरी पंडित की हत्या की घटना के बाद वहां रह रहे। कश्मीरी पंडितों में असुरक्षा की घृणा कर रही है। गौरतलब है कि 370 के खात्मे के बाद केन्द्र सरकार कश्मीर में कश्मीरी पंडितों को फिर से बसाने के लिए कार्ययोजना बना रही है। इसी के तहत कुछ कश्मीरी पंडितों को वहां बसाया गया है और विशेष पैकेज देकर उन्हें सरकारी नौकरी भी दी गई है। कश्मीर घाटी में कश्मीरी पंडितों की वापसी वहां के दहशत गर्दों को रास नहीं आ रही है। इसीलिए अब वे एक बार फिर कश्मीरी पंडितों को निशाना बनाकर उनमें दहशत फैलाना चाह रहे हैं। उनके ये नापाक मनसुबे तभी नाकाम होंगे। जब वहां बचे कुचे आतंकवादियों को खत्म किया जाएगा। इसके लिए सेना, सुरक्षाबलों और स्थानीय पुलिस को मिलकर आतंकवादियों के खिलाफ युद्ध स्तर पर बड़ा अभियान चलाना होगा। इन आतंकवादियों को सहयोग करने वाले अलगाववादियों और स्थानीय लोगों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई करनी होगी। तभी कश्मीर घाटी में शांति बहाल हो पाएगी और कश्मीरी पंडितों की वापसी सुनिश्चित हो पाएगी। पड़ोसी देश पाकिस्तान कश्मीर में 370 के खात्मे के बाद से बौखलाया हुआ है और वह कश्मीर में आतंकवाद की आग को हवा देने के लिए नए-नए हथकंडे अपना रहा है। पाकिस्तान के नापाक इरादों से भी भारत को सावधान रहने की जरूरत है और कश्मीर घाटी में एक बड़ी सर्जिकल स्ट्राईक तत्काल करनी होगी। ताकि वहां जो गिनती के आतंकवादी बच गए है उन्हें नेस्तनाबुत किया जा सके। उम्मीद की जानी चाहिए कि केन्द्र सरकार कश्मीर घाटी में कश्मीरी पंडितों के वापसी के लिए अनुकूल माहौल बनाने में कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ेगी।

टारगेटेड किलिंग का शिकार हिन्दू आगे भी होंगे

विष्णुगुप्त

इन योजनाओं को पूरा करने के लिए बिहार और पश्चिम बंगाल जैसे जगहों से भारी संख्या में प्रवासी मजदूर आये हैं। प्रवासी मजदूर सिर्फ सरकारी योजनाओं में ही लगे नहीं है बल्कि प्रवासी मजदूर फलों की खेती में भी अपना योगदान दे रहे हैं। सबसे बड़ी बात कश्मीर की राजनीतिक पार्टियों का हिन्दू विरोधी चरित्र और पाकिस्तान समर्थक चेहरे का है। कश्मीर में मुख्यतः दो बड़ी पार्टियां है। एक पीडीपी है और दूसरी नेशनल कांफ्रेंस है। पीडीपी के संस्थापक मुफ्ती मोहम्मद सईद की कट्टरपंथी बोल जगजाहिर है। महबूबा मुफ्ती अपने पिता की फोटो कॉपी है। इसके अलावा नेशनल कांफ्रेंस के बाप-बेटे फारूख अब्दुला और उमर अब्दुला की समय-समय पर राष्ट्र विरोधी बोल भी जगजाहिर है। कहने का अर्थ है कि पीडीपी और नेशनल कांफ्रेस के नेता अभी मुस्लिम आतंकवादियों की किसी न किसी प्रकार से आईकॉन और शक्ति बनें हुए हैं। ये भारतीय सुरक्षा बलों को खलनायक करार देकर मुस्लिम आतंकवादियों की हिंसा का अप्रत्यक्ष समर्थन करते हैं।

मुस्लिम आतंकवादियों की टारगेटेड हत्या का नया शिकार राहुल भट्ट हुए हैं। माखनलाल विंद्रु से लेकर राहुल भट्ट तक, कई हिन्दू टारगेटेड हिंसा का शिकार होकर अपनी जानें गंवायी है। इसके अलावा कई प्रवासी मजदूर भी टारगेटेड हिंसा में अपनी जानें गंवायी है। आगे भी टारगेटेड हिंसा में कश्मीरी हिन्दू और प्रवासी मजदूर अपनी जान गंवाते रहेंगे। कश्मीर में मुस्लिम आतंकवादियों द्वारा टारगेटेड किलिंग का खूनी खेल कोई अप्रत्याशित नहीं है। मुस्लिम आतंकवादियों द्वारा कश्मीर से हिन्दुओं को खदेड़ने का प्रथम लक्ष्य था, जिस पर वे आज भी कायम है। यह नीति आईएसआई की थी और आईएसआई ने इस नीति को अपने मोहरे मुस्लिम आतंकवादियों से लागू कराने का काम किया। 1980 से लेकर 1990 के दौर में जब कश्मीर में मुस्लिम आतंकवाद ने सिर उठाया था तब कश्मीरी हिन्दुओं को ही निशाना बनाया गया था। मस्जिदों से सरेआम एलान होता था कि हिन्दू कश्मीर छोड़ दें या फिर मुसलमान बन जायें, हम बन्दूक के बल पर हिन्दुओं का नरसंहार कर सफाया कर देंगे, फिर हम पाकिस्तान में मिल कर इस्लाम का परचम लहरायेंगे। उस दौर में भारत की सत्ता पर राज करने वाले शासक बहुत ही कमजोर अदूरदर्शी थे, सिर्फ इतना ही नहीं बल्कि उनकी धार्मिक दृष्टि बहुत ही घृणित और एकांगी थी। शासकों पर मजहबवाद हावी था। उदाहरण के लिए राजीव गांधी, वीपी सिंह, देवगौड़ा, गुजराल के नाम लिये जा सकते हैं।

राजीव गांधी कश्मीर की समस्या को लेकर उदासीन थे और भ्रमित थे, उनमें मुस्लिम आतंकवादियों को सबक सिखाने की दृष्टि नहीं थी, वे शाहबानों मामले में मुस्लिम कट्टरपंथियों के आगोश में कैद हो गये थे। जबकि वीपी सिंह अति मुस्लिम सोच के शिकार थे और अपने गृहमत्री मुफ्ती मोहम्मद सईइ के चाल में फंसे रहें। मुफ्ती मोहम्मद सईद की बेटी के अपहरणकांड में वीपी सिंह की कमजोरी साफथी और मुस्लिम आतंकवादियों की संतुष्टि की नीति राष्ट्र के लिए बहुत ही घातक सिद्ध हुई। गुजराल और देवगौड़ा की राजनीतिक हैसियत बहुत ही सीमित थी, इसलिए वे सिर्फसत्ता चलाने की खानापूर्ति करते थे। पीवी नरसिंह राव के मंत्रिमंडल में एक मंत्री भेदिया था जो अग्रिम सूचना अमेरिका तक पहुंचा देता था। सिर्फ तत्कालीन राज्यपाल जगमोहन ने मुस्लिम आतंकवादियों की हिन्दुओं के संहार करने की नीति के खिलाफ सख्ती दिखायी थी। जगमोहन को अफ्वाह और मजहबी साजिश का शिकार बना कर बदनाम किया गया था।

धारा 370 के हटने के बाद बौखलाहट बढ़ी हैं। बौखलाहट सिर्फ मुस्लिम आतंकवादियों के अंदर ही नहीं बढ़ी है बल्कि बौखलाहट तो पाकिस्तान-आईएसआई की बढ़ी है, बौखलाहट तो कश्मीर के मुस्लिम राजनीतिक दलों में भी बढ़ी है। जब मुस्लिम आतंकवादियों और विखंडनकारियों की कुइच्छा की पूर्ति नहीं होगी है, जब उनकी हिंसा पर जवाब मिलेगा, जब उनकी हिंसक सक्रियाएं कूचली जाने लगेगी तो फिर उनके अंदर हताशा, निराशा और बौखलाहट बढनी स्वाभाविक है। अब यहां यह प्रश्न उठता है कि खासकर मुस्लिम आतंकवादी संगठनों की कूइच्छाएं क्या थी जो कूचली गयीं। वास्तव में पाकिस्तान, आईएसआई, मुस्लिम आतंकवादी संगठनों और कश्मीर की मुस्लिम पार्टियों को यह उम्मीद थी कि अगर भारत सरकार धारा 370 हटायी तो कश्मीर में विद्रोह होना निश्चित है, कश्मीरी बगावत पर उतर आयेंगे, पाकिस्तान भारत पर हमला कर देगा, दुनिया के लगभग 60 मुस्लिम देश भारत की गर्दन मरोड़ देगें। इस प्रकार कश्मीर भारत से अलग हो जायेंगा। पर उन्हें यह मालूम नहीं था कि भारत की सत्ता पर राजीव गांधी नहीं, वीपी सिंह नहीं, पीवी नरसिंह राव नहीं, देवगौड़ा नहीं, गुजराल नहीं, अटल बिहारी वाजपेयी नहीं बल्कि नरेन्द्र मोदी बैठा है जो न केवल देश की एकता और अखंडता के प्रश्न पर दृढ़ निश्चियी है बल्कि कठोर भी है और हिंसक प्रतिक्रिया देने से भी पीछे नहीं हटता है। कश्मीर में धारा 370 हटाने के बाद की शेष कहानी जगजाहिर ही है। जब सरकार की हनक बढ़ती है, दृढ़ता बढ़ती है, अपने नागरिकों की सुरक्षा की जिम्मेदारी बढ़ती है तब विश्वास बढ़ता है। नरेन्द्र मोदी सरकार से पूर्व की सरकारों का कश्मीर में न तो हनक होती थी और न ही दृढ़ता होती थी, अपने नागरिकों की सुरक्षा का भाव भी नहीं होता था। कहने का अर्थ है कि कश्मीर में हिन्दू सिर्फ अपने भाग्य भरोसे किसी तरह जिंदा थे, जिन पर हिंसा के लपटें कभी भी उठ सकती थी और शिकार कर सकती थी। नरेन्द्र मोदी की सरकार ने निश्चित तौर पर कश्मीर में हिन्दुओं को सुरक्षा का विश्वास दिया है। यही कारण है कि कश्मीरी हिन्दू अच्छी संख्या में घाटी में लौटे हैं और अपनी खेती तथा व्यापार में लगे हुए हैं। खासकर धर्म स्थलों की सुरक्षा और रौनक भी बढ़ी है। भारत सरकार की पुर्नवास नीति भी महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। पुर्नवास नीति के तहत वैसे हिन्दू परिजनों को सहायता मिली है जिनके सदस्यों की हत्या हुई थी या फिर जिनकी संपत्तियों का संहार मुस्लिम आतंकवादी संगठनों ने किया था। आज स्थिति यह है कि हिन्दू संख्या में कम जरूर हैं पर कश्मीर में दृढ़ता के साथ जमें हुए हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि कश्मीर के हिन्दुओं को सरकार के साथ ही साथ देश की जनता का साथ भी मिल रहा है।

मुस्लिम आतंकवादी संगठनों ने यह मान लिया कि अब आतंकवादी हिंसा के बल पर भारत को झुकाया नहीं जा सकता है, भारतीय सुरक्षा बलों के इरादों को तोड़ा-मरोड़ा नहीं जा सकता है। भारतीय सुरक्षा बलों की मजबूत सक्रियता के कारण मुस्लिम आतंकवादी सरगनाएं मारे भी जा रहे हैं। ऐसी स्थिति में इनकी नीति सिर्फयही है कि डर-भय का वातावरण तैयार करना और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपने लिए प्रचार पाना तथा भारत सरकार की छवि को नुकसान पहुंचाना। इसी लिए टारगेटेड किलिंग बढ़ती जा रही है। हिन्दू हथियार विहीन हैं, संख्या में भी कम है। इसलिए उनके नाम पूछ कर हत्या करने में उन्हें आसानी होती है। इसके पीछे एक चाल यह भी है कि अगर कश्मीर से हिन्दुओं को पूरी तरह से खदेड़ दिया जाये तो फिर उनकी आतंकवादी नीति काफी सुरक्षित हो जायेगी, उनके छुपने के लिए सुरक्षित जगह मिल सकती है। इसके अलावा प्रवासी मजदूरों की हत्या के पीछे भारत सरकार की विकास योजनाओं की गति को रोकना है। भारत सरकार ने कश्मीर के विकास के लिए कई योजनाएं चला रखी हैं।

कविता

नाटो का विस्तार और भारत

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

'नाटो' नामक सैन्य संगठन में अब यूरोप के दो नए देश भी जुड़नेवाले हैं। ये हैं- फिनलैंड और स्वीडन। इस तरह 1949 में अमेरिका की पहल पर बने 15 देशों के इस संगठन के अब 32 सदस्य हो जाएंगे। यूरोप के लगभग सभी महत्वपूर्ण देश इस सैन्य संगठन में एक के बाद एक शामिल होते गए, क्योंकि शीतयुद्ध के जमाने में उन्हें सोवियत संघ से अपनी सुरक्षा चाहिए थी और सोवियत संघ के खत्म होने के बाद उन्हें स्वयं को संपन्न करना था। फिनलैंड, स्वीडन और स्विटजरलैंड जान-बूझकर सैनिक गुटबंदियों से अलग रहे लेकिन यूक्रेन पर हुए रूसी हमले ने इन देशों में भी बड़ा डर पैदा कर दिया है। फिनलैंड तो इसलिए भी डर गया है कि वह रूस की उत्तरी सीमा पर अवस्थित है। रूस के साथ उसकी सीमा 1340 किमी की है, जो नाटो देशों से दुगुनी है। फिनलैंड पर हमला करना रूस के लिए यूक्रेन से भी ज्यादा आसान है। यूक्रेन की तरह फिनलैंड भी रूसी साम्राज्य का हिस्सा रहा है। सेंट पीटर्सबर्ग से मास्को जितनी दूर है, उससे भी कम दूरी (400 किमी) पर फिनलैंड है। द्वितीय महायुद्ध के बाद फिनलैंड तटस्थ हो गया लेकिन स्वीडन तो पिछले 200 साल से किसी भी सैन्य गठबंधन में शामिल नहीं हुआ। अब ये दोनों देश नाटो में शामिल होना चाहते हैं, यह रूस के लिए बड़ा धक्का है। उधर दक्षिण कोरिया भी चौगुटे (क्वाड) में शामिल होना चाह रहा है। ये घटनाएं संकेत दे रही हैं– नई वैश्विक गुटबाजी के! रूस और चीन मिलकर अमेरिका को टक्कर देना चाहते हैं और अमेरिका उनके विरूद्ध सारी दुनिया को अपनी छतरी के नीचे लाना चाहता है। यदि फिनलैंड और स्वीडन नाटो की सदस्यता के लिए अर्जी डालेंगे तो भी उन्हें सदस्यता मिलने में साल भर लग सकता है, क्योंकि सभी 30 देशों की सर्वानुमति जरुरी है। नाटो के महासचिव ने इन दोनों देशों का स्वागत किया है लेकिन मास्को ने काफी सख्त प्रतिक्रिया दी है। रूसी प्रवक्ता ने कहा है कि नाटो का यह विस्तार रूसी सुरक्षा के लिए सीधा खतरा है। रूस चुप नहीं बैठेगा। वह जवाबी कार्रवाई करेगा। वह फौजी, तकनीकी और आर्थिक कदम भी उठाएगा। रूस ने धमकी दी है कि वह फिनलैंड को गैस की सप्लाय बंद कर देगा। वह बाल्टिक समुद्र के तट पर परमाणु प्रक्षेपास्त्र तैनात करने की भी तैयारी करेगा। इन सब धमकियों को सुनने के बावजूद इन देशों की जनता का रूझान नाटो की तरफ बढ़ रहा है। इनकी 70-80 प्रतिशत जनता नाटो की सदस्यता के पक्ष में है, क्योंकि नाटो चार्टर की धारा 5 कहती है कि नाटो के किसी एक सदस्य पर किए गए हमले को सभी तीसों सदस्यों पर हमला माना जाएगा।

राजकुमार सिद्धार्थ कैसे बन गए महात्मा बुद्ध?

योगेश कुमार गोयल

सात सप्ताह के गहन चिंतन-मनन के बाद वैशाख मास की पूर्णिमा को 528 ई.पू. सूर्योदय से कुछ पहले उनकी बोधदृष्टि जागृत हो गई और उन्हें पूर्ण ज्ञान की प्राप्ति हो गई। उनके चारों ओर एक अलौकिक आभा मंडल दिखाई देने लगा। उनके पांच शिष्यों ने जब यह अनुपम दृश्य देखा तो उन्होंने ही राजकुमार सिद्धार्थ को पहली बार 'तथागत' कहकर संबोधित किया। 'तथागत' यानी सत्य के ज्ञान की पूर्ण प्राप्ति करने वाला। पीपल के जिस वृक्ष के नीचे बैठकर सिद्धार्थ ने बुद्धत्व प्राप्त किया, वह वृक्ष 'बोधिवृक्ष' कहलाया और वह स्थान, जहां उन्होंने यह ज्ञान प्राप्त किया, बोध गया के नाम से विख्यात हुआ तथा बुद्धत्व प्राप्त करने के बाद ही सिद्धार्थ को 'महात्मा बुद्ध' कहा गया। महात्मा बुद्ध मन की साधना को ही सबसे बड़ी साधना मानते थे।

प्रतिवर्ष वैशाख मास की पूर्णिमा को 'बुद्ध पूर्णिमा' के रूप में मनाया जाता है। दरअसल माना जाता है कि 563 ई.पू. वैशाख पूर्णिमा के ही दिन लुम्बनी वन में शाल के दो वृक्षों के बीच गौतम बुद्ध का जन्म हुआ था, जिन्होंने वैशाख पूर्णिमा को ही बोध गया में बोधि वृक्ष के नीचे बुद्धत्व प्राप्त किया था। यही कारण है कि बौद्ध धर्म में बुद्ध पूर्णिमा को सबसे पवित्र दिन माना गया है। गौतम बुद्ध का वास्तविक नाम सिद्धार्थ गौतम था। गौतम उनका गौत्र था किन्तु कालांतर में वह सिद्धार्थ गौतम, महात्मा बुद्ध, भगवान बुद्ध, गौतम बुद्ध, तथागत आदि विभिन्न नामों से जाने गए। बचपन से ही राजकुमार सिद्धार्थ घंटों एकांत में बैठकर ध्यान किया करते थे लेकिन फिर भी उन्होंने पुत्र जन्म तक सांसारिक सुखों का उपभोग किया परन्तु धीरे-धीरे उनका मन सांसारिक सुखों से उचाट होता गया।

सिद्धार्थ मन की शांति पाने के उद्देश्य से एक दिन भ्रमण के लिए अपने सारथी छेदक को साथ लेकर रथ में सवार हो महल से निकल पड़े। रास्ते में उनका मनुष्य की दुःख की चार घटनाओं से साक्षात्कार हुआ। जब उन्होंने दुःख के इन कारणों को जाना तो मोहमाया और ममता का परित्याग कर पूर्ण सन्यासी बन गए। सबसे पहले उन्होंने मार्ग में एक रोगी व्यक्ति को देखा और सारथी से पूछा, ''यह प्राणी कौन है और इसकी यह कैसी दशा है?''

सारथी ने बताया, ''यह भी एक मनुष्य है और इस समय यह बीमार है। इस दुनिया में हर व्यक्ति को अपने जीवन में कभी न कभी रोगी होकर दुःखों का सामना करना ही पड़ता है।''

आगे बढ़ने पर सिद्धार्थ ने मार्ग से गुजरते एक वृद्ध, निर्बल व कृशकाय व्यक्ति और उसके बाद एक मृत व्यक्ति की अर्थी ले जाते विलाप करते लोगों को देखा तो हर बार सारथी से उसके बारे में पूछा। सारथी ने एक-एक कर उन्हें मनुष्य की इन चारों अवस्थाओं के बारे में बताया कि हर व्यक्ति को कभी न कभी बीमार होकर कष्ट झेलने पड़ते हैं। बुढ़ापे में काफी दुःख झेलने पड़ते हैं, उस अवस्था में मनुष्य दुर्बल व कृशकाय होकर चलने-फिरने में भी कठिनाई महसूस करने लगता है और आखिर में उसकी मृत्यु हो जाती है।

सिद्धार्थ यह रहस्य जानकर बहुत दुःखी हुए। आगे उन्हें एक साधु नजर आया, जो बिल्कुल शांतचित्त था। साधु को देख सिद्धार्थ के मन को अपार शांति मिली और उन्होंने विचार किया कि साधु जीवन से ही मानव जीवन के इन दुखों से मुक्ति संभव है। बस फिर क्या था, देखते ही देखते सिद्धार्थ सांसारिक मोहमाया के जाल से बाहर निकलकर पूर्ण वैरागी बन गए और एक दिन रात्रि के समय पत्नी यशोधरा तथा पुत्र राहुल को गहरी नींद में सोता छोड़ उन्होंने घर-परिवार और राजसी सुखों का परित्याग कर दिया तथा सत्य एवं ज्ञान की खोज में एक स्थान से दूसरे स्थान पर भटकते रहे। उन्होंने छह वर्षों तक जंगलों में कठिन तप किया और सूखकर कांटा हो गए किन्तु ज्ञान की प्राप्ति न हो सकी। उसके बाद उन्होंने शारीरिक स्वास्थ्य व मानसिक शक्ति प्राप्त की और बोध गया में एक पीपल के वृक्ष के नीचे बैठकर गहन चिंतन में लीन हो गए तथा मन में दृढ़ निश्चय कर लिया कि इस बार ज्ञान प्राप्त किए बिना वे यहां से नहीं उठेंगे।

सात सप्ताह के गहन चिंतन-मनन के बाद वैशाख मास की पूर्णिमा को 528 ई.पू. सूर्योदय से कुछ पहले उनकी बोधदृष्टि जागृत हो गई और उन्हें पूर्ण ज्ञान की प्राप्ति हो गई। उनके चारों ओर एक अलौकिक आभा मंडल दिखाई देने लगा। उनके पांच शिष्यों ने जब यह अनुपम दृश्य देखा तो उन्होंने ही राजकुमार सिद्धार्थ को पहली बार 'तथागत' कहकर संबोधित किया। 'तथागत' यानी सत्य के ज्ञान की पूर्ण प्राप्ति करने वाला। पीपल के जिस वृक्ष के नीचे बैठकर सिद्धार्थ ने बुद्धत्व प्राप्त किया, वह वृक्ष 'बोधिवृक्ष' कहलाया और वह स्थान, जहां उन्होंने यह ज्ञान प्राप्त किया, बोध गया के नाम से विख्यात हुआ तथा बुद्धत्व प्राप्त करने के बाद ही सिद्धार्थ को 'महात्मा बुद्ध' कहा गया। महात्मा बुद्ध मन की साधना को ही सबसे बड़ी साधना मानते थे। अपने 80 वर्षीय जीवनकाल के अंतिम 45 वर्षों में उन्होंने दुनियाभर में घूम-घूमकर बौद्ध धर्म का प्रचार किया और लोगों को उपदेश दिए।

(लेखक 32 वर्षों से साहित्य और पत्रकारिता में निरन्तर सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार हैं)

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

कभी विवश मत करना किसी नदी

कभी विवश मत करना किसी नदी को सागर हो जाने के लिए। नदी जब तक नदी है तुम्हारी है। किन्तु सागर होते ही हो जाएगी नमकीन और खारी भी। फिर तुम उसे पी नही पाओगे जी भी नही पाओगे ।

ममत अमर

खास पाती | लोग मिलते हैं मिलते ही रहते

लोग मिलते हैं मिलते ही रहते है यह मिलने-जुलने की परंपरा जीवन-पर्यन्त चलता ही रहता है बस मिलने वालों के समय-समय पर चेहरे बदलते रहते हैं कुछ तो मिलकर कहीं खो जाते हैं कभी मुलाकात नहीं होती दुबारा यूँ कह लें यह मुलाकात भीड़ जैसी है पर होते हैं कुछ लोग एकांत और शांत झील की तरह जिनसे मिलना और मिलकर यादों में बसा लेना दिल को सुकून देता है कोशिशें करता है मन उनसे बार-बार मिलने की प्रकृति द्वारा निर्धारित ये लगाव दिल में एहसासों को सिंचित करता है और सच माने तो! इस आत्मीय रिश्ते में हर कोई बंधा होता है किसी न किसी से और जीता है ताउम्र भीनी-भीनी मुस्कुराहटों के साथ।

बबली सिन्हा वान्या

स्मृतियों में खो जाना अच्छा

स्मृतियों में खो जाना अच्छा लगता है, दर्द पीकर भी मुस्कुराना अच्छा लगता है! आँखों से छलका खारापन देता मिठास, गमों के साथ गुनगुनानाअच्छा लगता है! चुपके से ख्वाबों की दहलीज से गुजरना, बरबस ठिठक जाना अच्छा लगता है !!

-राज चुन्नी शर्मा

परिस्थिति हमारे अनुकूल नहीं

परिस्थिति हमारे अनुकूल नहीं होती बल्कि हमें परिस्थिति के अनुकूल होना पड़ता हैं इसी का नाम जिन्दगी हैं मेरे जिन्दगी वरन मर्यादा पुरुषोत्तम राम को किसी चीज की कमी नहीं थी फिर भी उन्हें वन में रहना पड़ा परिस्थितियों से ही हमें हर बार सीख मिलती हैं जो समय रहते सब समझ सीख लिया वही अग्रसर रहा सदैव।

सोनू कुमार आकाश

दो झुके नयनों ने जो दिनभर किया

दो झुके नयनों ने जो दिनभर किया संवाद लेकर मैं अयोध्या लौट आया लखनऊ से याद लेकर तीन झुमका, चार बोसा, पांच झप्पी, आठ कंगन रख दिया है पर्स में पूरा अमीनाबाद लेकर।

जतीन शुक्ला

तुम्हारी आँखों में मेरे उल्लास

तुम्हारी आँखों में मेरे उल्लास के सूरज उगते हैं कदम तुम्हारे, मेरी यात्राओं को नव आयाम देते हैं तुम्हारी उदासी नम कर देती है पलकें मेरी.. तुम्हारे सुख मेरे सुख को नव विस्तार देते हैं। **सरिता त्रिवेदी**

वरद हस्त सानिध्य आपका सदा

वरद हस्त सानिध्य आपका सदा हम पर बनाए रखना वंचित न हों भक्ति साधना से प्रीत अनुकम्पा का ध्यान रखना ! चहु ओर गुंजन ही श्रद्धा का ऐसा सुखमय वरदान देना पुष्प तुम्हारा नाम जपे जब स्थितियों को सम्भाल रखना!

पुष्पा त्रिपाठी

सोच रह थी कुछ यूँ ही बैठे-बैठे

सोच रह थी कुछ यूँ ही बैठे-बैठे ये जो हम नारी की आजादी शोषण इत्यादि पर बात करते हैं पूरुषों का विरोध करते हैं पर क्या सच !!! हम उनका विरोध करते हैं हम ही तो तो उनकी मंगल कामना करते हैं उनकी लम्बी उम्र के लिए पूजा व्रत और उपवास भी करते हैं तो फिर विरोध किसका करते हैं पूरुष का या खुद का नहीं उनके द्वारा किए गये अतिक्रमण का पर क्या सच!!! हम उनका विरोध कर पाते हैं शायद नहीं... तभी तो वो हम पर हमारी सोच पर हमारे जीवन पर राज करते हैं हम ऊपर से विरोध तो करते हैं पर मन के किसी कोने से उन्ही पूरुषो की मंगलकामना भी करते रहते हैं कैसी दोहरी सोच है एक दो धारी तलवार सी इधर चली तो भी कटी उधर चली तो भी कटी बस एक सोच। **डेज़ी जासवाल**

QUIZ TIME

1) किस राज्य द्वारा जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के योगदान के लिए उन्हें सम्मानित करने के लिए सुषमा स्वराज पुरस्कार नामक एक नए पुरस्कार के निर्माण की घोषणा की गई?

2) किस संस्थान ने दुनिया का पहला वन्यजीव संरक्षण बॉण्ड जारी किया?

3) भारत में किस बैंक ने एशियन बैंक ऑफद ईयर 2021 के लिए आईएफआर एशिया पुरस्कार जीता?

4) भारत द्वारा 17 मार्च, 2022 को किस देश को 1 अरब डालर की ऋण सुविधा प्रदान करने की मंजूरी दी गई?

5) रॉबर्ट अबेला को किस देश के प्रधानमंत्री के रूप में फिर से चुना गया?

Ramaquiz

उत्तरमाला-(1) हरियाणा (2) विश्व बैंक (3) एक्सिस बैंक (4) श्रीलंका (5) माल्टा

आज का इतिहास

नयी दिल्ली(वार्ता)। भारत एवं विश्व इतिहास में 16 मई की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैः 1606 रूस में दो हजार विदेशी नागरिकों की हत्या। 1875 वेनेजुएला और कोलंबिया में आये भूकंप से लगभग 16 हजार लोगों की मौत। 1877 फ्रांस में राजनीतिक संकट शुरू 1881 बर्लिन के पास लिस्टरफेलडर में बिजली से चलने वाली पहली ट्राम सेवा की शुरुआत। 1911- कलकत्ता (अब कोलकाता) में बने तल्लाह वाटर टैंक का निर्माण पूरा। इसे उस समय दुनिया का सबसे बड़ा ओवरहैड वाटर टैंक कहा गया था। 1920- फ्रांसीसी स्वतंत्रता सेनानी, सेनापति जॉन ऑफ आर्क को संत की उपाधि दी गयी। 1929 दुनिया भर में ऑस्कर पुरस्कारों के नाम से प्रतिष्ठित एकेडमी अवॉर्ड की शुरुआत। 1943- वॉरसॉ में यहूदी बस्तियों में चल रही लड़ाई ख़त्म हो गई। पुलिस और कमांडो दल ने 19 अप्रैल को इन बस्तियों में प्रवेश किया था। 1960 भारत और इंग्लैड़ के बीच टेलेक्स सेवा की शुरुआत। 1974: इस्राइल के लड़ाकू विमानों ने सात फ़िलिस्तीनी शरणार्थी शिविरों और दक्षिणी लेबनान के गांवों पर बम दागे। इन हमलों में 27 लोग मारे गए और 138 अन्य घायल हुए। 1975 सिक्किम देश का 22वां राज्य बना। 1991 महारानी एलिजाबेथ द्वितीय अमेरिकी कांग्रेस को संबोधित करने वाली पहली ब्रिटिश साम्राज्ञी बनीं। 1996 अटल बिहारी वाजपेयी भारत के 10वें प्रधानमंत्री बने। 1999 दक्षेस का वर्ष 2002 में होने वाला शिखर सम्मेलन थिम्पू में कराये जाने की घोषणा हुयी। 2004- टेनिस खिलाड़ी रोजर फ़ेडेरर ने हेम्बर्ग मास्टर्स ख़िताब जीता।

खारंग नदी में अवैध रेत उत्खनन जारी, अधिकारी अंजान

■ रेत माफिया मनमुताबिक कीमत में रेत बेच रहे

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले में रेत की अवैध उत्खनन पर रोक लगने के बावजूद ग्रामीण क्षेत्रों में खनन जारी है। सीपत क्षेत्र के ग्राम उरतुम स्थित खारंग नदी में रात व दिन रेत खनन और परिवहन खुलेआम चल रहा है। ज्यादातर रात के अंधेरे में नदी में जेसीबी मशीन लगाकर ट्रैक्टर,हाईवा रेत की खुदाई कर रहे हैं। दूसरी ओर पुलिस व राजस्व अधिकारियों को भनक तक नहीं है। रेत माफिया मनमुताबिक कीमत में रेत बेच रहे हैं। इससे शासन को राजस्व का भी नुकसान हो रहा है।

पांच माह पहले प्रदेश के मुख्यमंत्री सीएम बघेल ने प्रदेशभर में खनिजों का अवैध उत्खनन पर रोक लगाने के निर्देश दिए थे। इसकी जिम्मेदारी जिले के कलेक्टर और पुलिस अधीक्षकों को सौंपी गई थी। कुछ दिनों तक बिलासपुर जिले में तेजी के साथ कार्रवाई हुई। अवैध रेत उत्खनन व परिवहन से लेकर डंप करने वालों के खिलाफ कार्रवाही की गई। तब सभी नदी व नाला सूना पड़ गया था। बीते कुछ दिनों से नदी व नालों में फिर से अवैध खनन जारी हो गया है। रेत माफिया रात के समय ग्रामीण क्षेत्र के नदियों में खोदाई करवा रहे हैं। जिला प्रशासन तक शिकायत भी पहुंच रही है। लेकिन अधिकारी कार्रवाई करने में कोई रूची नहीं दिखा रहे हैं।

पुल कमजोर हो गया

रेत माफिया लखराम एनिकट उरतुम नदी में सीपत, मटियारी, मोहरा गांव को जोड़ने के लिए पुल का निर्माण किया गया है। पुल को बने करीब 18 साल हो गया है। अब काफी पुराना भी हो गया है। रेत माफिया पुल के आसपास भी खनन कर रहे हैं। इसके चलते पिलर कमजोर हो गया है। किसी भी दुर्घटना हो सकती है।

महिला मजदूरों का उपयोग कर रहे हैं

रेत माफिया विरोध को देखते हुए महिला मजदूरों को लेकर नदी पहुंचते है। रेत खोर्दा कर ट्रेक्टरों में लोड करवाते हैं। इस बीच कोई ग्रामीण विरोध करने पहुंचते हैं तो महिलाएं सामने आकर विवाद करने लगती हैं। झूठे केस में फंसाने की धमकी देते हैं। इसेस ग्रामीण पीछे हट जाते हैं।

जोंधरा क्लीनिक में डॉक्टर नहीं, मरीज भटकने को मजबूर

फाईल फोटो

■ स्वास्थ्य विभाग ने 30 गांवों की सूची बनाई

बिलासपुर/नवप्रदेश। मस्तूरी क्षेत्र के ग्राम निरतू, जुनवानी, जोंधरा समेत अलग-अलग गांवों के क्लीनिक में न डाक्टर रहते हैं और न ही नर्स समय पर पहुंचती हैं। इसके अलावा यहां स्टाफ की भारी कमी है। जोंधरा गांव के क्लीनिक में डाक्टर ही नहीं है। जुनवानी क्लीनिक में आठ माह से नर्स गायब है। इससे मरीजों को समय पर इलाज नहीं मिल रहा है। जिले के हाट बाजार के आसपास संचालित क्लीनिकों में डाक्टरों की भारी कमी है। इससे मरीजों को इलाज की सुविधा नहीं मिल रही है। मस्तूरी क्षेत्र के जोंधरा में क्लीनिक की सुविधा उपलब्ध है। लेनिक यहां डाक्टर नहीं होने के ग्रामीणों का इसका लाभ नहीं मिल रहा है। समय पर नर्स भी नहीं आ रही हैं। इसके अलावा बिल्हा क्षेत्र में भी सरकारी क्लीनिक संचालित करने की मांग की गई है।

स्वास्थ्य विभाग ने 30 गांवों की सूची बनाई है। जहां क्लीनिक खोलने की तैयारी चल रही है। बिल्हा के भटगांव, हरदी, मदनपुर, बसिया समेत अन्य गांवों में स्वास्थ्य सुविधा बहाल करने के लिए क्लीनिक खोला जाएगा। इससे आसपास के ग्रामीणों को स्थानीय स्तर इलाज उपलब्ध हो सके। अभी गांवों के मरीजों को सिम्स व जिला अस्पताल जाना पड़ता है। इससे उन्हें कई प्रकार के परेशानी का सामना करना पड़ता है।

आने जाने में पैसे भी खर्च होते हैं। गरीब परिवार के सदस्य बिलासपुर भी नहीं पहुंच पाते हैं। तबियत बिगड़ने से मरीजों को जान गवांना पड़ जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि स्थानीय स्तर पर क्लीनिक शुरू होने पर बहुत राहत मिलेगी। शासन को इस दिशा में तेजी से काम करना चाहिए। अलग-अलग ब्लाक में संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ठीक से दवाई तक नहीं मिलती है। क्लीनिक शुरू होने पर डाक्टर गांव में ही उपलब्ध हो जाएंगे। बिलासपुर व जनपद तक जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। इससे आने जाने का पैसा बचेगा। समय से पहले प्राथमिक इलाज मिलेगा। गंभीर परेशानी होने पर ही बड़े अस्पताल जाना होगा। अन्यथा गांव में ही मरीजों का इलाज होगा।

जनचौपाल लगाने कांग्रेस की हुई बैठक

मुंगेली/नवप्रदेश। स्थानीय कांग्रेस भवन मे शहर कांग्रेस कमेटी की बैठक आयोजित की गइ जिसमे नगर मे कांग्रेस के द्वारा किए गए। विकास कार्य एव आमजन की समस्याओं को जानने एवं निराकरण करने के उदेश्य से चलाए जाने वाले कार्यक्रम के संबंध में शहर में लगाए जाने वाले चौपाल के संबंध में शहर कांग्रेस कमेटी के सदस्यों से विचार विमर्श किया गया। जन चौपाल' 'लगाकर लोगों की समस्याओं का निराकरण करने का प्रयास किया जाएगा। शहर कांग्रेस अध्यक्ष स्वतंत्र मिश्रा ने कहा इस कार्यक्रम के माध्यम से आम जनता की तकलीफ निवारण के लिए संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर उनके समस्याओं एवं कार्य को वहां तक पहुंचाने एवं उसे दूर करने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा।

अब कानन जू में चीतलों के केज में मिलेगी पेड़ों की छावं

■ कानन जू प्रबंधन लगाएगा बड़े पौधे, सामने का हिस्सा में नजर आएगा सुंदर

बिलासपुर/नवप्रदेश। कानन पेंडारी जू में चीतल अब पेड़ की छाव में आराम करते नजर आएंगे। जू प्रबंधन प्रबंधन ने चीतलों के लिए बड़े पौधे लगा रहा है। इसके अलावा सुरक्षा के लिए पौधे को ईंट के ट्री- गार्ड से घेरा जाएगा। साथ ही सामने के हिस्से का भी सुंदरीकरण किया जा रहा है। अन्य केज की तरह इसमें भी पर्यटक एक निश्चित दूरी से चीतलों का दीदार करेंगे। अभी केवल जाली लगी है। जिसके कारण पर्यटक चीतलों के नजदीक पहुंच जाते हैं। इस चिड़ियाघर में यदि सबसे बड़ा केज है तो वह चीतलों का है। एक एकड़ से भी अधिक दायरा में फैले इस केज में वर्तमान में केवल एक जगह ही छाव है, जहां चीतलों का झुंड पहुंचता है। यही उनके लिए खाना व दाना की व्यवस्था की गई है।

यहां के अलावा चीतलों के इतने बड़े केज में हरियाली नहीं है। बंजर सा नजर आता है। जू प्रबंधन ने इस कमी को महसूस किया और चीतलों के केज में कुछ पौधे लगाने का निर्णय लिया। जिस जगह पर हरियाली लाई जाएगी, उसे चिंहित भी कर लिया गया है। जू प्रबंधन का कहना है कि इस वन्यप्राणी की संख्या सबसे तेजी से बढ़ती है। इनकी शिफ्टिंग की योजना भी है। आने वाले दिनों में 50 और चीतलों की शिफ्टिंग होनी है। इसके पहले केज को हरा- भरा किया जा रहा है, ताकि चीतल पेड़ की छाव के नीचे रह सके। इसके साथ ही केज व पर्यटकों के बीच एक निश्चित दूरी की योजना भी है। इसके लिए केज में जहां जाली लगी है उसके सामने सुंदरीकरण का कार्य किया जाएगा। इससे पर्यटक दूर से चीतलों को देख सकेंगे। अभी की व्यवस्था में चीतलों को हर पल खतरा रहता है। पर्यटक खाने- पीने की चीजें केज के अंदर डाल देते हैं। जिसके कारण चीतलों की सेहत पर असर पर पड़ने की आशंका रहती है। पर इस कार्य के बाद यह आशंका भी दूर हो जाएगी।

झूठे केस में फंसाने वाले आबकारी इंस्पेक्टर के खिलाफ कार्रवाई की मांग

बिलासपुर। बिलासपुर सेंट्रल जेल में बंद युवक की संदिग्ध मौत के बाद मृतक के स्वजनों ने आरोप लगाया है कि आबकारी विभाग के एक इंस्पेक्टर ने झूठे केस में फंसाकर छोटे लाल यादव को जेल भेजा था। जबकि उसके पास से शराब मिली ही नहीं थी, जहां उसकी मौत हो गई। रविवार को मृतक के स्वजनों ने पचपेड़ी थाने में वर्मा के खिलाफ शिकायत की है।

मस्तूरी के चिल्हाटी के रहने वाले दिलहरण यादव पिता चैतू राम यादव ने अपनी शिकायत में बताया कि उनके छोटे भाई चैतू लाल यादव के घर में 10 मई की सुबह आठ बजे आबकारी विभाग के इंस्पेक्टर समेत 15 सिपाही घुस गए। सभी कमरे की तलाशी ली, लेकिन शराब नहीं मिली। इसके बाजवूद आबकारी इंस्पेक्टर ने जबरन शराब बेचते हो कहते हुए धक्का मारते हुए चैतू को साथ ले गए। अपने कब्जे में लेकर इंस्पेक्टर ने उसके साथ जमकर मारपीट की। जबरन 20 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार करने का झूठी केस बनाकर उसे जेल भेज दिया था। मारपीट से अंदरूनी रूप से गंभीर चोट आई थी। इसके चलते चैतू की मौत हो गई।

कलेक्टर ने हॉऊसिंग बोर्ड कॉलोनी का किया निरीक्षण

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने रविवार सुबह जिला मुख्यालय के समीप ग्राम करही में स्थित ट्रांजिट हॉस्टल और ग्राम खेढ़ा में स्थित पीडब्लूडी कॉलोनी व हॉऊसिंग बोर्ड का आकस्मिक निरीक्षण कर सुविधाओं के जायजा लिया। उन्होंने ट्रांजिट हॉटल, पीडब्लूडी व हॉऊसिंग बोर्ड कॉलोनी में पेयजल, बिजली आदि सुविधा की जानकारी ली। ट्रांजिट हॉस्टल को व्यवस्थित करने और नियमित साफ -सफ ाई कराने तथा हॉऊसिंग बोर्ड कॉलोनी में तार फेसिंग कराने के संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। इस अवसर पर वनामण्डलाधिकारी, मुंगेली एसडीएम सहित संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

बिलासपुर के ट्रांसपोर्ट नगर में जमीन की रजिस्ट्री पर रोक हटाने की उठी मांग

■ मोटर पाट्र्स एसोसिएशन संघ ने विधायक शैलेष पांडेय को सौंपा ज्ञापन

बिलासपुर/नवप्रदेश। ट्रांसपोर्ट नगर की जमीन की रजिस्ट्री पर लगी रोक हटवाने की मांग को लेकर मोटर पाट्र्स एसोसिएशन संघ ने नगर विधायक शैलेष पांडेय से मिले। ज्ञापन सौंपकर समस्या का समाधान करने की मांग की है। पदाधिकारियों ने बताया कि रजिस्ट्री पर रोक लगने के कारण व्यापारियों को कई तरह की परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके चलते यहां व्यापार कर पाना मुश्किल हो रहा है। जमीन की रजिस्ट्री शुरू होने से व्यापारियों को अपने व्यवसाय को बढ़ाने का मौका मिलेगा। इससे जिला प्रशासन को राजस्व का फायदा भी होगा। यहां बड़े स्तर पर व्यापार किया जाएगा।

मोटर पाट्र्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हिरदेश लुगन ने बताया कि ट्रांसपोर्ट नगर के दुकानदारों को कई प्रकार की परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कोई व्यवसायी अपने साथी व्यापारी की जमीन या दुकान खरीदकर अपने व्यवसाय को बढ़ाना चाहता है लेकिन रजिस्ट्री नहीं होने के कारण दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। जबकि प्रदेश के अन्य शहरों के ट्रांसपोर्ट नगर में आवंटित जमीन तीन साल के बाद हस्तांतरण के रजिस्ट्री हो रही है।

वर्तमान में जमीन और दुकानों का हस्तांतरण 50 रुपये के स्टांप में लाटरी के माध्यम से किया जा रहा है। यहां नामांतरण की सुविधा भी उपलब्ध नहीं है । इसके चलते व्यवसायी अपने व्यापार का विस्तार नहीं कर पा रहे हैं। दूसरी ओर भू भाटक और संपत्ति कर दोनों का भुगतान लिया जा रहा है। प्रतिबंध हटने पर ट्रांसपोर्ट नगर में तेजी से व्यापार बढ़ेगा।

इससे आम जनता को फायदा मिलेगा। ट्रांसपोर्ट नगर की जमीन को भी अन्य जगह की तरह फ्रीहोल्ड कर दिया जाए। इस दौरान विधायक शैलेष पांडेय ने कहा कि मामले को उच्चाधिकारियों के सामने रखेंगे। इसके बाद उन्होंने तत्काल विभागीय सचिव से बातचीत की। विधायक पांडेय ने बताया कि एक आवेदन संबंधित मंत्री के सामने पेश कर समस्या को दूर करने का प्रयास किया जाएगा।

बारिश से पहले नाले-नालियों को साफ करने को निगम ने छेड़ा अभियान

■ अब तक 71 नालों की सफाई की जा चुकी है, 15 नालों में काम जारी

बिलासपुर/नवप्रदेश। नगर निगम ने बारिश से पहले शहर के सभी प्रमुख नाला-नालियों को साफकरने का अभियान शुरू कर दिया है। कमिश्नर अजय त्रिपाठी के निर्देश पर सभी जोन में नालों का सफाई कार्य जारी है। जिसमें अब तक आठ जोन में 71 नालों का सफाई कार्य पूरा कर लिया गया है तथा 15 नालों में सफाई कार्य जारी है। आने वाले दिनों में बचे हुए 31 नालों को भी साफ किया जाएगा। बारिश के दौरान नाला-नाली जाम न हों और शहर में जल भराव की स्थिति उत्पन्न् न हों इसके लिए बरसात के पहले सभी प्रमुख नालों के सफाई के निर्देश कमिश्नर अजय त्रिपाठी द्वारा दिए गए है। सफाई विभाग और जोन द्वारा आदेश पर अमल करते हुए शहर के नालों को साफकरने विशेष अभियान चलाया जा रहा है। नगर निगम के आठ जोन में कुल 117 नाले हैं जिस पर सफाई अभियान चलाया जा रहा है। उनमें से 71 नालों को साफ कर लिया गया है, 15 नालों पर सफाई कार्य जारी है। रोजाना सफाई की रिपोर्ट निगम मुख्यालय में देने का भी निर्देश दिया गया है।

बारिश पूर्व की तैयारी

नगर निगम आयुक्त अजय त्रिपाठी ने बताया कि बारिश पूर्व की तैयारी है। शहरी के सभी प्रमुख नालों की सफाई की जा रही है। यह काम आने वाले 15 दिनों के भीतर पूरा कर लिया जाएगा। वहीं ऐसे क्षेत्र की भी सूची बना ली गई है, जहां पर जलभराव की स्थिति बनती है। जहां पर इस बार जल भराव न हो इसके लिए काम किया जाएगा। पहले से ही पानी निकासी का मार्ग तैयार किया जाएगा। इससे जैसे ही पानी भरने की स्थिति होगी, वैसे ही पानी निकासी के लिए बनाई गई वैकल्पिक नालियों का उपयोग किया जाएगा। ऐसे में पानी भरने की समस्या इस बार नहीं होगी।

लाइवलीहुड कॉलेज पहुंचे कलेक्टर

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर ने जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने वहां कम्प्यूटर लैब रूम, सिलाई मशीन कक्ष, प्रशिक्षण कक्ष, शौचालय आदि का निरीक्षण किया। कम्प्यूटर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवाओं से भी चर्चा की और वहां उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि युवाओं का बेहतर कौशल विकास कर उन्हें रोजगार के अवसर भी उपलब्ध कराएं। उन्होंने लाइवलीहुड कॉलेज में प्रशिक्षण से संबंधित अन्य गतिविधि भी शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आसपास क्षेत्र के युवाओं के आर्मीट्रेनिंग हेतु आवश्यक सुविधा भी उपलब्ध कराया जाए। सहायक परियोजना अधिकारी निखाज कुरैशी ने बताया कि जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज में 10 बैगा हितग्राहियों को कम्प्यूटर प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

बिलासपुर के गिरजाघरों में स्टीवर्ट-शिप संडे मनाए मसीही समाज के लोग

■ ईश्वर से मिले समय, वरदान व आशीर्ष को समर्पित करने का ले रहे संकल्प

बिलासपुर। रविवार को बिलासपुर समेत प्रदेशभर के मसीही समाज के लोग सभी गिरजाघरों में स्टीवर्ट-शिप संडे उत्सव मनाया जा रहा है। इस अवसर पर समाज के लोग ईश्वर से मिले समय, वरदान, आशीष को समर्पित करने का संकल्प ले रहे हैं। एक दूसरे के सहयोग भाव, सम्मान करने के लिए प्रेरितत कर रहे हैं। वहीं परमेश्वर का अनुसरण करने के लिए लोगों को जागरूक किया जाएगा। इस दौरान सभी गिरजाघरों में भारी संख्या में समाज के सभी सदस्य उपस्थित रहे। धूमधाम से स्टीवर्ट-शिप संडे मनाएंगे। विश्व और समाज के बेहतरी के लिए परमेश्वर से आशीष लेंगे।

स्टीवर्ट-शिप संडे यानी भंडारीपन रविवार मनाया जाएगा। इस दिन मसीहीजन अपना टाइम, टेलेंट व ट्रेजर यानी ईश्वर प्रदत्त समय, वरदान और आशीषों को समर्पित करने का संकल्प लेंगे। ताकि वे आत्मिक रूप से परमेश्वर की और भी जनदीकी मेंजीवन व्यतीत करें। छत्तसगढ़ डायसिस के प्रवक्ता और टीवर्ट-शिप कमेटी के सचिव जान राजेश पाल ने बताया कि स्टीवर्ट-शिप संडे 15 मई को पूरी छत्तीसगढ़ डायसिस में बिशप द राइट अजय उमेश जेम्स की अगुवाई में मनेगा।

पति से झगड़ाकर छोड़ा घर, बिलासपुर स्टेशन पर आरपीएफने स्वजनों से मिलाया

■ आरपीएफकी समझाइश के बाद पति घर लेकर गया

बिलासपुर/नवप्रदेश। पति से झगड़ा होने के बाद एक महिला बच्चे को लेकर घर छोड़कर चली गई। रेलवे स्टेशन में जब आरपीएफ ने उन्हें देखा तो महिला ने आप बीती बताई। चूंकि इस तरह घर छोड़ना गलत था। इसलिए आरपीएफ ने महिला को पहले समझाकर पोस्ट लेकर आए। इसके बाद स्वजनों को सूचना दी गई। स्वजनों को समझाइश के बाद महिला को घर लेकर गए।

महिला तिल्दा की निवासी है। दो साल के बच्चे को लेकर वह प्लेटफार्म दो- तीन में बैठी हुई थी। वह गुमसुम बैठी महिला को देखकर आरपीएफकी महिला आरक्षक सपना अहिरवार उनके पास पहुंची। इसी बीच उनसे परेशानी पूछी। लेकिन वह कुछ बताने को तैयार नहीं थी। बार- बार पूछने पर महिला यात्री ने जानकारी दी की पति किसी को लेकर झगड़ा हो गया है। वह ससुराल में नहीं रहना चाहती। इसलिए वह घर छोड़कर जा रही है। पर कहां जाएगी, क्या करेगी यह ठीक से बता नहीं पाई। आरपीएफ को लगा की थोड़ी नाराज है और गुस्से की वजह से नुकसान महिला का ही होना है। इसलिए आरक्षक ने पोस्ट प्रभारी भास्कर सोनी को इसकी जानकारी दी। पोस्ट प्रभारी ने आरक्षक को निर्देश दिया की महिला को समझाकर आरपीएफ पोस्ट लेकर आए।

आरक्षक के कहने पर गई घर

वह आरक्षक की बात मान गई और पोस्ट में आई। वह ससुराल नहीं जाना चाहती थी। लेकिन आरपीएफ के बार-बार समझाने पर वह मान गईं। महिला ने आरपीएफ से कहा कि आपसी मनमुटाव को दूरकर पति के साथ रहना चाहती हूं। इसके बाद पति व स्वजनों को सूचना देकर बिलासपुर आरपीएफपोस्ट बुलाया गया। जानकारी मिलते ही स्वजन बिलासपुर पहुंचे। यहां उनके बीच बातचीत कराई गई और यह भी कहा गया कि थोड़ी देर की नाराजगी से बड़ा नुकसान हो सकता है। इसलिए नाराजगी दूर करें। पति ने आरपीएफको आश्वासन दिया की अब दोबारा किसी बात को लेकर झगड़ा नहीं करेगा। इसके बाद महिला को उनके सुपुर्द कर दिया गया।

नगर पालिका अध्यक्ष ने नई रोड निर्माण के लिये भूमिपूजन किया

मुंगेली/नवप्रदेश। शिवाजी वार्ड में नगर पालिका अध्यक्ष हेमेंद्र गोस्वामी ने नई रोड निर्माण के लिये भूमि पूजन किया। बरसात में इस कच्ची रोड पर चलने के लिए बहुत दिक्कत होती थी। लंबे समय से मोहल्लेवासियों की मांग को ध्यान में रखकर नगर पालिका में रोड निर्माण का कार्य प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रुप से नगर पालिका अध्यक्ष हेमेंद्र गोस्वामी, नगर पालिका उपाध्यक्ष मोहन मल्लाह, राकेश पात्रे, स्वतंत्र मिश्रा, सोम वर्मा, संजय यादव, पार्षद संजय सिंह, पार्षद जितेंद्र दावड़ा, मोहन भोजवानी, सूरज यादव, उत्तम बजाज, सोंनती लखवानी सहित मोहल्लावासी उपस्थित रहे।

समस्या... वाल्व की खराबी, तालापारा में फिर पानी नहीं, मोहल्लेवासियों में भारी आक्रोश, दो दर्जन से अधिक क्षेत्रों में पानी की समस्या

व्यापार विहार मुख्य पानी टंकी का वाल्व खराब होने से पेयजल संकट

बिलासपुर/नवप्रदेश। तालापारा में जलसंकट खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। शनिवार को भी क्षेत्र के हजारों लोगों को पानी की समस्या का सामना करना पड़ा था। शनिवार की सुबह व्यापार विहार मुख्य टंकी का वाल्व खराब होने की वजह से पानी सप्लाई बाधित रही। रविवार को भी प्रभाव पड़ने की आशंका है। इसी तरह तारबाहर क्षेत्र में भी पानी की समस्या बनी रही है। जहां पानी तो पहुंचा, लेकिन आधे घंटे ही सप्लाई हो सकी। पूरे शहर में पानी को लेकर ऐसा ही हाल बना है, ऐसे में लगभग आधे शहर में पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

तमाम इंतजाम के बीच मई की भीषण गर्मी के बीच नगर निगम का जल विभाग घरों तक पानी पहुंचाने में विफल हो गया है। पहले ही साफकर दिया गया था कि मई आते ही गर्मी अपने पूरे शबाब में रहेगी। ऐसे में बोर सूखने, बोर खराब होने के साथ ही पानी सप्लाई के काम में खामियां आएंगी, लेकिन इनसे निपटने की व्यवस्था एक बार फिर नाकाफी साबित हो गई है। इसका सबसे ज्यादा दुष्प्रभाव शहर के तालापारा क्षेत्र के रहवासियों को सहना पड़ रहा है। शनिवार को भी क्षेत्र के वार्ड 23, 25, 26, 27 में पानी सप्लाई बाधित रही। इस क्षेत्र में जहां के बोर चले है उस क्षेत्र में पानी आया है। वहीं जिन क्षेत्रों में व्यापार विहार मुख्य पानी टंकी से पानी सप्लाई की जाती है, उन क्षेत्र में पानी नहीं आया है, क्योंकि एक फिर टंकी का वाल्व खराब हो गया।

इसकी वजह से एक हजार से ज्यादा घरों में पानी नहीं पहुंच पाया है। इसी तरह तारबाहर क्षेत्र में भी पानी की समस्या बनी रही है। पानी सप्लाई तो की गई, लेकिन महज 20 से 30 मिनट तक ही घरों में पानी पहुंचा। उसकी धार भी पतली रही। ऐसे में यहां भी बामुश्किल घरों में दो तीन बाल्टी पानी ही मिल पाया है। इधर निगम की टीम वाल्व बनाने के काम में लगी रही, लेकिन देर रात तक काम पूरा नहीं हो पाया है। ऐसे में आशंका है कि रविवार को भी क्षेत्र में पानी की समस्या रहेगी।

लगातार बोर हो रहे खराब

बोर से ज्यादा मात्रा में पानी निकाला जा रहा है, ऐसी में कई बोर में खराबी आ जा रही है। वही लगातार दिनों में जलस्तर भी घटता जा रहा है। ऐसे में बोर के सूखना भी चालू हो गया है। यह समस्या पूरे शहर में हो रही है। ऐसे में किसी न किसी रूप में आधे शहर को पानी के लिए जद्दोजहद करनी ही पड़ रही है।

अधिकारी नहीं उठा रहे फोन

पार्षद रामा बघेल का कहना है कि तालापारा क्षेत्र में पिछले चार-पांच दिनों से पेयजल संकट हो रहा है। निगम का जल अमला इन समस्याओं को दूर नहीं कर पा रहा है। ऐसे में रहवासियों में रोष व्याप्त है। लोग व जनप्रतिनिधि नगर निगम के संबंधित अधिकारियों को लगातार फोन कर रहे हैं, लेकिन अब अधिकारियों ने फोन उठाना तक बंद कर दिया है। समस्या का कोई स्थायी हल नहीं निकल पा रहा है।

शहर के इन क्षेत्रों में हो रही पानी की समस्या

शहर अंतर्गत तालापारा, तारबाहर, जरहाभाठा मिनी बस्ती, अशोक नगर सरकंडा, शांति नगर, तोरवा, जोरापारा, सिरगिट्टी, तिफरा, मंगला, भारतीय नगर, अज्ञेय नगर, व्यापार विहार क्षेत्र, जोरापारा आदि क्षेत्र में पानी की समस्या शुरू हो चुकी है। आने वाले दिनों में और भी क्षेत्रों में पानी की समस्या होने की आशंका है।

नहीं भर पा रहीं टंकियां

शहर में पानी सप्लाई के लिए 52 पानी टंकी का उपयोग हो रहा है। लेकिन, पानी की खपत इतनी बढ़ गई है कि पानी टंकियां भर नहीं पा रही हैं। ऐसे में घरों में क्षमता के अनुरूप पानी नहीं पहुंच पा रहा है। टंकी के नहीं भरने से नलों की रफ्तार भी धीमी हो जा रही है।

बीजापुर से मंचिर्याल तेलगांना तक बस सेवा शुरू

■ विधायक मंडावी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

भोपालपट्टनम/नवप्रदेश। जिलेवासियों की मांग पर विधायक विक्रम शाह मंडावी बीजापुर से मंचिर्याल तक चलने वाली तेलंगाना राज्य परिवहन की बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस बस के शुभारंभ में जिला पंचायत अध्यक्ष- शंकर कुड़ियम, कलेक्टर बीजापुर- राजेन्द्र कटारा, जिला पंचायत सीईओ रवि साहू, एसडीएम- हेमेन्द्र भुआर्य, जिला मुख्यालय के गणमान्य नागरिक, व्यापारी उपस्थित रहे। तेलंगाना राज्य परिवहन की बस सुबह 7 बजे बीजापुर से रवाना होकर मद्देड़, भोपालपटनम, आसरेली, सिरोंचा, और चेन्नूर होती हुए 11 बजे मंचिर्याल पहुंचेगी। वहीं मंचिर्याल से 4 बजे शाम को रवाना होकर देर शाम 9 बजे बीजापुर पहुंचेगी। इससे दोनों राज्यों के यात्रियों को काफी सहूलियत होगी। लेकिन यक्ष प्रश्न बना हुआ है, क्या महाराष्ट्र राज्य परिवहन की बस व तेलंगाना राज्य परिवहन विभाग की बस का भोपालपटनम से गंतव्य स्थान तक निकलने के बीच लगभग आधा घंटा का फासला है। एक बस सिरोंचा तो दूसरी बस मंचिर्याल तक पहुंचेगी। इन दोनों अंतर्राज्यीय बस में शासकीय मापदंडों के अनुसार यात्रियों से किराया लिया जाता है। दोनों बस रवाना होने के बाद महाराष्ट्र की काली पीली टेक्सी यात्रियों की जेब पर सीधा डाका डालते हैं। ये टेक्सियों भोपालपटनम से आसरेली जो कि मात्र 22 किमी की दूरी पर है वहां का किराया 100 और सिरोंचा 54 किमी का 150 रुपए लेते हैं।

इसी प्रकार भोपालपटनम से तारलागुड़ा 35 किमी की दूरी पर है वहां का किराया 100 से 120 रूपये लेते हैं। लोगो का कहना है कि हैदराबाद बस जो कि भोपालपटनम से रवाना होती है उसका भी किराया 1000 रुपए है। वहीं वारंगल का किराया 900 रुपए है। जिले के परिवहन विभाग को अनेकों बार आगाह किया किन्तु वह और उसके अधिकारी कुंभकर्ण की निद्रा से ग्रसित है।

दोनों राज्यों में लोगों का लगा रहता है आना-जाना

वर्षों से बीजापुर जिले वासियों का तेलंगाना और महाराष्ट्र से रोटी- बेटी का रिश्ता है। दो राज्य में लोगों का आना- जाना लगा रहता है. जिले के मेहनतकश मजदूर और किसानों व गरीब लोग मजबूर होकर मन मारकर अधिक किराया देकर यात्रा करते हैं। विधायक से उम्मीद लगाए बैठे है कि तेलंगाना राज्य परिवहन की बस वारंगल व्हाया एटुनगरम् तारलागुड़ा होते हुए भोपालपटनम और दूसरा वारंगल व्हाया कालेश्वरम् होते हुए सिरोंचा मार्ग से भोपालपटनम तक चलवाने मांग की है। इस संबंध में विधायक को आवेदन पत्र दिया था जिसमें भोपालपटनम के प्रतिनिधिमण्डल नें भी विधायक से मुलाकात कर उक्त मांग से अवगत कराया।

अंतरराज्यीय बस चलाने के लिए प्रतिबद्ध

मुलगु विधायक सितक्का से तेलंगाना राज्य परिवहन बस बीजापुर चलाने के लिए बुद्धिजीवियों ने मांग की तो उन्होने कहा कि अगर आपका जिला प्रशासन एक पत्र तेलंगाना राज्य परिवहन विभाग से बस की मांग करता है तो मैं स्वयं उस पत्र के जरिये अंतरराज्यीय बस चलवाने के लिए प्रतिबद्ध हूं। इस पर विधायक मण्डावी को गंभीरता से विचार करना होगा। इस क्षेत्र के व्यापारी और बीमारी से ग्रसित मरीज अपना ईलाज कराने तेलंगाना जाते हैं क्योंकि जगदलपुर या रायपुर के पहले ही वह वारंगल पहुंच जाता है। व्यापारी के लिए भी तेलंगाना राज्य मुफीद है। बीजापुर जिले के अनेक छात्र तेलंगाना राज्य में पढ़ने जाते हैं. साथ ही कई कर्मचारी, अधिकारी व अन्य लोग जो अन्य राज्यों के है जिन्हें रायपुर से रेल यात्रा करना है उन्हें भी तेलंगाना राज्य से रेल की यात्रा कर सकेंगे, जिससे कि उन्हें समय और अन्य खर्चे पर बचत होगी।

सीए बनकर जिले का मान बढ़ाना चाहती हैं लिसा लोहिया

सुकमा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित हो चुके हैं। इसमें सुकमा जिले के दो होनहार छात्रों ने प्रदेश टॉप 10 में अपनी जगह बनाई है। कलेक्टर विनीत नंदनवार ने दोनो छात्रों से मुलाकात कर उन्हें इस सफलता पर बधाई दी व आगे और बेहतर करने के लिए प्रोत्साहन दिया। उन्होंने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जिला मुख्यालय के माहेश्वरी पारा निवासी लिसा लोहिया ने 94.80 प्रतिशत अंक लाकर 12वीं बोर्ड परीक्षा में जिले भर में टॉप किया है। प्रादेशिक स्तर पर लिसा ने 7वां स्थान हासिल किया है। आईएमएसटी विद्यालय से कक्षा 12वीं की पढ़ाई करने वाली लिसा ने बताया की वह भविष्य में एक सफल चार्टर्ड अकाउंटेंट बनना चाहती हैं। 10 बोर्ड परीक्षा में 95.34 प्रतिशत अंकों के साथ स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल सुकमा के छात्र राहुल चांडक ने जिले में प्रथम स्थान हासिल किया। उन्होंने बताया की स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में उच्च स्तरीय शिक्षा प्रदान की जाती है, इसी का परिणाम है की बोर्ड परीक्षा में उन्होंने इतने अंक लाए। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा और कुशल शिक्षकों के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रति आभार प्रकट किया। राहुल ने बताया की आगे वे गणित लेकर पढ़ना चाहते है, और इंजीनियर के रूप में अपना भविष्य संवारना चाहते हैं।

सहकारी समितियों में बीज उपलब्धता बनाए रखे : कलेक्टर

कांकेर/नवप्रदेश। कलेक्टर चन्दन कुमार ने जिला अधिकारियों की बैठक लेकर जनचौपाल एवं विशेष ग्रामीण सचिवालय में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की समीक्षा करते हुए सभी आवेदनों का गुणात्मक ढंग से निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया है। उन्होंने प्रत्येक विभाग को प्राप्त आवेदनों और उसके निराकरण की विस्तृत समीक्षा किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। राजस्व, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, छत्तीसगढ़ विद्युत मण्डल, वन विभाग, समाज कल्याण, स्वास्थ्य विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, क्रेडा, महिला एवं बाल विकास, आदिवासी विकास विभाग, शिक्षा विभाग,

श्रम विभाग, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, कृषि, उद्यानिकी इत्यादि विभागों को प्राप्त आवेदनों की निराकरण की उनके द्वारा गहन समीक्षा किया गया। जिले के सभी सहकारी समितियों में बीज की उपलब्धता बनाये रखने के लिए नोडल अधिकारी निर्देशित किया गया। शहरवासियों की समस्या व शिकायतों के निराकरण के लिए कांकेर शहर में जन चौपाल आयोजित करने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को निर्देशित किया गया। बैठक में वन मण्डलाधिकारी पूर्व भानुप्रतापपुर जाधव श्री कृष्ण, अपर कलेक्टर सुरेन्द्र प्रसाद वैद्य, जिला पंचायत के सीईओ सुमीत अग्रवाल, सभी एसडीएम सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी मौजूद थे। कांकेर विकासखण्ड के गांधी ग्राम कुलगांव में लघुवनोपज आधारित गतिविधियों जैसे-बेम्बू निर्माण, लाख प्रोसेसिंग, दोना पत्तल निर्माण, कोषा धागाकरण इत्यादि का आवासीय प्रशिक्षण प्रांरभ करने के लिए निर्देशित किया, साथ ही महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा की जा रही विभिन्न गतिविधियों एवं उससे आमदनी के संबंध में जानकारी ली तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बताया गया कि गांधी ग्राम कुलगांव में चिरौजी प्रोसेसिंग यूनिट भी लगाई जायेगी। उल्लेखनीय है कि यहॉ पर मछली आहार निर्माण ईकाई, मसाला उद्योग, दाल मशीन, लेयर फ ार्मिंग, बकरी पालन, मशरूम उत्पादन एवं स्पॉन उत्पादन यूनिट, हाथ करधा बुनाई प्रशिक्षण इत्यादि गतिविधियां किया जा रहा है।

अकलतरा शहर में यातायात व्यवस्था सुधारने हुई चर्चा

निर्मित स्थाई सब्जी मार्केट में शिफ्ट करने का लिया निर्णय

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। अकलतरा शहर में यातायात व्यवस्था में सुधार लाने पुलिस प्रशासन ने जनप्रतिनिधियों के साथ व्यापारियों की बैठक ली। जिसमें तहसीलदार अकलतरा, एसडीओ पीडब्ल्यूडी, सीएमओ नगर पालिका परिषद अकलतरा अध्यक्ष नगर पालिका परिषद अकलतरा एवं अकलतरा के व्यापारी गण उपस्थित थे। बैठक में यातायात संबंधी विभिन्न बिंदुओ पर चर्चा किया गया। अकलतरा शहर में यातायात व्यवस्था में सुधार हेतु पुलिस प्रशासन द्वारा थाना अकलतरा परिसर में बैठक आयोजित किया गया जिसमें विभिन्न बिंदुओं पर

चर्चा किया गया। अकलतरा-बलौदा रोड में निर्माण एजेंसी के द्वारा कुछ जगहों को छोड़ दिया जा रहा है। इसे पीडब्ल्यूडी, फॉरेस्ट विभाग को पत्राचार कर आवश्यक कार्यवाही करने का निर्णय लिया गया। नगर पालिका एवं थाना अकलतरा की संयुक्त टीम एक साथ मिलकर व्यापारियों के सामान को रोड से अंदर रखवाने की कार्यवाही करेंगे, समझाइस के बाद ऐसे व्यापारी जो सामान को बाहर निकालकर रखेंगे उनके ऊपर कार्यवाही करने के साथ ही निर्धारित सफेद पट्टी के बाहर खड़ी वाहनों पर भी कार्यवाही किए जाने का निर्णय लिया गया। पार्किंग व्यवस्था के सुधार हेतु नगर पालिका के द्वारा रोड किनारे बनाए गए नालियों को ढकने तथा किनारे सफेद पट्टी का निर्धारण करने का निर्णय लिया गया है। शहर के अंदर लगने वाले अस्थाई ठेला गुमटी को व्यवस्थित रूप से एक जगह लगाए जाने हेतु नगर पालिका के द्वारा निर्णय लिया गया। शहर के अंदर लगने वाले अस्थाई सब्जी विक्रेताओं को नगर पालिका के सहयोग से शासन के द्वारा निर्मित स्थाई सब्जी मार्केट में शिफ्ट करने का निर्णय लिया गया। निर्माणाधीन रोड में पानी का छिड़काव दिन में दो बार करने का निर्णय लिया गया।
मोटरयान अधिनियम का उल्लंघन करने वाले एवं शहर में ओवर स्पीड चलने वाले वाहनों पर कार्यवाही करने का निर्णय लिया गया।

पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाने पहुंचे विधायक

रामानुजगंज/नवप्रदेश। बीते दिनों सड़क दुर्घटना में ग्राम पंचायत चुमरा के राम सेवक सिंह उम्र 65 वर्ष अपने पुत्र जयकरण सिंह उम्र 42 वर्ष एवं पोता देव प्रकाश सिंह उम्र 20 वर्ष के साथ बाइक से लावा जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आने से दादा पोते की मौके पर ही मौत हो गई थी। वही पिता गंभीर रूप से घायल हो गए थे जिनका दूसरे दिन मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। विधायक बृहस्पत सिंह मृतकों के परिजनों को ढांढस बंधाने पहुंचे। उन्होंने 20 हजार की आर्थिक सहायता

राशि प्रदान की। वही कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ से चर्चा कर मृतक के परिजनों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने की बात कही।

जिपं व डीईओ ऑफिस के पास जन सहयोग ने चलाया स्वच्छता अभियान

कांकेर/नवप्रदेश। अपने दृढ़ संकल्प के अनुरूप जन सहयोग समाजसेवी संस्था ने प्रति सप्ताह की रविवार को सफाई अभियान चलाने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाते अपना स्वच्छता अभियान जारी रखते कलेक्ट्रेट रोड जिला शिक्षा विभाग जिला पंचायत परिसर के आगे अपना सफाई अभियान चलाकर स्वच्छ भारत अभियान का संदेश दिया गया। रविवार की सुबह 8 बजे से जन सहयोग समाजसेवी संगठन प्रमुख अजय पप्पू मोटवानी व उनकी स्वच्छता टीम ने स्वच्छता अभियान चलाया गया जो साढ़े 9 बजे तक चलता रहा। इस अवसर पर जन सहयोग के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी ने कहा कि संपूर्ण कांकेर शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाना हमारी संस्था का लक्ष्य है और उसे हम पूर्ण करके ही रहेंगे। हमारा स्वच्छता अभियान गर्मी, बरसात, ठंड, किसी भी मौसम में रुका नहीं है और न रुकेगा, बल्कि इसमें और भी समाजसेवी साथी अपनी इच्छा से जुड़ते जा रहे हैं। हमारी ओर से सबका स्वागत है। साथ ही कांकेर की जनता से यह प्रार्थना भी है कि जहां जहां सफाई हो जाती है, वहां दोबारा कचरा ना फेंके बल्कि कचरे को डस्टबीन अथवा निर्धारित स्थानों में ही डालने की अपील की। नालियों को कचरा डालकर जाम ना करें। स्वच्छता मुहिम में उत्साह पूर्वक भाग लेने वालों में अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी के अलावा जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष मशहूर वकील नरेंद्र दवे, पटवारी बल्लू यादव प्रवीण गुप्ता धर्मेंद्र देव, जितेंद्र प्रताप देव, राजेश चौहान, चरण यादव, करण नेताम, दिनेश मोटवानी, चंद्रशेखर देव, कृष्णा चौरसिया, प्रमोद सिंह, भूपेंद्र यादव आदि समाजसेवियों की उपस्थिति रही

नक्सली प्रभावित ईलाकों में बस सेवा से ग्रामीणों को मिली बारहमासी आवागमन सुविधा

शिक्षा-स्वास्थ्य सुविधा के लिए हो रही है सहूलियत

बीजापुर/नवप्रदेश। जिले के भैरमगढ़ एवं उसूर ब्लॉक के अंदरुनी धुर नक्सली प्रभावित ईलाकों में जिला प्रशासन द्वारा स्थानीय युवा परिवहन समिति के माध्यम से बस सेवा संचालित करने के फलस्वरुप अब उक्त दूरस्थ क्षेत्रों के ग्रामीणों को बारहमासी आवागमन सुविधा मिल रही है। जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा बलों की सहायता से इन सूदूर नक्सली प्रभावित क्षेत्रों में सड़क एवं पुल-पुलिया निर्माण कराया गया और इन क्षेत्रों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए स्कूल, आंगनबाड़ी केन्द्र, स्वास्थ्य केन्द्र, राशन दुकान आदि मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता दी गयी। वहीं उक्त अंदरुनी धुर-नक्सली प्रभावित क्षेत्रों के ग्रामीणों को ब्लाक एंव जिला मुख्यालय तक आवागमन सुविधा उपलब्ध कराने के लिए जिला खनिज न्यास निधि से 4 बसों का संचालन स्थानीय युवा परिवहन समिति के जरिये किया जा रहा है। जिसके तहत् भैरमगढ़ ब्लाक अंतर्गत बेचापाल से बीजापुर एवं बेदरे से बीजापुर और उसूर ब्लाक अंतर्गत गलगम से बीजापुर सहित सीमावर्ती सुकमा जिले के सिलगेर से बीजापुर तक बस संचालित किया जा रहा है।

इन क्षेत्रों में बसों के संचालन से ग्रामीणों को शिक्षा-स्वास्थ्य सुविधा के लिए सहूलियत हो रही है। अब ग्रामीणों के बच्चे पढ़ाई के लिए ब्लाक एवं जिला मुख्यालय तक आते हैं। वहीं ग्रामीणों को चिकित्सा के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, जिला अस्पताल एवं अन्य उच्च स्वास्थ्य संस्थान जाने के लिए आसानी हो रही है। इसके साथ ही ग्रामीण अब कृषि उपज एंव वनोपज के विक्रय के लिए हाट-बाजार तक सुगमतापूर्वक पहुँच रहे हैं। इस बारे में भैरमगढ़ ब्लाक के मिरतूर क्षेत्र के सोमलू कड़ती, सुखराम माड़वी, दिलीप कड़ती आदि ग्रामीणों ने जिला प्रशासन के पहल को सराहनीय निरुपित करते हुए कहा कि पहले टेक्सी या अन्य किसी साधन से सफर करने में बड़ी दिक्कत होती थी। लेकिन अब बस सेवा के शुरु होने पर इस समस्या से निजात मिल गयी है। इसी तरह गलगम के माड़वी लच्छा, नरसा कट्टम एवं मड़काम आयतू ने बताया कि गांव से सीधे बीजापुर तक बस सेवा प्रारंभ होने के फलस्वरुप एक बड़ी आबादी को आवागमन सुविधा मिल रही है। अब ग्रामीण शिक्षा,स्वास्थ्य सुविधाओं से लाभान्वित होने के साथ जरुरी कामकाज के लिए सुबह बीजापुर जाकर शाम को गांव वापस हो जाते हैं। जिला प्रशासन के द्वारा स्थानीय युवा परिवहन समिति के माध्यम से संचालित उक्त बस सेवा के जरिये युवाओं को रोजगार भी मिला है। इस बारे में बेचापाल से बीजापुर तक बस संचालन करने वाली युवा परिवहन समिति के सदस्य श्री बलराम तेलामी एवं श्री रमेश तेलम ने बताया कि उनके समिति में कुल 8 सदस्य हैं। अभी प्रारंभिक दौर में हर दिन बस संचालन से ईंधन एवं अन्य व्यय के पश्चात करीब 3 से 4 हजार रूपए की आय हो रही है। इस राशि को अभी समिति के खाते में जमा कर रहे हैं। वहीं भैरमगढ़ ब्लाक के दूरस्थ बेदरे से बीजापुर तक बस संचालन करने वाली समिति के सदस्य महेश कुरसम एवं मोहित कुड़ियम ने बताया कि अभी शुरूआत है, इसलिए जो यात्री टेक्सी में भी सफर कर रहे थे। वे बस का निर्धारित समय होने के चलते अब बस में आना जाना कर रहे हैं। अभी समिति को बस संचालन से हर दिन सभी व्यय के पश्चात 2 से 3 हजार रूपए आय हो रही है। उक्त राशि को बचत कर रख रहे हैं ताकि आड़े वक्त काम आ सके।

मारियामारी में 87 एकड़ फसल को हाथियों ने पहुंचाया नुकसान

नगरी/नवप्रदेश। सिहावा विधानसभा के वन ग्राम मारियामारी में विगत दिनों हाथियों द्वारा 24 किसानों के 87 एकड़ फसल को नुकसान पहुंचाया। विधायक डॉ लक्ष्मी ध्रुव ने ग्राम वासियों से मिलने पहुंचे साथ में अनु विभागीय अधिकारी राजस्व चंद्रकांत उइके भी उपस्थित थे। ग्राम वासियों ने आपबीती बात बतायी। किसानों के नलकूप मोटर पाइप धान एवं भुट्टे के फसल को चौपट कर दिए। डॉ लक्ष्मी ने ग्राम वासियों को कहा की शीघ्र है इसका मुआवजा दिलाएंगे वन विभाग एवं पटवारी को हुए नुकसान का रिपोर्ट तैयार कर विभाग में प्रस्तुत करें ताकि इसका मौजा शीघ्र मिल सके निर्देशित किया गया। वन ग्राम वासियों ने विधायक से निवेदन किए कि हमें शीघ्र ही राजस्व ग्राम से जोड़ा जाए हम ग्राम वासियों को वन ग्राम में रहने के कारण कई प्रकार के लाभ से वंचित हो जाते हैं। आमगांव अमर उजाला में भी कुछ किसानों का फसल चौपट हुआ है। इसका भी रकबा निकालकर शीघ्र मुआवजा दिलाया जाएगा।

लंबित राजस्व प्रकरणों, ओवर बिलिंग की समस्या का करें त्वरित निपटारा : कलेक्टर

■ कलेक्टर ने समीक्षा बैठक में दिये निर्देश

कोरबा/नवप्रदेश। कलेक्टर रानू साहू ने कलेक्टोरेट सभा कक्ष में मुख्यमंत्री द्वारा प्रस्तावित भ्रमण के संदर्भ में सभी विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में डी.एफओ. कोरबा श्रीमती प्रियंका पांडेय, डी.एफओ. कटघोरा प्रेमलता यादव, संयुक्त कलेक्टर विजेंद्र सिंह पाटले, जिला पंचायत सी.ई.ओ. नूतन कंवर, नगर निगम आयुक्त श्री प्रभाकर पांडेय, एस.डी.एम. पाली ममता यादव, एस.डी.एम. कटघोरा श्री तेंदुलकर, एस.डी.एम. पोड़ी-उपरोड़ा श्री नंदजी पांडेय सहित सभी विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

कलेक्टर श्रीमती रानू साहू ने लंबित राजस्व प्रकरणों का तत्काल निपटारा कर मुआवजा वितरण की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पटवारी नामांतरण, फौती आदि का रजिस्टर बनाएं ताकि समय सीमा में मामलों का निराकरण

किया जा सके।

श्रीमती साहू बिजली विभाग में ओवर बिलिंग की समस्या के संबंध में जानकारी ली तथा बिलिंग की समस्या के त्वरित निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। विद्युत विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आम जनता की शिकायतों को दूर करने के लिए शिविर लगाकर शिकायतों का निराकरण किया जा रहा है गांव-गांव कर्मचारियों को भेजकर उपभोक्ताओं से संपर्क कर बिल की जांच एवं सुधार कार्य किया जा रहा है।

श्रीमती साहू शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि शिक्षक मुख्यालय में रहें। उन्होने कहा कि नए शिक्षण सत्र से बच्चों को आंसर राइटिंग पर फोकस करते हुए अभ्यास कराएं ताकि बच्चों में लिखने और समझने की बेहतर क्षमता विकसित हो सके। श्रीमती साहू ने मध्यान्ह भोजन योजना के संचालन के संबंध में भी जानकारी जिला शिक्षा अधिकारी से ली तथा बेहतर संचालन के निर्देश दिए। श्रीमती साहू ने जिले में स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मिडियम स्कूलों के निर्माण कार्यो के प्रगति और अद्यतन स्थति की जानकारी ली। साथ ही जर्जर, अति जर्जर स्कूल भवनों की जानकारी लेकर मरम्मत की आवश्यकता वाले स्कूल भवनों में आवश्यक मरम्मत के कार्य करने के निर्देश दिये। उन्होंने जिले के आत्मानंद स्कूलों में निर्माण एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं जल्द से जल्द उपलब्ध करवाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। श्रीमती साहू ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए शुगर एवं बीपी के लिए कैंप लगाकर इलाज करने के निर्देश दिए। उन्होंने हाट बाजार क्लीनिक योजना में जिला एवं खंड स्तरीय चिकित्सा अधिकारियों द्वारा मॉनिटरिंग करवाने के निर्देश दिए ताकि बेहतर गुणवत्ता के साथ इसका सुचारू रूप से संचालन किया जा सके। कलेक्टर श्रीमती साहू ने खाद्य विभाग के समीक्षा बैठक के दौरान हितग्राहियों को अंत्योदय, निराश्रित, प्राथमिकता, निशक्त:जन, बी.पी.एल. एवं ए.पी.एल. राशन कार्ड धारक परिवारों को खाद्यान्न वितरण की जानकारी जिला खाद्य अधिकारी से ली।

नवीन राशन कार्ड के निर्माण के संबंध में जानकारी लेते हुए

राजीनामा योग्य प्रकरणों में पक्षकारों की आपसी सुलह-समझौता से निराकृत

रायपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) नई दिल्ली के निर्देशानुसार वर्ष 2022 में आयोजित होने वाले नेशनल लोक अदालत के अनुक्रम में माननीय न्यायमूर्ति अरूप कुमार गोस्वामी मुख्य न्यायाधीश छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय एवं मुख्य संरक्षक छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के मार्गदर्शन एवं माननीय न्यायमूर्ति गौतम भादुड़ी न्यायाधीश, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय एवं कार्यपालक अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार 14 मई को छत्तीसगढ़ राज्य में तालुका स्तर से लेकर उच्च न्यायालय स्तर तक सभी न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाकर राजीनामा योग्य प्रकरणों में पक्षकारों की आपसी सुलह समझौता से निराकृत किये गये हैं। उक्त लोक अदालत में प्रकरणों के पक्षकारों की भौतिक तथा वर्चुअल दोनों ही माध्यमों से उनकी उपस्थिति में निराकृत किये जाने के अतिरिक्त स्पेशल सिंटिंग के माध्यम से भी पेटी ऑफेंस निराकृत किये गये हैं ।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) नई दिल्ली के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य में भी तहसील स्तर से लेकर उच्च न्यायालय स्तर तक नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर के अध्यक्ष/जिला न्यायाधीश महोदय श्री संतोष शर्मा द्वारा जिला रायपुर में नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ दीप प्रज्जवलित कर एवं नालसा थीम सांग के माध्यम से किया गया। शुभारंभ के समय कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश हेमंत शराफ, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष श्री आशिष सोनी, समस्त न्यायाधीशगण, राजस्व न्यायालय के अधिकारीगण, पक्षकारगण, अधिवक्तागण, न्यायालयीन कर्मचारीगण, उपस्थित रहे।

माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय श्री संतोष शर्मा द्वारा कहा गया कि हमारी प्रतिबद्धता जनता की सेवा न्याय के माध्यम से सुनिश्चित करना है।

जिला रायपुर, जिला गरियाबंद, तहसील देवभोग, तिल्दा एवं राजिम में भी एक साथ नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है जिसमें अधिक से अधिक संख्या में प्रकरण निराकृत हो रहे है। इस बार विशेष रूप से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वाधान में महिला एवं बाल विकास विभाग से महिलाओं द्वारा तथा दिव्यांगजनों तथा बालिका गृह की किशोरियों द्वारा निर्मित कलाकृतियों की प्रदर्शनी लगायी गयी। उक्त प्रदर्शनी का उद्देश्य जन जन तक यह संदेश पहुंचाना था कि, महिलाओं को आर्थिक रूप से भी सशक्त करने का हमारा कर्तव्य है। उक्त प्रदर्शनी का शुभारंभ माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय श्री संतोष शर्मा द्वारा रिबन काटकर किया गया। उनके द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की सराहना की गयी । कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती शैल ठाकुर, एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी श्री सोमनाथ राजपूत तथा कर्मचारीगण उपस्थित रहे। सर्वप्रथम माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय श्री संतोष शर्मा द्वारा ही कलाकृतियों का क्रय किया गया तत्पश्चात न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण तथा पक्षकारों ने भी क्रय किया ।

नेशनल लोक अदालत के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच परीक्षण शिविर का भी आयोजन किया गया जिसमें न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण, कर्मचारीगण, पक्षकारगण तथा सैंकड़ों संख्या में आमजन का निःशुल्क जांच परीक्षण किया गया। इस अवसर पर राजीनामा करने वाले पक्षकारों को फलदार वृक्ष भी वितरण किया गया। इस बार के नेशनल लोक अदालत में माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय श्री संतोष शर्मा एवं जिला कलेक्टर श्री सौरभ कुमार के संयुक्त प्रयास से पक्षकारों तथा अधिवक्ताओं के लिए कलेक्टर परिसर में निःशुल्क पार्किंग की व्यवस्था की गयी तथा आने वाले अधिवक्ताओं एवं पक्षकारों से किसी भी प्रकार का कोई पार्किंग शुल्क नहीं लिया गया।

सफल कहानी -

प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय हेमंत शराफ की खण्डपीठ ने मासूम बच्ची को उनके माता पिता की गोद में देकर कराया राजीनामा

कुटुब न्यायालय की माननीय हेमंत शराफ सर की कोर्ट में पति पत्नी के मध्य भरण पोषण का मामला चल रहा था आवेदिका अपनी छोटी सी पुत्री के साथ मायके चली गयी थी। पति पत्नी के मध्य छोटी मोटी बातों को लेकर विवाद था। परंतु न्यायाधीश द्वारा उभयपक्ष को उनकी बेटी के भविष्य के बारे में अवगत कराकर और बच्ची को उनकी गोद में देकर राजीनामा कराया और उक्त राजीनामा का यह परिणाम हुआ कि, पति पत्नी माननीय न्यायालय का आर्शिवाद लेकर प्रेम से साथ में घर गए। उक्त खण्डपीठ में भरण पोषण हेतु प्रकरण न्यायालय में पेश किया गया था जिसमें माननीय न्यायालय द्वारा समझाए जाने पर दोनों पति एवं पत्नी ने आपसी राजीनामा कर हंसी खुशी से अपने घर गए।

इसी प्रकार एक अन्य प्रकरण में आवेदिका का अपने पति के साथ विवाद होने पर वह अपने मायके में निवास करने लगी किंतु आज माननीय न्यायालय के द्वारा समझाईश देने पर दोनों ने आपस में राजीनामा कर हंसी खुशी से अपने घर गए।

दस वर्ष चेक बाउन्स का पुराना मामला हुआ निराकृत।

न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी

सतनामी समाज गौरव सम्मान से नवगठित सक्ती जिले के चार प्रतिभाएं हुए सम्मानित

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में 15 मई रविवार को सतनामी समाज द्वारा प्रदेश स्तरीय सतनामी समाज गौरव सम्मान एवं युवा महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश से सतनामी समाज के प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में नवगठित सक्ती जिले से भी सतनामी समाज के प्रतिभाओं का प्रदेश स्तरीय गरिमामय मंच से सम्मान किया गया। इस मौके पर नवगठित सक्ती जिले से सामाजिक कार्यकर्ता व बहुजन मिशन के लिए समर्पित उदय मधुकर को सामाजिक जागरूकता के लिए, सतनामी समाज के सक्ती ब्लाक अध्यक्ष डा. विजय कुमार लहरे जाजंग-सक्ती को चिकित्सा के क्षेत्र में सेवाओं के लिए, शिक्षक अमर सिंह जांगड़े- मसनिया कला को शिक्षा के क्षेत्र में तथा सक्ती अंचल के युवा पत्रकार हिन्दी दैनिक अमृत संदेश सक्ती जिला संवाददाता व सामाजिक कार्यकर्ता योम प्रकाश लहरे को पत्रकारिता के जरिए सामाजिक जागरूकता के लिए के लिए प्रदान किया गया है।

डेंगू बुखार को अनदेखा ना करें डॉ. विमल किशोर राय

आज राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर विशेष

रायपुर/नवप्रदेश। डेंगू एक मच्छर जनित वायरल बीमारी है जिसमें सिर में दर्द, तेज बुखार, मांसपेशियों एवं जोड़ों में दर्द जैसी परेशानियां होती हैं और त्वचा पर चकत्ते भी निकल आते हैं। डेंगू फीमेल एडीज मच्छर के काटने से होता है। प्रत्येक वर्ष 16 मई को राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया जाता है इस दिवस को मनाने का मूल उद्देश्य लोगों में डेंगू से बचाव और अपने आसपास को स्वच्छ रखने के लिये जागरूक किया जाता है। इस वर्ष राष्ट्रीय डेंगू दिवस ''डेंगू इज प्रिवेंटिएब : लेट्स जॉइन हैंड्स की थीम पर मनाया जाएगा।

इस बारे में मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी डॉ.विमल किशोर राय ने बताया, ''मच्छरों के काटने से डेंगू और मलेरिया जैसी जानलेवा बीमारियां होती है। छोटी-छोटी बातें आपको मच्छर के काटने से बचा सकती है। डेंगू के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की तरफ से 16 मई को राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया जाता है। डेंगू के प्रति जागरूक रहकर हम इससे बच सकते हैं। डेंगू से अफ्रीका, अमेरिका, पूर्वी भू-मध्य सागर, दक्षिण-पूर्व एशिया और पश्चिम प्रशांत सहित 100 से अधिक देश प्रभावित हैं। यह भारत में विशेषकर बारिश के दिनों में होने वाला सामान्य रोग है। डेंगू का लार्वा मुख्य तौर पर जमे हुए साफ पानी में पैदा होता है और इसे पनपने के लिए जुलाई से लेकर अक्टूबर का समय काफी अनुकूल होता है। यही वजह है कि इस वक्त में काफी सतर्क रहना जरूरी होता है। पहले के मुकाबले लोगों में डेंगू की बीमारी को लेकर काफी जागरूकता बढ़ी है। अब भी देश के अंदरूनी इलाकों में इस बीमारी के प्रति और जागरूकता फैलाने की जरूरत है। दिन में सोते समय भी मच्छरदानी लगाएं समय पर इलाज कराने पर मरीज स्वस्थ हो जाता है। डेंगू में लापरवाही भारी पड़ सकती है। शासकीय चिकित्सालयों में इसके लिए निशुल्क उपचार की व्यवस्था है।''

डेंगू के लक्षण क्या है

डेंगू दो तरीके का होता है, सामान्य और गंभीर । संक्रमित होने पर इसके लक्षण 4 से 5 दिनों में दिखने लगते हैं। हल्के या सामान्य लक्षण में तेज बुखार, सिरदर्द, मांसपेशियों, और जोड़ों में दर्द, उल्टी, जी मचलाना, आंखों में दर्द होना, त्वचा पर लाल चकत्ते होना, ग्रंथियों में सूजन होना हैं। जबकि गंभीर मामले होने पर गंभीर पेट दर्द, लगातार उल्टी होना, मसूड़ों या नाक से रक्तस्राव, मल, मूत्र या उल्टी में खून आना, त्वचा के नीचे रक्तस्राव होना, सांस लेने में कठिनाई, थकान महसूस करना, चिड़चिड़ापन या बेचैनी हैं।

एंटोमोलॉजिस्ट कुमार सिंह कहते है, एडीज एजिप्टीएक ऐसा मच्छर है जो डेंगू बुखार, चिकनगुनिया, जीका बुखार, मायरो बुखार के वायरस और अन्य रोग एजेंटों को फैला सकता है। यह मच्छर अफ्रीका में शुरू हुआ था। लेकिन अब दुनिया भर के उष्णकटिबंधीय, और शीतोष्ण क्षेत्रों में पाया जाता है। पूरी तरह से परिपक्व एडीज एजिप्टी मच्छर का औसत जीवनकाल दो से चार सप्ताह है, लेकिन शुष्क जलवायु में, उनके अंडे एक वर्ष तक रहते हैं। इसलिए, बारिश के मौसम की शुरुआत के साथ, मच्छरों के प्रजनन और परिणामस्वरूप महामारी में वृद्धि होती है। एडीज एजिप्टी मच्छर सबसे ज्यादा सुबह और शाम को और छायादार क्षेत्रों में पाए जाते हैं। यह पूरे साल या अनुकूल स्थिति में किसी भी समय संक्रमण फैला सकते हैं।

क्या है डेंगू

डेंगू बुखार मच्छर जनित वायरल बीमारी है इसमें सिर में दर्द, तेज बुखार, मांसपेशियों एवं जोड़ों में दर्द, त्वचा पर चकत्ते निकल आते हैं। यह मादा एडीज मच्छर के काटने से होता है। यह वायरस 10 दिनों से अधिक समय तक जीवित नहीं रहते लेकिन लापरवाही की गई तो डेंगू रक्तस्रावी बुखार का रूप ले सकता है जिसमें भारी रक्तस्राव, ब्लड प्रेशर में अचानक गिरावट और अंत में स्थिति अत्यंत गंभीर भी हो सकती है।

डेंगू से कैसे करें बचाव

डेंगू का मच्छर आम मच्छरों से अलग होता है और यह दिन की रोशनी में काटता है। ऐसे में घर और आसपास मच्छरों को पनपने न दें । कूलर में पानी जमा होने से उसमें डेंगू का लार्वा पैदा होने का खतरा रहता है। कूलर का उपयोग न होने पर उसका पानी खाली कर दें। घर की छत पर रखे गमलों अन्य चीजे जिसमें पानी जमा होता है उनको खाली कर दें। इसमें डेंगू लार्वा पैदा हो सकते हैं। घरों के आसपास या गड्ढों में जमा ना होने दें।

बुद्ध पूर्णिमा पर मुख्यमंत्री, राज्यपाल एवं विस अध्यक्ष ने प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएं

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर सभी बौद्ध धर्मावलम्बियों सहित प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। अपने शुभकामना संदेश में उन्होंने कहा है कि महात्मा बुद्ध ने लोगों को अहिंसा, समानता और विश्व बंधुत्व का संदेश दिया। उनकी शिक्षा को विदेशों में भी लागों ने अपनाया और लाखों अनुयायी उनके दिखाये मार्ग पर चल कर देश-दुनिया को शांति का संदेश दे रहे हैं। श्री बघेल ने कहा कि गौतम बुद्ध के उपदेश हर परिस्थिति और काल में प्रासंगिक हैं। उनकी दी गई शिक्षा हमें संयम से आगे बढ़ने का संदेश देती है। महात्मा बुद्ध के विचार और जीवन मूल्य एक बेहतर समाज और राष्ट्र निर्माण के लिए हमेशा मार्गदर्शक रहेंगे।

राज्यपाल ने दी शुभकामनाएं

राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने बुद्ध के पूर्णिमा के अवसर पर प्रदेश के नागरिकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा है कि भगवान बुद्ध ने प्रेम, करूणा एवं अहिंसा की भावना को सर्वोपरि मानते हुए पूरे विश्व को नई राह दिखाई। उन्होंने कहा कि आज भी भगवान बुद्ध की शिक्षा प्रासंगिक है। उन्होंने आग्रह किया कि समाज में सामाजिक सद्भाव और बंधुत्व कायम रखने के लिए भगवान बुद्ध के आदर्शों को अपनाते हुए उनके बताए हुए रास्ते पर चलें।

विस् अध्यक्ष ने बुद्ध पूर्णिमा की दी बधाई

छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने 16 मई को बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर सभी बौद्ध धर्मावलंबियों सहित प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

विस् अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि, गौतम बुद्ध के उपदेश हर परिस्थिति और काल में प्रासंगिक है। महात्मा बुद्ध ने लोगों को अहिंसा, समानता और विश्व बंधुत्व का संदेश दिया। उनकी दी गई शिक्षा हमें संयम से आगे बढ़ने का संदेश देती है। महात्मा बुद्ध के विचार और जीवन मूल्य एक बेहतर समाज और राष्ट्र निर्माण के लिए हमेशा मार्गदर्शक रहेंगे।

प्रदेश की जनता की चिंता कब कीजिएगा मुख्यमंत्री जी : हुपेंडी

■ 3.5 साल बाद भी सिर्फ चिंतन और कुर्सी बचाने के लिए भ्रष्टाचार का खेल बदस्तूर जारी

रायपुर/नवप्रदेश। आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष कोमल हुपेंडी ने राज्य सरकार के कार्यों पर सवाल उठाते हुए कहा है कि प्रदेश में साढ़े तीन साल की कांग्रेस सरकार से जनता त्रस्त हो चुकी है। मुख्यमंत्री जी जनता की समस्यायों की चिंता की बजाय, अन्य राज्य में चिंतन शिविर में चिंतन कर रहे हैं।

आदिवासी हर जगह आंदोलनरत

युवा वर्ग बेरोजगारी से परेशान है।

मेडिकल के छात्रों के साथ कॉलेज धोखोधड़ी कर पैसे वसूल कर रहे हैं और मेडिकल के छात्र आत्मदाह को मजबूर हो रहें हैं!

लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ को जेल भरो आंदोलन करना पड़ रहा है, आखिर क्यों पत्रकारों की सुरक्षा को प्रदेश सरकार अनदेखा कर रहीं है।

लाखों मनरेगा कर्मचारी सरकार से छुब्ध होकर हड़ताल पर हैं।

वन कर्मचारी और अन्य विभाग के कर्मचारी आंदोलन रत हैं।

संविदा कर्मियों के आंदोलन को लाठी के बल पर दबा दिया जाता है।

बड़ा आंदोलन प्रदर्शन को दबाने आपने धरना स्थल नया रायपुर शिफ्ट करवा दिया।

मेडिकल सुविधाओं में दलालों का बोलबाला है, प्राइवेट हॉस्पिटल जनता को बेतहाशा लूट रहे हैं।

किसान नकली खाद खरीदने को मजबूर है

प्रदेश की जनता पीने के पानी के लिए भी त्राहि त्राहि है

मुख्यमंत्री के खुद के प्रदेश के सर्वे में कांग्रेस के ही 36-40 विधायकों ने क्षेत्र में जनता के लिए जनहित कार्य नहीं कराये गए जिससे जनता नाराज है। मुख्यमंत्री जी हेलीकॉप्टर से अब 90 विधानसभाओं का दौरा करने निकल पड़े और कही राशन कार्ड बनवा रहे तो कही दिखावे के लिए निलंबन कर रहे है उससे जनता को कुछ हासिल नहीं हो रहा, मुख्यमंत्री जी सिर्फ उड़नखाटोले पर ही उड़ाते रहे है आप धरातल पर जाकर देखिये स्थितियाँ गंभीर है।

कलिंगा विश्वविद्यालय द्वारा युवाओं को संगीत सीखने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से संगीत कार्यक्रम का किया आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। छात्रों को संगीत सीखने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य के साथ श्री प्रांशु अरोड़ा ने 13 मई, 2022 (शुक्रवार) को कलिंगा विश्वविद्यालय में छात्रों के सामने मंत्रमुग्ध कर देने वाली प्रस्तुति दी। कलिंगा विश्वविद्यालय के युवा प्रतिभाशाली छात्र भी उनके साथ शामिल हुए और विश्वविद्यालय के सभागार में दर्शकों के सामने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

फैशन डिजाइनिंग विभाग के एचओडी श्री कपिल केलकर ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चीफप्रॉक्टर डॉ. ए. विजयानंद थे। उन्होंने अतिथि श्री प्रांशु अरोड़ा का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया।

देश में संगीत को जीवन के अभिन्न अंग के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से एक उत्साही युवा श्री प्रांशु अरोड़ा ने संगीत के मूल रचनाओं को प्रस्तुत करने के लिए देश व्यापी अभियान शुरू किया है जो कि 100 दिनों में देश भर के 60 शहरों की यात्रा कर सम्पन्न होगा। वह लगभग 18000 किलोमीटर का सफर तय कर रायपुर पहुंचे थे। उन्होंने हमारे देश के युवाओं को पांच संदेश दिए और ये संदेश हैं ''मेड इन इंडिया फॉर द वर्ल्ड, फॉलो योर पैशन, एजुकेशन-रिप्लेस मार्क्स विद एक्सपीरियंस, मे बी द लव इज द ओनली आंसर और डोंट रन फॉर सक्सेस रन फॉर एक्सीलेंस''। उन्हें लगता है कि संगीत के माध्यम से दुनिया को बदला जा सकता है। युवा प्रतिभाशाली छात्रों के बीच संगीत के प्रति प्रेम की आग को प्रज्वलित करने के लिए उन्होंने कलिंगा विश्वविद्यालय के छात्रों के सामने संगीतमयी कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कलिंगा विश्वविद्यालय के छात्रों ने अतिथि कलाकार द्वारा प्रस्तुत संगीत कार्यक्रम का जमकर आनंद लिया।

मुख्य अतिथि डॉ. ए विजय आनंद ने अतिथि श्री प्रांशु अरोड़ा को स्मृति चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम के दौरान कलिंगा विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित थे।

पॉवर कंपनी ने पाई सफलता, 24 घंटे के भीतर खड़ा किया नया ईएचटी टॉवर

कानन पेंडारी के पास आंधी से गिरा था बिजली का 90 फीट ऊंचा टावर

युद्धस्तर पर सुधार कार्य में जुटे अफसर, तीन दिन का काम एक दिन में पूरा किया

रायपुर/नवप्रदेश। शुक्रवार शाम को आंधी तूफान से बिलासपुर के कानन पेंडारी में बिजली के गिरे 90 फीट ऊंचे ईएचटी (अतिउच्चदाब) टावर को पॉवर कंपनी रिकार्ड समय 24 घंटे में ही खड़ा कर लिया। सामान्य तौर पर इसे खड़ा करने में दो से तीन दिन का समय लगता है। पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी और डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के बेहतर तालमेल से युद्ध स्तर पर कार्य किया गया और आज शनिवार शाम 7.54 बजे ही 70 गांवों में विद्युत आपूर्ति पूरी तरह सामान्य कर ली गई।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी के चेयरमेन श्री अंकित आनंद (आईएएस) ने इस उपलब्धि के लिये दोनों कंपनी के अधिकारी-कर्मचारियों को बधाई दी है।

शुक्रवार को बिलासपुर के कानन पेंडारी इलाके में आंधी से 132 केवी का टावर गिर गया था। जिसके बाद ट्रांसमिशन कंपनी की प्रबंध निदेशक श्रीमती उज्जवला बघेल एवं डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक मनोज खरे लगातार मौके पर मौजूद अधिकारियों के संपर्क में रहे। भिलाई से चार टन वजन का नया टावर खड़ा करने के लिये गाड़ी रवाना की गई। इसमें 120 बड़े एंगल और नट बोल्ट थे। दोपहर 1 बजे यह मौके पर पहुंचा। इन्हें व्यवस्थित तरीके से नंबरिंग के आधार पर खड़ा किया गया। शाम 7 बजे तक टावर खड़ा हो गया, जिसके बाद कंडक्टर लगाया गया।

भीषण गर्मी में 90 फीट ऊंचाई तक लोहे के एंगल को खड़ा करना अत्यंत कठिन और चुनौतीपूर्ण कार्य था। जिसे बिजलीकर्मियों ने 24 घंटे के भीतर खड़ा करके नया रिकार्ड कायम किया है। इसमें रात का समय छोड़ दिया जाए तो यह काम 12 घंटे में ही पूरी किया गया। इस कार्य में डिस्ट्रीब्यूशन एवं ट्रांसमिशन कंपनी के 125 से अधिक अधिकारी-कर्मचारी लगातार जुटे रहे। बिलासपुर रीजन के कार्यपालक निदेशक श्री संजय पटेल मौके पर अधिकारियों के साथ जुटे रहे। इस कार्य में अधीक्षण अभियंता सर्वश्री राजेंद्र अग्रवाल, सतीश दुबे, यतेंद्र मनहर, वीरेंद्र दीक्षित, पीपी सिंह भिलाई, कार्यपालन अभियंता नागेश्वर त्रिपाठी, पीपी गढ़ेवाल, गणेश जायसवाल, मिथलेश दुबे, अमर चौधरी के साथ पूरी टीम लगे रहे।

दोपहर में वैकल्पिक व्यवस्था से विद्युत आपूर्ति

सबसे पहले वैकल्पिक व्यवस्था करके 70 गांवों में दोपहर एक बजे तक विद्युत आपूर्ति शुरू कर दी गई थी। लोरमी के कबराटोला और तिफरा स्थित 132 केवी उपकेंद्र से प्रभावित 33 केवी के 11 उपकेंद्रों तक बिजली पहुंचाई गई।

बैंकिंग एवं हेल्थ सेक्टर के लिए कल रोजगार मेला में 99 पदों पर होगी भर्ती

रायपुर/नवप्रदेश। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, रायपुर द्वारा स्थानीय शिक्षित बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 17 मई को जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र-रायपुर, पुराना पुलिस मुख्यालय रायपुर में प्लेसमेंट कैम्प आयोजित किया जा रहा है। निजी क्षेत्र के नियोजकों यूनिट स्माल फाइनेंस बैंक एवं च्यवन आयुर्वेद हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेट द्वारा लोन ऑफिसर, सी.एम.आर., मार्केटिंग एक्सीक्यूटर, डीईओ, व हॉस्पिटल पीआरओ के कुल 99 पदों पर न्युनतम 12वीं/ ग्रेजुएट व एम.बी.ए. उत्तीर्ण आवेदकों की भर्ती 9 हजार से 15 हजार मासिक वेतनमान पर की जानी है। बैंकिंग सेक्टर में कार्य हेतु आवेदक के पास स्वयं का दुपहिया वाहन/आर.सी.बुक/ लायसेंस/आधार कार्ड/ स्मार्ट फोन/पेन कार्ड एवं बैंक पासबुक होना अनिवार्य है। अतः योग्य एवं इच्छुक आवेदक निर्धारित तिथि एवं स्थान पर पर उपस्थित होकर, साक्षात्कार प्रक्रिया में सम्मिलित हो सकते है। आवेदक सोशल डिस्टेंटिंग का पालन करते हुए प्लेसमेंट कैम्प में सम्मिलित होंगे।

10वीं बोर्ड परीक्षा में सोनाली बाला ने प्रदेश में संयुक्त रूप से बनाया पहला स्थान

■ **स्कूल शिक्षा मंत्री ने भेजा शुभकामना संदेश, डीईओ ने किया सम्मानित**

कांकेर/नवप्रदेश। हाई स्कूल परीक्षा 2022 के परिणाम में शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल गोंडाहूर की छात्रा सोनाली बाला ने 98.67 प्रतिशत अंक अर्जित कर पूरे राज्य में संयुक्त रूप से रायगढ़ बरमकेला की सुमन पटेल के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने शुभकामना संदेश देते हुए उन्हें सम्मानित करने जिला शिक्षा अधिकारी टीआर साहू को निर्देश दिया था। डीईओ गोण्डाहूर पहुंच कर कांकेर जिले के 6 छात्रों को, जिनमें - कमलेश सरकार, प्रेम विश्वास, कंकना धरामी, हेमा दत्त तथा नूपुर विश्वास हैं, जिन्होंने प्रावीण्य सूची में स्थान बनाया है, उक्त समस्त बच्चों को मंत्री की ओर से फूल बुके देते हुए उन्हें मिठाई खिलाई गयी तथा मंत्री का संदेश भी सुनाया। मंत्री का संदेश सुनकर सभी बच्चे गदगद हो गए। इस अवसर पर बच्चों के पालकगण सहित बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन, ग्रामीणजन एवं शिक्षकगण उपस्थित थे। यह भी विशेष्य है कि हायर सेकेंडरी स्कूल परीक्षा 2022 में ही स्वामी आत्मानन्द स्कूल चारामा के छात्र अक्षय शर्मा ने भी प्रावीण्य सूची में स्थान बनाया है, इन्हें भी मंत्री की शुभकामना संदेश सुनाते हुए फूल बुके भेंट कर मिठाई खिलाई गयी।

किसान पुत्र श्रीराम ने 10वीं बोर्ड में टॉप टेन में 10वां स्थान प्राप्त किया

रामानुजगंज/नवप्रदेश। रामचंद्रपुर विकासखंड के दूरस्थ उत्तर प्रदेश बॉर्डर से सटे ग्राम डुमरपान शासकीय हाई स्कूल के छात्र श्रीराम गुप्ता ने दसवीं बोर्ड में पूरे प्रदेश में दसवां स्थान 96.83 प्रतिशत के साथ प्राप्त किया। पढ़ने में शुरू से मेधावी रहे श्रीराम प्रतिदिन स्कूल में पढ़ने अपने घर ग्राम कुरलूडीह से आता था जो स्कूल से 5 किलोमीटर दूरी पर स्थित है। प्राचार्य भुवन सिंह ने बताया कि श्रीराम स्कूल प्रतिदिन आता था। वहीं इसे स्कूल से जो भी होमवर्क मिलता था उसे वह पूरा करता था। श्री राम बहुत ही शालीन एवं अनुशासित छात्र है। ग्राम डुमरपान सन 2011-12 मई स्कूल का उन्नयन होकर हाई स्कूल खुला था। सन 2015-16 में नया स्कूल भवन बना जहां स्कूल संचालित हो रहा है। यहां हाई स्कूल भवन में आसपास के आधा दर्जन से अधिक गांव के बच्चे पढ़ाई करते हैं। श्रीराम के पिता राजेश गुप्ता ने बताया कि श्रीराम का पढ़ाई लिखाई में बहुत रुचि है उसको जब भी समय मिलता वह पढ़ने बैठ जाता है सुबह वाह 4 बजे उठ जाता था वहीं रात में 10 बजे तक पढ़ाई करता था। गांव में इंटरनेट की स्थिति बहुत अच्छी नहीं है। श्रीराम अपने पिता के मोबाइल से ही थोड़ा-बहुत मोबाइल यूज करता था। श्रीराम ने पूरे छत्तीसगढ़ में जहां दसवां स्थान प्राप्त किया वहीं स्कूल में सामाजिक विज्ञान एवं संस्कृत के शिक्षक ही नहीं थे। इसके बावजूद भी संस्कृत स्कूल के प्राचार्य एवं सामाजिक विज्ञान अन्य शिक्षक के द्वारा पढ़ाया गया।

पैराडाइज स्कूल का वार्षिक बोर्ड परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा

कांकेर/नवप्रदेश। पैराडाइज हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल के छग माध्यमिक शिक्षा मण्डल की वार्षिक बोर्ड परीक्षा का परिणाम उत्कृष्ट रहा। कक्षा 10वीं में 43 बच्चों में से हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा में 30 छात्र प्रथम एवं 8 छात्र द्वितीय तथा 2 छात्र तृतीय श्रेणी प्राप्त किया। कक्षा 10वीं टॉपटेन में आने वाले विद्यार्थियों के नाम पुष्पांजली साहू 91.83 प्रतिशत, अनिशा रावल 89 प्रतिशत, जायना बानो 88.33 प्रतिशत, तायबा अंजुम 85.83 प्रतिशत, रोशनी सिन्हा 84.17 प्रतिशत, देशांत नाग 83.83 प्रतिशत, अनुराधा दास 83.50 प्रतिशत, अकांक्षा कोड़ोपी 83.17 प्रतिशत, अंतरा झा 82.50 प्रतिशत, अर्जुन पटेल 81.83 प्रतिशत है। इसी प्रकार हायर सेकेण्डरी बोर्ड परीक्षा में 38 छात्र में से 18 छात्र प्रथम 16 छात्र द्वितीय तथा 01 छात्र तृतीय स्थान प्राप्त किया। 12वीं में टॉपटेन आने वाले विद्यार्थी आसीफा जावेरी 88 प्रतिशत, रविन्द्र सिंग बैस 81.2 प्रतिशत, तानिया सिन्हा 79.4 प्रतिशत, शेख फरहान 78.6 प्रतिशत, अफसा मालिया 71.4 प्रतिशत, वेदांत जैन 70.6 प्रतिशत, अंशिका सिंह 68 प्रतिशत, प्रेरणा भास्कर 66.6 प्रतिशत, वर्षा दर्रो 66.6 प्रतिशत, सुशील शर्मा मिश्रा 66.2 प्रतिशत, समृद्धि ठाकुर 65.4 प्रतिशत है। छात्र/छात्राओं ने दो वर्षो के अंतराल में परीक्षा केन्द्र में वार्षिक परीक्षा दिलाई है। जिसे देखते हुए पैराडाइज का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। सभी उत्तीर्ण हाने वाले छात्र-छात्राएं आगामी सत्र में पैराडाइज हायर सेकेण्डरी स्कूल में सीबीएसई पाठ्यक्रम की अगली कक्षा में प्रवेश प्राप्त कर सकते है। छत्तीसगढ़ बोर्ड परीक्षा में कक्षा 10वीं एवं 12वीं का परीक्षा परिणाम उत्साह जनक आने पर पैराडाइज के सभी कक्षा शिक्षकों एवं विषय शिक्षकों को विशेष बधाई एवं धन्यवाद ज्ञापित किया है तथा प्राचार्य रश्मि रजक एवं मैनेजर योगेश रजक ने छात्र/छात्राओं को शुभकामनाएं प्रदान करते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिये कामनाएं की है।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता बीमार, विधायक ने घर पहुंच कर जाना हाल चाल

रामानुजगंज/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत चुमरा के वयोवृद्ध कांग्रेस नेता लतीफ अंसारी (92 साल) पिछले कुछ समय से अवस्थ्य हैं। इसकी जानकारी रामानुजगंज विधायक विधायक बृहस्पत सिंह को मिली तो हाल-चाल जानने उनके घर पहुंचे। विधायक को देखते ही लतीफ अंसारी भाव विभल हो गए। उनके आंखों से आंसू छलक पड़े। विधायक भी अपने आप को रोक नहीं पाए एवं उनकी आंखें भी नम हो गई। लतीफअंसारी ने कई पुराने बातें विधायक साथ साझा की एवं संघर्ष के दिनों को याद किया। विधायक बृहस्पत सिंह ने कहा कि ग्राम चुमरा लतीफ चाचा जैसे कांग्रेस नेता के बदौलत मुझे हमेशा यहां से आशीर्वाद एवं प्यार मिला। मैं आपके सभी सुख दुख में आपके साथ शामिल रहूं ऐसा मेरा पूरा प्रयास रहता है।

101 प्रकरणों में हाईब्रीड नेशनल लोक अदालत की खंडपीठ द्वारा राजीनामा

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के तत्वाधान एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर-चांपा के मार्गदर्शन में तालुका विधिक सेवा समिति डभरा अंतर्गत व्यवहार न्यायालय डभरा में हाईब्रीड नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। नेशनल लोक अदालत में राजीनामा के लिए 150 दाण्डिक प्रकरण, 12 सिविल प्रकरण एवं 213 प्रीलिटिगेशन प्रकरण रखे गये थे।

विधायक ने प्रावीण्य सूची में आए छात्रों को किया सम्मानित

कांकेर-पखांजूर/नवप्रदेश। हाई स्कूल परीक्षा 2022 के परिणाम में शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल गोण्डाहुर की छात्रा सोनाली बाला ने 98.67 अंक अर्जित कर प्रावीण्य सूची में पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में रायगढ़ बरमकेला की सुमन पटेल के साथ संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया साथ ही कांकेर के परलकोट क्षेत्र से अन्य पांच विद्यार्थियों ने उक्त प्रावीण्य ने सूची में स्थान प्राप्त किया जिनमें कमलेश सरकार आदर्श विद्या निकेतन पीव्ही 46 पखांजूर ने दूसरा, प्रेम विश्वास लाइफ अकादमी हायर सेकेंडरी स्कूल पखांजूर ने पांचवा, कंकना घरामी हायर सेकेंडरी स्कूल गोंडाहूर ने छठवां, हेमा दत्ता आदर्श विद्या निकेतन पीव्ही 46 पखांजूर ने सातवां और नूपुर विश्वास शासकीय हाई स्कूल अंबेडकर नगर पीव्ही 32 ने आठवां स्थान मिला। इन सभी छात्रों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित अंतागढ़ विधायक अनूप नाग ने प्रावीण्य सूची में आए विद्यार्थियों को प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बधाई संदेश दिए एवं उन्हें मुख्यमंत्री के हेलीकॉप्टर से सैर कराने की बात कही। इस अवसर पर विधायक ने विद्यार्थियों और उनके माता पिता और शिक्षक शिक्षिकाओं की भूरी भूरी प्रशंसा की और उन्हें बधाई दी। विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए उन्होंने विधायक मद से प्रत्येक विद्यार्थियों को 10 हजार की प्रोत्साहन राशि प्रदान करने की घोषणा की साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में सहायक संचालक लक्ष्मण कावड़े, एसडीओपी पखांजूर कुजूर, बीईओ कोयलीबेड़ा केआर सिंह, टीआई गोण्डाहुर ध्रुव, भूतपूर्व खंड स्त्रोत समन्वयक कोयलीबेड़ा रंजन दास, प्राचार्य गोण्डाहुर अरुण कीर्तनिया, प्राचार्य अंबेडकरनगर अमिता दास, वरिष्ठ व्याख्याता डॉ. कृष्णमूर्ति शर्मा सहित क्षेत्र के अनेक सम्मानित शिक्षक शिक्षिकाएं, विद्यार्थियों के माता-पिता एवं अभिभावक उपस्थित थे।

ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस ने 6 को किया बरामद

जांजगीर चाम्पा/नवप्रदेश। जिले में चलाये जा रहे ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत 6 बालक-बालिकाओं को बरामद करने में पुलिस को सफलता मिली है।

पुलिस द्वारा जिले में गुम बालक बालिकाओं को बरामद करने के लिये ऑपरेशन मुस्कान अभियान प्रारम्भ किया गया है। ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत जिले के सभी थानों व चौकी मे दर्ज बालको के प्रकरणों का निराकरण करने विशेष टीम तैयार किया गया है जो राज्य के अलावा दीगर राज्य जाकर बालकों को बरामद करने की कार्यवाही करना निर्धारित किया गया था। अभियान के तहत विगत 2 दिन में थाना सक्ती क्षेत्र में गुम 3 प्रकरण, थाना नवागढ़ व अकलतरा के 1-1 प्रकरण तथा चौकी नैला से 1 प्रकरण के नबालिक बालकों को बरामद किया गया। गुम बालकों को सकुशल बरामद कर उनके परिजनों को सुपुर्द किया गया। ऑपरेशन मुस्कान के तहत गुम बालकों को बरामद करने से परिजनों ने अपने बच्चों के देखकर पुलिस को आभार व्यक्त किया।

महिला के साथ छेड़छाड़, आरोपी गिरफ्तार

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। घर अंदर घुसकर महिला के साथ छेडछाड करने वाला आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला नवागढ़ थाना का है। जानकारी के अनुसार 13 मई को प्रार्थिया ने थाना नवागढ़ में सूचना दर्ज करायी कि 12 मई में रात्रि पीड़िता के घर अंदर घुसकर आरोपी संतोष कुमार कहरा हाथ-बाह पकड़कर छेड़छाड़ करने लगा कि रिपोर्ट पर थाना नवागढ़ में धारा 457, 354 के तहत अपराध कायम किया गया। महिला संबंधी अपराध होने से आरोपी की त्वरित गिरफ्तारी हेतु विशेष टीम तैयार कर आरोपी संतोष कहरा को घेराबंदी का गिरफ्तार किया गया। पूछताछ पर आरोपी द्वारा घटना कारित करना स्वीकार करने तथा आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस अधीक्षक ने महिला सेल व सीसीटीएनएस कर्मचारियों की ली बैठक

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। जिले में पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभाकक्ष में महिला विरुद्ध घटित अपराध अनुसंधान इकाई, परिवार परामर्श केंद्र तथा थानों में पदस्थ सीसीटीएनएस के अधिकारियों-कर्मचारियों की बैठक ली गई। बैठक में महिलाओ के ऊपर हो रहे अपराधों पर त्वरित कार्यवाही करने तथा पारिवारिक मामलों को निराकरण करने परिवार परामर्श केंद्र को निर्देश दिया गया। बैठक में नाबालिक बालक बालिकाओं के अपहरण के मामलों का निराकरण हेतु जिले में विशेष टीम तैयार करते हुए ऑपरेशन मुस्कान अभियान चलाने निर्देशित किया गया।

झपुलिस मुख्यालय रायपुर द्वारा महिलाओं की सुरक्षा पर तैयार किये अभिव्यक्ति एप को अधिक से अधिक महिलाओ के मोबाइल में इंस्टाल करवाने निर्देश दिया गया। थानों में कार्यरत सीसीटीएनएस कर्मचारियों को थानों में दर्ज सभी प्रकरणों को अपडेट करने संबंधी निर्देश दिया गया। बैठक में उपस्थित सीसीटीएनएस कर्मचारियों को पुराने प्रकरणों को जल्द से जल्द पोर्टल में अपडेट करने निर्देशित किया।

प्रथम पेज का शेष

हिंदुत्व पर बोले ...

संदेश मतदाताओं में जाता है। विपक्षी पार्टियों द्वारा यह प्रचारित किया जाता है कि कांग्रेस नेतृत्व को सिर्फ चुनाव के समय ही मंदिरों की याद आती है। सारे नेताओं को जाना चाहिए मंदिर-मस्जिद-भूपेश सूत्रों ने बताया कि जब हिंदुत्व के मुद्दे पर सदस्यों में चर्चा चल रही थी तब छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इसका प्रतिरोध किया और कहा कि गांधी को ही नहीं बल्कि कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को भी चुनाव के समय धार्मिक स्थलों का दौरा करना चाहिए। मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारे और चर्च सभी में कांग्रेसी नेताओं को जाना चाहिए। इससे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को धर्म के नाम पर कांग्रेस पर हमला करने का मौका नहीं मिलेगा। बघेल ने कहा कि यदि कांग्रेस के शीर्ष नेता धार्मिक स्थलों पर नहीं जाएंगे तो भाजपा प्रचार करेगी कि इनको धर्म और धर्म स्थलों से कोई लेना-देना नहीं है और यदि ऐसा होता है तो उसका सीधा लाभ भाजपा को चुनाव के दौरान मिलेगा।

समय की कसौटी ...

प्रधानमंत्री ने कहा कि वह पिछले महीने श्री देउबा की भारत यात्रा के दौरान सार्थक चर्चा के बाद फिर से उनसे मिलने के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने कहा, हम जलविद्युत, विकास और संपर्क सहित कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए अपनी साझा समझ को आगे बढ़ाना जारी रखेंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा, मैं पवित्र मायादेवी मंदिर के दर्शन के अलावा लुंबिनी मठ क्षेत्र में इंडिया इंटरनेशनल सेंटर फॉर बौद्ध कल्चर एंड हेरिटेज के शिलान्यास समारोह में भी भाग लूंगा। वह नेपाल सरकार द्वारा आयोजित बुद्ध जयंती के अवसर पर आयोजित समारोह में भी शामिल होंगे। श्री मोदी नेपाल सरकार के तत्वावधान में लुंबिनी डेवलपमेंट ट्रस्ट द्वारा आयोजित बुद्ध जयंती कार्यक्रम को भी संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि श्री मोदी की यात्रा भारत की 'नेबरहुड फर्स्ट' की नीति को आगे बढ़ाने के लिए भारत और नेपाल के बीच नियमित उच्च स्तरीय आदान-प्रदान की परंपरा को जारी रखने की दिशा में अगला कदम है। यह दोनों देशों के लोगों की साझा सभ्यतागत विरासत को भी रेखांकित करता है।

कांग्रेस के बाद भाजपा ...

को लेकर चर्चा होगी। पांच बार से लगातार गुजरात में भाजपा की सरकार है। ऐसे में एंटी इनकबेंसी फैक्टर से लड़ने के लिए भी तैयारी की जाएगी। वहीं बढ़ती महंगाई, पेट्रोल डीजल की बढ़ती कीमतें और रोजगार के मुद्दों से निपटने की रणनीति बनाई जाएगी।

कांग्रेस के वोटबैंक में सेंध लगाना चाहती है, क्व?

गुजरात में इस बार आम आदमी पार्टी ने भी जोर आजमाइश करना शुरू कर दिया है। पिछले चार दशकों से यहां भाजपा और कांग्रेस के बीच ही टक्कर हुआ करती थी। हालांकि इस बार आम आदमी पार्टी कांग्रेस के पारंपरिक वोट बैंक में सेंध लगाने की फिराक में है। आम आदमी पार्टी खुद को कांग्रेस के विकल्प के तौर पर पेश कर रही है। वहीं, हुस्रूरू भी गुजरात चुनाव में उतरने वाली है।

आस्ट्रेलिया के पूर्व ...

लग जाने की वजह से उनकी मौत हो गई।

क्रिकेटर्स ने किया याद

46 साल के एंड्रयू साइमंड्स की मौत के बाद क्रिकेट जगत में निराशा छा गई है। पूर्व क्रिकेटरों ने शोक प्रकट किया है। पूर्व भारतीय क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने सोशल मीडिया पर पोस्ट के जरिए साइमंड्स की मौत पर दुख जताया है। सचिन ने लिखा, 'एंड्रयू साइमंड का निधन हम सभी के लिए चौंकाने वाली खबर है। वह न केवल एक शानदार ऑलराउंडर थे, बल्कि मैदान पर एक लाइव-वायर भी थे। मुंबई इंडियंस में हमने यादगार समय बिताया है। उनकी आत्मा को शांति मिले, उनके परिवार और दोस्तों के प्रति संवेदना।'

दिग्गजों ने की भावुक पोस्ट

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर एडम गिलक्रिस्ट ने सोशल मीडिया पर पोस्ट के जरिए अपना दुख साझा किया है। उन्होंने कहा कि ये काफी दर्दनाक है। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मार्क टेलर ने कहा कि 'ये क्रिकेट के लिए एक और दुखभरा दिन है।' पाकिस्तानी दिग्गज शोएब अख्तर ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा कि फील्ड पर और उससे परे हमारा खूबसूरत रिश्ता था।

दिग्गज ऑलराउंडर थे साइमंड्स

साइमंड्स की गिनती ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज ऑल राउंडरों में होती थी। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के लिए 26 टेस्ट, 198 वनडे और 14 टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले थे। साइमंड्स 2003 और 2007 में वर्ल्ड कप जीतने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम का अहम हिस्सा थे। इसके अलावा आईपीएल में भी साइमंड्स ने अपने बल्लेबाजी और गेंदबाजी का जलवा पूरी दुनिया ने देखा था। 2008 में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच सिडनी में खेले गए टेस्ट मैच के दौरान एंड्रयू साइमंड्स और हरभजन सिंह के बीच विवाद हुआ था। जिसमें साइमंड्स ने हरभजन पर उन्हें मंकी (बंदर) कहने का आरोप लगाय था। इस मामले को 'मंकीगेट' कहा जाता है।

जब साइमंड्स का दोस्त बना दुश्मन

मौत से कुछ ही दिन पहले साइमंड्स ने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क पर कई गंभीर आरोप लगाए थे। उन्होंने बताया था कि किस तरह उनका दोस्त कप्तान बनने के बाद बदल गया था और जब उन्हें आईपीएल में बेशुमार दौलत मिली तो रिश्ते भी टूट गए। एक समय आया जब टीम के अंतरिम कप्तान माइकल क्लार्क ने टीम मीटिंग को छोड़कर फिशिंग करने की वजह से साइमंड्स को टीम से बाहर कर दिया था। पूर्व ऑलराउंडर ने कहा था-आईपीएल के पहले सीजन की नीलामी में बड़ी राशि मिलने के बाद क्लार्क उनसे जलने लगे थे। उन्होंने कहा था, 'जब क्लार्क टीम में आए थे तो मैं उसके साथ काफी बल्लेबाजी करता था। इसलिए मैंने उनका पूरा ख्याल रखा। इससे हम करीब आ गए। मैथ्यू हेडन ने मुझसे कहा था कि जब आईपीएल शुरू हुआ, मुझे आईपीएल में खेलने के लिए काफी पैसा मिला। क्लार्क को इससे जलन होने लगी और यह हमारे रिश्ते के बीच में आ गया।'

भाकियू में दो फाड़...

जमकर आलोचना की गई। इसके बाद संठगन ने अलग गुट बनाने का फैसला किया था। उनकी कथित राजनीतिक गतिविधियों को लेकर किसानों में जबरदस्त नाराजगी भी देखने को मिली है। राकेश टिकैत के समर्थकों और विरोधियों में टकराव टालने के लिए आयोजन स्थल पर भारी सुरक्षा बल तैनात कर दिया गया है।

नवनीत का उद्धव ...

दिया। कहां काम दिया?

देवेंद्र फडणवीस की सरकार के बाद महाराष्ट्र में बेरोजगारी 3 गुना बढ़ी है। सीएम डेटा निकाल कर देख सकते हैं। उन्होंने अपनी सभा में सिर्फ विरोधियों पर हमले किए। महाराष्ट्र की समस्याओं के समाधान को लेकर कोई विजन नहीं दिया। एक वाक्य तक नहीं बोला। पीएम मोदी का फोटो लगाकर चुनाव जीते और अब उनके खिलाफ ही बोल रहे हैं। लाचार सीएम की लाचार सभा में महाराष्ट्र के लिए था क्या? नवनीत राणा ने आगे कहा कि शिवसेना के एजेंडा में था औरंगाबाद का नाम औरंगजेब के नाम से हटा कर संभाजीनगर किया जाएगा। कल संभाजी राजे की जयंती थी। आपने बोल दिया कि औरंगाबाद का नाम बदलने की क्या आवश्यकता है। क्योंकि आपको मालूम है कि अगर आपने औरंगाबाद का नाम बदलने की कोशिश की तो आपके साथ वाले सपोर्ट छीन लेंगे और आप मुख्यमंत्री नहीं रह जाएंगे। इसीलिए अब आप कहते हैं कि नामांतरण की क्या आवश्यकता है? राज ठाकरे पर टिप्पणी को लेकर भी नवनीत राणा ने उद्धव ठाकरे पर हमला बोला। नवनीत राणा ने बोला कि सपने सच होते हैं। जिनमें सपने देखने की हिम्मत होती है, वही उन्हें सच करते हैं। अगर राज ठाकरे का जादू चल गया और उस मुन्नाभाई की तरह यह मुन्नाभाई भी सुपरहिट हो गया तो उद्धव जी आप मुश्किल में आ जाओगे।

मुंडका हादसाः घेवरा ...

दिल्ली के मुंडका के पास एक इमारत में शुक्रवार को भीषण आग लगने के मामले में मामला दर्ज किया गया है। श्री शर्मा ने कहा, हम हर पहलू पर नजर बनाए हुए हैं। इमारत के दस्तावेजों की जांच की जा रही है कि क्या इमारत को फायर एनओसी मिला हुआ था। श्री शर्मा ने कहा कि पुलिस ने डिजिटल वीडियो रिकॉर्डर (डीवीआर) बरामद किया है, जिसका विश्लेषण किया जा रहा है। इमारत से जुड़े सभी दस्तावेजों का विश्लेषण किया जाएगा। शवों की पहचान के लिए डीएनए के बचे हुए नमूने आज लिए जाएंगे। इससे पहले, पुलिस ने प्रारंभिक जांच के बाद कहा था कि जिस इमारत में आग लगी थी वह एक चार मंजिला कमर्शियल बिल्डिंग थी, जिस पर कई कंपनियों ने ऑफिस थे।

रमन राजनांदगांव में...

भाजपा जिला अध्यक्ष मधुसूदन यादव मौजूद रहेंगे। नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक, पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल, भाजपा प्रदेश महामंत्री भूपेंद्र सवन्नी, भाजपा जिला अध्यक्ष रामदेव कुमावत बिलासपुर में शामिल होंगे। राज्यसभा सांसद सरोज पांडेय, पूर्व मंत्री प्रेमप्रकाश पांडेय, विधायक विद्यारतन भसीन दुर्ग में मौजूद रहेगे।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग सूरजपुर जिला-सूरजपुर (छत्तीसगढ़)

Phone : 07775-266048 E-mail ID : ee-res.surajpur@gov.in

'निविदा आमंत्रण सूचना प्रथम बार'

क्रमांक/811/वलेलि/ग्रा.यां.से./2022-23 सूरजपुर, दिनांक 11.05.2022

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से लोक निर्माण विभाग छत्तीसगढ़ में एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत 'डी' एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु प्रतिशत दर पर ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रु. लाख में)	निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि
1	2	3	4
1	Zonal tender under Janpad Panchayat Surajpur, Bhaiyathan, Odgi, Pratappur Ramanujnagar and Premnagar Distt-Surajpur (C.G.) रुपये 4000000 लाख की परिधि में प्रति नग 10 लाख से कम लागत के	40.00 लाख	26.05.2022

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी दिनांक 11.05.2022 से कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर एवं विभागीय वेबसाईड https://cgres.cgeprocurement.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
संभाग सूरजपुर, जिला-सूरजपुर

जी-91185/3

कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) जिला कोरिया (छ.ग.)

दूरभाष एवं फैक्स नंबर-07836-232859 E-mail-actd.koriya@nic.in

//निविदा आमंत्रण सूचना//

क्रमांक/निर्माण/न.क.-400-2/2022-23/460 बैकुण्ठपुर, दिनांक 09.05.2022

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत श्रेणी 'द' एवं उससे ऊपर पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत राशि (रू. लाख में)
1	2	3
1	आदिवासी बालक आश्रम देवानीबांध का जीर्णोद्धार कार्य	394500.00
2	आदिवासी कन्या आश्रम बुढ़ार का जीर्णोद्धार कार्य	197376.00
3	आदिवासी प्री.मै.कन्या छात्रावास उधनापुर में बाउण्ड्रीवाल कार्य	297398.00
4	प्री.मै.अनु.ज.जा. कन्या छात्रावास केल्हारी वि.खं. मनेन्द्रगढ़ में डायनिंग रूम का कार्य, खिड़की लगाना, दरवाजा लगाना एवं पेंटिंग का कार्य	272000.00
5	प्री.मै.अनु.ज.जा. बालक छात्रावास केल्हारी, वि.खं. मनेन्द्रगढ़ में खिड़की, दरवाजा लगाना बिजली फिटिंग, मच्छर जाली लगाने एवं पेंटिंग का कार्य	528000.00
6	प्री.मै. आदि. कन्या छात्रावास कुडेली का जीर्णोद्धार कार्य	689000.00
7	प्री.मै. आदि. बालक छात्रावास कुड़ेली का जीर्णोद्धार कार्य	454000.00
8	प्री.मै. आदि. बालक छात्रावास सारा में वियरिंग कोट का कार्य	785793.00
9	प्री.मै.अनु.ज.जा. कन्या छात्रावास केल्हारी में दरवाजा एवं खिड़की मरम्मत, पेंटिंग एवं सुधार कार्य	192000.00
10	आदिवासी प्री.मै. बालक छात्रावास देवगढ़ में खिड़की मरम्मत एवं दरवाजा सुधार कार्य	158000.00
11	बालक क्रीड़ा परिसर लालपुर में दरवाजा, खिड़की मरम्मत, फर्श मरम्मत एवं विद्युतीकरण कार्य	220000.00
12	पो.मै. आदि. बालक छात्रावास जनकपुर में खिड़की मरम्मत, मच्छरजाली लगाना, ग्रिल एवं टॉयलेट का मरम्मत, टॉयलेट का दरवाजा मरम्मत, खिड़की मरम्मत भाग-2 एवं विद्युतीकरण कार्य।	536000.00
13	प्री.मै. आदि. बालक छात्रावास कुंवारपुर में खिड़की मरम्मत, दरवाजा सुधार, सेनेटरी एवं पाईप लाईन का कार्य एवं विद्युतीकरण कार्य	349000.00
14	प्री.मै. आदि. बालक छात्रावास बहरासी में पानी टंकी एवं पाईप लाईन का कार्य एवं टॉयलेट मरम्मत कार्य	170000.00

1. निविदा हेतु आवेदन प्रस्तुत करने का दिनांक 20.05.2022 तक
2. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने का दिनांक 23.05.2022 तक
3. निविदा प्रपत्र जमा करने का दिनांक 24.05.2022 तक
4. निविदा प्रपत्र खोलने का दिनांक 26.05.2022 दोपहर 12.00 बजे से

निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कोरिया के कार्यालयीन सूचना पटल से प्राप्त की जा सकती है। निविदा प्रपत्र मूल्य सरल क्र. 2, 9, 10 एवं 14 का 300.00 एवं शेष सभी निविदा प्रपत्रों का मूल्य 750.00

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास कोरिया

जी-91173/3

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सरोरा रोड, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर वर्मा एग्जोटीका फ्लैट नंबर 103, सर्किट हाउस के सामने बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- प्रमोद शर्मा* प्रबंध संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, फोन नंबर : 8120029029-9406245514, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

न्यूज गैलरी

त्रिधा चौधरी को मात देंगी ईशा गुप्ता? लोगों को याद आए पुराने बोल्ड सीन्स

मुंबई। आश्रम 3 का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। सीरीज के फैन्स इसको देखकर अपनी-अपनी राय दे रहे हैं। ट्रेलर में नया एंट्री ईशा गुप्ता की है। वहीं त्रिधा चौधरी की एक झलक दिखाई गई है। इस पर उनके फैन्स और ज्यादा की डिमांड कर रहे हैं। लोगों ने सीजन 2 के बोल्ड सीन्स याद किए हैं। उनके फैन्स ने लिखा है कि सीरीज के पॉप्युलर होने का एक रीजन वह भी थीं। ट्रेलर में बॉबी देओल की भी तारीफ की जा रही है। वहीं ईशा गुप्ता को लेकर भी लोग एक्साइटेड हैं। ट्रेलर में ईशा के साथ बॉबी के बोल्ड सीन्स की झलक देखने को मिली है।

लोग बोले- त्रिधा के लिए देख रहे ट्रेलर

बॉबी देओल की वेब सीरीज आश्रम का लोग लंबे वक्त से इंतजार कर रहे थे। इसका ट्रेलर आने के बाद सोशल मीडिया पर इसके चर्चे हो रहे हैं। लोग सीरीज के लिए काफी एक्साइटेड हैं। बॉबी देओल और त्रिधा चौधरी के लिए सबसे ज्यादा क्रेज दिख रहा है। यूट्यूब वीडियो पर एक फैन ने कमेंट किया है, सीरीज में साफ दिख रहा है कि बॉबी बुरे ऐक्टर नहीं हैं, उन्हें बस अच्छी स्क्रिप्ट की जरूरत है। एक और ने लिखा है, त्रिधा ट्रेलर में सिर्फ 1 सेकंड के लिए दिखीं। उम्मीद करते हैं उनके और सीन्स होंगे। क्योंकि सीरीज के लोकप्रिय होने की एक वजह वह भी हैं। एक और ने लिखा है, त्रिधा का बाबा के साथ इंटिमेट सीन। वहीं त्रिधा के एक फैन ने लिखा है कि सच बोलें तो ट्रेलर देखने भी त्रिधा की वजह से आए हैं।

तकिये के साथ शूट हुआ था सीन

आश्रम के बोल्ड सीन्स के बारे में त्रिधा चौधरी पहले इंटरव्यू में बता चुकी हैं। उन्होंने कहा था कि ये सीन करने में काफी दिक्कत हुई थी। उन्हें इस बात का डर था कि क्लिप्स से छेड़छाड़ करके कोई ये सीन वायरल न कर दे। त्रिधा ने बताया था कि सीन तकिए की मदद से फिल्माया गया था और सेट्स पर कई लोग थे। उनका कहना था कि लोगों को जैसा दिखता है वे वैसा ही समझते हैं। उन्हें नहीं पता होता कि ऐसे सीन्स कैसे फिल्माए जाते हैं। उन्होंने बॉबी देओल की भी तारीफ की थी। बताया था कि वह शादीशुदा हैं और इस बात का ध्यान रखा था कि मुझे कों दिक्कत न हो।

मीरा कपूर को बोरिंग लगता है शाहिद कपूर का सोशल मीडिया गेम

नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्टर शाहिद कपूर और उनकी पत्नी मीरा कपूर दोनों ही सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं। दोनों ही सेलेब्रिटीज आए दिन अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ से जुड़ी चीजें इंस्टाग्राम पर शेयर करते रहते हैं। शाहिद कपूर के इंस्टाग्राम पर 3 करोड़ 46 लाख फॉलोअर्स हैं जबकि मीरा कपूर को इंस्टाग्राम पर 36 लाख से ज्यादा लोग फॉलो करते हैं। दिलचस्प बात ये है कि सोशल मीडिया को लेकर दोनों का ही नजरिया काफी अलग है।

मीरा खींचती हैं शाहिद की टांग

बातचीत में शाहिद कपूर ने बताया कि उनकी पत्नी मीरा राजपूत को ये पूरा सोशल मीडिया गेम ही 'बोरिंग' लगता है। शाहिद कपूर ने कहा, 'वो पिछले कुछ सालों से मेरी टांग खींचती है कि शाहिद तुम्हारा सोशल मीडिया गेम बहुत खराब है, बिलकुल बेकार, तुम कितने बोरिंग हो। शाहिद कपूर ने कहा कि लॉकडाउन के दौरान वो ज्यादातर वक्त पंजाब में रहे थे। वहां का माहौल बिलकुल अलग था, मैं अलग ही मिजाज में रहता था।

शाहिद कपूर ने बताया, 'जिस पल मैं मुंबई आया, जो कि तो मेरे दिमाग में कुछ ऐसा चल रहा था कि मैं बदला लेने आ रहा हूं मीरा।' मीरा और अपनी सोशल मीडिया एक्टिविटी के बारे में शाहिद कपूर ने कहा, 'हम बहुत मर्जी से अपने बच्चों की तस्वीरें पोस्ट नहीं करते हैं। जैन की सिर्फ एक तस्वीर है जिसे मैंने अपनी मर्जी से शेयर किया था, या शायद दो होंगी।' शाहिद कपूर ने कहा कि वह अपने बच्चों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट करने से बचते हैं।

इंस्टाग्राम पर ऐसी है शाहिद की प्रिजेंस

शाहिद कपूर की सोशल मीडिया पर मौजूदगी काफी नॉन कॉन्ट्रोवर्शियल होती है। शाहिद कपूर अमूमन अपनी फिल्मों से जुड़े अपडेट या फिर अपनी प्रमोशन एक्टिविटी से जुड़ी पोस्ट करते हैं। इसके अलावा उन्हें वो चीजें भी इंस्टाग्राम पर पोस्ट करना पसंद है जो वो रियल लाइफ में पसंद करते हैं। हाल ही में शाहिद ने अपनी बॉयज ट्रिप की फोटोज सोशल मीडिया पर डाली थीं।

कोरोना से संक्रमित हुए अक्षय कुमार

मुंबई। अक्षय कुमार कोरोना से संक्रमित हो गए हैं। उनका कोविड-19 टेस्ट पॉजिटिव आया है। अक्षय ने एक ट्वीट कर खुद यह जानकारी दी है। वह कान्स फिल्म फेस्टिवल जाने वाले थे ऐसे में अब वह नहीं जा पाएंगे। वह एआर रहमान, शेखर कपूर, पूजा हेगड़े और केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर के साथ भारतीय दल का प्रतिनिधित्व करने जाने वाले थे। अक्षय ने अपने पोस्ट में लिखा कि वह काफी उत्सुक थे। फिलहाल वह आराम करेंगे। उन्होंने पूरी टीम को शुभकामनाएं दी हैं।

ट्वीट कर क्या लिखा

कान्स फिल्म फेस्टिवल 17 मई से शुरू होगा। अक्षय ने कहा, 'कान्स 2022 में हमारे सिनेमा के लिए उत्सुक था। यह दुखद है कि मेरा कोविड-19 टेस्ट पॉजिटिव आया है। अभी आराम करूंगा। अनुराग ठाकुर और पूरी टीम को ढेर सारी शुभकामनाएं। असल में बहुत मिस करूगा।' यह दूसरी बार है जब अक्षय कोरोना वायरस की चपेट में आए हैं। इससे पहले अप्रैल 2021 में वह कोरोना से संक्रमित हो गए थे। उन्होने ट्वीट करके अपने कोविड -19 से संक्रमित होने की जानकारी दी थी।

आने वाली फिल्म

अक्षय की फिल्मों की बात करें तो वह 'पृथ्वीराज' में नजर आएंगे। इसमें उनके साथ पूर्व विश्व सुंदरी मानुषी छिल्लर हैं। फिल्म का निर्देशन चंद्रप्रकाश द्विवेदी ने किया है। इसे यशराज बैनर ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म में अक्षय और मानुषी के अलावा संजय दत्त और सोनू सूद की भी अहम भूमिका है। 'पृथ्वीराज' 3 जून को हिन्दी, तमिल और तेलुगू भाषा में रिलीज होगी।

दुनिया के लिए सोमवार रात को साल का पहला पूर्ण चंद्रग्रहण

16 मई को लगने वाला ग्रहण भारत में नजर नहीं आएगा

चंद्रग्रहण के दिन दो शुभ संयोगों का भी हो रहा है निर्माण

भारतीयों पर दुष्प्रभाव नहीं होगा, जहां ग्रहण दिखता वहीं असर होता है

मान्यता: ग्रहण के बाद चांदी, दूध, चीनी, चावल का दान करने से बाधाएं दूर होंगी

रायपुर/ नवप्रदेश। साल का पहला चंद्रग्रहण 16 मई सोमवार को लगने जा रहा है। ज्योतिषीय गणना के अनुसार, ये एक पूर्ण चंद्रग्रहण होगा और विदेशों में नजर आएगा। ग्रहण भारत में नजर नहीं आएगा। इस दिन बुद्ध पूर्णिमा भी है। साल के पहले चंद्रग्रहण के दिन दो शुभ संयोग बन रहे हैं। ज्योतिषाचार्यों के मुताबिक, ग्रहण के दौरान कुछ सावधानी रखने और नियम का पालन करना जरूरी होता है ताकि उसका दुष्प्रभाव न पड़े।

ग्रहण का सूतक नहीं होगा

16 मई को लगने वाला ग्रहण, पूर्ण चंद्रग्रहण है। यह चंद्रग्रहण भारत में दिखाई नहीं देगा, इसलिए सूतक के नियमों का पालन करना जरूरी नहीं है। अगर आप खाना चाहते हैं, सोना चाहते हैं तो कर सकते हैं। लेकिन अगर आप ग्रहण का लाभ उठाना चाहते हैं तो ग्रहण के समय ध्यान करें। ये आपके लिए काफी अच्छा होगा।

दान करेंगे तो दूर होंगी बाधाएं

अगर आप चाहते हैं कि चंद्रमा आपको परेशान न करे, तो ग्रहण के बाद दान कर सकते हैं। ग्रहण के बाद अगर आप चांदी, दूध, चीनी, चावल का दान करते हैं तो, इससे चंद्रमा की बाधाएं दूर हो जाएंगी। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार, साल के पहले चंद्रग्रहण का इन तीन राशि वालों को लाभ मिलेगा।

मेष राशि- चंद्रग्रहण के दौरान बनने वाले दो शुभ योग के कारण मेष राशि वालों के लाभ हो सकता है। करियर के लिहाज से ये समय बहुत बेहतर है। धन लाभ के योग बनेंगे। नौकरी पेशा करने वाले जातकों के लिए यह ग्रहण शुभ है। प्रॉपर्टी में निवेश बढ़ सकता है। साथ ही परिवार की कलह दूर होगी

सिंह राशि- चंद्रग्रहण पर बनने वाले योग से सिंह राशि वालों को लाभ होगा। नौकरी में प्रमोशन की संभावनाएं हैं। आय के नए साधन बनेंगे। वैवाहिक जीवन सुखद रहेगा। अविवाहित लोगों को शादी-विवाह के प्रस्ताव मिल सकते हैं।

धनु राशि- धनु राशि वालों के लिए ग्रहण लाभकारी है। तरक्की मिल सकती है। नई नौकरी के योग बनेंगे। व्यापारियों को धन लाभ होने की संभावना है। आर्थिक मोर्चे पर भी लाभ होगा। घर के सदस्यों का सहयोग मिलेगा।

भेड़ाघाट में नाइट बोटिंग दिखेगा दूधिया चट्टानों का संसार

मप्र के जबलपुर में नर्मदा नदी पर पर्यटकों के लिए सौगात

भेड़ाघाट पर अब रात में पर्यटक नौका विहार कर सकेंगे

चांद की दूधिया रोशनी में दिखता संगमरमर चट्टानों का नजारा

कलेक्टर ने दी भेड़ाघाट में नौका विहार की सशर्त अनुमति

16 मई को बुद्ध पूर्णिमा के लिए की गई खास तैयारियां

मध्य प्रदेश। जबलपुर में नर्मदा नदी पर स्थित भेड़ाघाट पर अब रात के समय पर्यटक नौका विहार का आनंद मिलेगा। ये घाट चांद की दूधिया रोशनी में संगमरमर चट्टानों के लिए जग प्रसिद्ध है। 16 मई को बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर भेड़ाघाट में नौका विहार की सशर्त अनुमति जबलपुर के कलेक्टर ने दी है। इसके बाद पर्यटक 13 से 17 मई तक इस अद्भुत नजारे को देख सकेंगे।

रात में पर्यटक बिना लाइफ जैकेट पहने नौका विहार नहीं कर सकेंगे। साथ ही पर्यटक और नाविक किसी भी प्रकार के मादक पदार्थ का सेवन नहीं करेंगे।

महंगाई की मार, सीएनजी दो रुपए और महंगी

देश के लोगों पर महंगाई की और मार तेज

रविवार सुबह 6 बजे सीएनजी दो रुपए महंगी

अब सीएनजी दिल्ली में 73.61 रुपये प्रति किलोग्राम

बाकी शहरों में भी सीएनजी की कीमत में इजाफा

नई दिल्ली। देश में महंगाई की मार अब और भी तेज हो गई है। इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड ने रविवार सुबह 6 बजे से दिल्ली-एनसीआर में कंप्रेस्ड नेचुरल गैस यानी की कीमत में 2 रुपए प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी की है। नई बढ़ोतरी के साथ, सीएनजी की कीमत अब दिल्ली में 73.61 रुपये प्रति किलोग्राम, नोएडा में 76.17 रुपये प्रति किलोग्राम और गुरुग्राम में 81.94 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है।

आईजीएल ने देश के अन्य हिस्सों में भी गैस की कीमतों में इजाफा किया है। रेवाड़ी में सीएनजी 84.07 रुपए प्रति किलो बिक रही है। बढ़ोतरी के बाद करनाल और कैथल में 82.27 रुपए प्रति किलो है। उत्तर प्रदेश के कानपुर, हमीरपुर और फतेहपुर में 85.40 रुपए और राजस्थान के अजमेर, पाली और राजसमंद में 83.88 रुपए बिक रही है।

शहर के गैस वितरक पिछले साल अक्टूबर से समय-समय पर कीमतें बढ़ाते रहे हैं, जब घरेलू और अंतरराष्ट्रीय गैस की कीमतें बढ़ने लगी है और इजाफा किया गया है।

न्यूयॉर्क में अंधाधुंध फायरिंग 10 की मौत

बफेलो में एक सुपर मार्केट में 18 साल का किशोर बंदूक लेकर घुसा

फ़ायरिंग में 10 की मौत, 13 लोग बुरी तरह जख़्मी

न्यूयॉर्क। अमेरिका में एक बार फिर हिंसक वारदात हुई है और उसके निशाने पर अश्वेत नगारिक हैं। न्यूयॉर्क राज्य के बफ़ेलो में 18 साल का एक किशोर बंदूक लेकर एक सुपर मार्केट में घुसा और अंधाधुंध फ़ायरिंग कर दी। इसमें 13 लोग बुरी तरह जख़्मी हो गए, जिनमें से 10 की मौत हो गई। यह सुपर मार्केट अश्वेत बहुल इलाक़ा है और मरने वालों में ज़्यादातर लोग अश्वेत हैं। इसे अश्वेतों के ख़िलाफ़ एक और हेट क्राइम और नस्लीय हिंसा माना जा रहा है।

बफ़ेलो पुलिस आयुक्त जोसेफ ग्रैमाग्लिया ने बताया है कि 13 लोगों को गोली मार दी गई और मरने वालों में अधिकांश लोग अश्वेत नगारिक हैं। माना जा रहा है कि संदिग्ध घंटों गाड़ी चला कर शहर के उस इलाके में आया जहां बड़ी आबादी काले लोगों की है।

अमेरिकी जांच एजेन्सी फ़ेडरल ब्यूरो ऑफ़ इनवेस्टीगेशन यानी एफ़बीआई ने गोलीबारी की इस घटना की पुष्टि की है और इसे 'हिंसक उग्रवाद' बताया है।

एफ़बीआई के बफ़ैलो कार्यालय के एजेंट प्रभारी स्टीफ़न बेलोंगिया ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, हम इस घटना की जांच हेट-क्राइम और नस्लीय रूप से प्रेरित हिंसक चरमपंथ के मामले के रूप में कर रहे हैं। सुपर मार्केट में सुरक्षा गार्ड के रूप में काम कर रहे एक सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी एरन सॉल्टर ने संदिग्ध को गोली मारने की कोशिश की, लेकिन इस हमले में वे मारे गए। हमलावर को गिरफ़्तार कर लिया गया है।

एरी काउंटी के ज़िला अटॉर्नी जॉन फ्लिन ने कहा कि संदिग्ध को फर्स्ट-डिग्री मर्डर का अभियुक्त बनाया गया है, और उसे अदालत में पेश किया जाएगा। एक पुलिस सूत्र ने एक टेलीविज़न चैनल पर दावा कि है हमलावर व्यक्ति ने हमले के दौरान नस्लीय अपशब्द का इस्तेमाल किया था।

बफ़ेलो के मेयर बायरन ब्राउन ने कहा है,

यह एक बेहद बुरे सपने जैसा है और कोई भी समुदाय इसका निशाना बन सकता है। मैं दुखी हूं और मुझमें बेहद गुस्सा है। हम इन नफ़रती लोगों को खुद को बांटने नहीं दे सकते। हमले के चश्मदीद ग्रैडी लेविस ने स्थानीय मीडिया को बताया कि उन्होंने उस व्यक्ति को गोली मारते हुए देखा। उन्होंने कहा, मैंने देखा कि आदमी सेना के जवान की तरह अंदर जाता है, थोड़ा झुकता है और लोगों पर ताबड़तोड़ गोली चलाने लगता है।

शनिवार को न्यूयॉर्क के गवर्नर कैथी होचुल ने कहा कि संदिग्ध एक गोरा वर्चस्ववादी था जो आतंकवाद के काम में शामिल था। यह हमला आर्मी की शैली में किया गया और निशाना वे लोगो बने जो घरों से बाहर घर का सामान खरीदने आए थे।

बाइडेन ने जताया दुख-

इस वारदात पर जो बाइडन ने भी प्रतिक्रिया जताई है। व्हाइट हाउस ने एक बयान में कहा, इस घटना में मारे गए लोगों के परिवारों को यह दुख सहने की शक्ति मिले राष्ट्रपति और प्रथम महिला की यही प्रार्थना है।

पहली बार थॉमस कप जीतकर भारत ने रचा इतिहास

14 बार की चैंपियन इंडोनेशिया को हराया

पांच में से कम से कम जीतने होंगे तीन मैच तब माना जाएगा विजेता।

नई दिल्ली। भारत ने इंडोनेशिया को थॉमस कप के फाइनल मैच में हराकर इतिहास रच दिया है। भारत ने 14 बार यह टूर्नामेंट जीतने वाली टीम को पराजित किया है। लक्ष्य सेन ने पहले और सात्विक चिराग की जोड़ी ने दूसरे मैच में भारत को जीत दिलाई। इसके बाद किदांबी श्रीकांत ने तीसरा मैच जीतकर भारतीय टीम को पहली बार थॉमस कप का चैंपियन बनाया। लक्ष्य सेन ने पहले मैच में डिफेंडिंग चैंपियन इंडोनेशिया के एंतोनी सिनिसुका को 8-21, 21-17, 21-16 से मात दी। दूसरे मैच में भी सात्विक चिराग की जोड़ी ने भी 18-21, 23-21, 21-19 से जीत हासिल की। तीसरा मैच श्रीकांत और क्रिस्टी के बाच खेला जा रहा है और पहला सेट किदांबी श्रीकांत ने जीत लिया है। भारतीय टीम ने मलेशिया और डेनमार्क जैसी मजबूत टीमों को हराकर पहली बार फाइनल में जगह बनाई। इस टूर्नामेंट में भारत सिर्फ एक मैच हारा था, जब ग्रुप स्टेज में चीनी ताइपे ने उसे मात दी थी। वहीं, इंडोनेशिया की टीम फाइनल से पहले इस टूर्नामेंट में अजेय रही। श्रींकात और क्रिस्टी के बीच मुकाबला जारी भारत के किदांबी श्रींकात और इंडोनेशिया के जॉनथन क्रिस्टी के बीच मुकबला जारी है। श्रीकांत ने पहला सेट 21-15 के अंतर से जीत लिया है। दूसरा से भी श्रीकांत ने जीतकर भारत को चैंपियन बना दिया। दूसरे मैच में सात्विक-चिराग की जोड़ी भी जीती दूसरे मैच में सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी का सामना केविन संजाया और मोहम्मद अहसान से था। पहला सेट इंडोनेशिया की जोड़ी ने 21-18 से जीता, जबकि दूसरे सेट में भारतीय जोड़ी ने 23-21 से जीत हासिल की। इसके बाद तीसरा सेट भी सात्विक-चिराग की जोड़ी ने 21-19 से अपने नाम किया और मैच में भारत को 2-0 की बढ़त दिला दी है।

लक्ष्य ने पहला मैच अपने नाम किया-

लक्ष्य और एंथोनी सिनिसुका के बीच मुकाबला काफी रोमांचक रहा। एंथोनी ने पहला सेट 21-8 से अपने नाम किया। वहीं, लक्ष्य ने दूसरे सेट में वापसी की और 21-17 से जीत हासिल की। तीसरा सेट भी 21-16 से जीतकर लक्ष्य ने मैच अपने नाम कर लिया।

भारत-इंडोनेशिया फाइनल मैच शेड्यूल
मैच 1 पुरुष एकल (लक्ष्य सेन ने भारत को जीत दिलाई)व
मैच 2 पुरुष डबल्स (सात्विक-चिराग की जोड़ी भी जीती)
मैच 3 पुरुष एकल
मैच 4 पुरुष डबल्स
मैच 5 पुरुष एकल
फाइनल मैच में भारतीय टीम
एकल: लक्ष्य सेन, किदांबी श्रीकांत, एचएस प्रणय, प्रियांशु राजावती।

असम में बर्बादी की बाढ़, तीन की मौत, जनजीवन प्रभावित

कई रिहायशी और कमर्शियल इमारतों को नुकसान,लुमडिंग-बदरपुर मार्ग की कई ट्रेनें रद्द

डिब्रूगढ़। असम में लगातार हो रही बारिश से कई इलाकों में बाढ़ आई हैं। राज्य के दीमा हसाओ जिले में भारी बाढ़ का सामना लोगों को करना पड़ रहा है। घर, खेत, सड़क और इमारतों को काफी नुकसान पहुंचा है, जिसके कारण जिले के हजारों लोग बुरी तरह प्रभावित हुए। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की एक रिपोर्ट के मुतबिक, दीमा हसाओ में पिछले कुछ दिनों से लगातार बारिश के कारण जनजीवन प्रभावित हुआ है और कई रिहायशी और कमर्शियल इमारतों को नुकसान पहुंचा है। जिले में कुछ जगहों पर भूस्खलन की घटनाएं हुई हैं, जिससे माईबांग और माहूर के बीच रेल मार्ग प्रभावित हुआ है। कई ट्रेनें देरी से चल रही हैं।

लुमडिंग-बदरपुर ट्रैक की ट्रेनें रद्द

बाढ़ के चलते पूर्वोत्तर फ्रंटियर रेलवे ने लुमडिंग-बदरपुर के बीच की कई ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है।

कोलकाता की जीत ने बदला प्ले ऑफ का समीकरण, बैंगलोर, दिल्ली और पंजाब रेस में आगे

नई दिल्ली। श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली कोलकाता नाइट राइडर्स ने शनिवार रात केन विलियमसन की सनराइजर्स हैदराबाद पर 54 रनों से बड़ी जीत दर्ज की। इसी के साथ केकेआर प्वाइंट्स टेबल में 6ठें पायदान पर पहुंच गई है। कोलकाता की यह 13वें मैच में 6ठीं जीत है। वहीं सनराइजर्स हैदराबाद को इस हार से बड़ा नुकसान हुआ है। 12वें मैच में हैदराबाद की यह 7वीं हार थी, बाकी दो मैच जीतने के बावजूद अब टीम केकेआर की तरह 14 अंकों तक ही पहुंच सकती है। वहीं रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर, दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स के पास 16 अंकों तक पहुंचने का मौका है। आइए जानते हैं केकेआर बनाम

एसआरएच मुकाबले के बाद कैसे बदला प्लेऑफ का समीकरण-

14 अंक तक ही पहुंच पाएगी कोलकाता नाइट राइडर्स और सनराइजर्स हैदराबाद

केकेआर के खिलाफ मैच से पहले केन विलियमसन की टीम के पास उम्मीद थी कि वह भी इस सीजन 16 अंक तक पहुंच सकती है। मगर केकेआर ने उनका पूरा समीकरण खराब कर दिया। हैदराबाद इस हार के साथ 8वें पायदान पर खिसक गई है। टीम को अगले दो मुकाबले मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स के खिलाफ खेलने है। अगर टीम यह दोनों मैच जीतती भी है तो वह 14 अंक तक ही पहुंच पाएगी। ऐसे में उनकी प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें केकेआर की तरह काफी कम है।

आरसीबी, डीसी और पीबीकेएस के बीच होगी कांटे की टक्कर

रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर, दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स ये तीन ऐसी टीमें हैं जिनके पास अभी भी 16 अंक तक पहुंचने का शानदार मौका है। आरसीबी को अपना आखिरी मैच गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेलना है, टीम को इस मैच में बड़ी जीत दर्ज करने की जरूरत है क्योंकि अगर पेच आखिरी में नेट रन रेट पर फंसा तो आरसीबी की मुश्किलें बढ़ सकती है। पंजाब के खिलाफ पिछले मैच में मिली हार के बाद आरसीबी का नेट रन रेट -0.323 का पहुंच गया है। दिल्ली के पास दो मुकाबले हैं जिनमें से एक उन्हें पंजाब के खिलाफ खेलना है। ऐसे में इस मुकाबले से कुछ तस्वीर साफ हो जाएगी कि 16 अंक तक इनमें से कौन सी टीम पहुंच सकती है। दिल्ली को अन्य एक मुकाबला मुंबई के खिलाफ और पंजाब को आखिरी मैच सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खेलना हैं।

लखनऊ सुपर जाएंट्स और राजस्थान रॉयल्स की राह है आसान

लखनऊ सुपर जाएंट्स 16 अंकों के साथ प्वाइंट्स टेबल में दूसरे पायदान पर है। टीम को अगले दो में से एक मैच जीतना है और वह प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर जाएंगे। वहीं 14 प्वाइंट्स के साथ तीसरे पायदान पर मौजूद राजस्थान की टीम को अगर आसानी से प्लेऑफ में पहुंचना है तो दोनों मैच जीतने होंगे। अगर टीम एक भी मैच जीतती है तो फिर भी उनके प्लेऑफ में पहुंचने के चांस अधिक है क्योंकि उनका नेट रन रेट बाकी टीमों से बेहतर है। राजस्थान को अगले दो मैच लखनऊ और चेन्नई के खिलाफ खेलने हैं।

आईएएस एसडीएम पर तहसीलदार व नायब तहसीलदारों ने दुर्व्यवहार करने का लगाया आरोप

जीवन एस साहू

■ कलेक्टर से की शिकायत, तहसीलदार पर कार्यवाही करने कलेक्टर ने शासन को भेजा प्रस्ताव

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद जिले के कुछ तहसीलदार और नायब तहसीलदार गरियाबंद आईएएस एसडीएम विश्वदीप यादव के कार्यशैली से खुश नहीं है। नाराज तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदारों ने एसडीएम पर कई गंभीर आरोप लगाते हुए कलेक्टर नम्रता गांधी से कार्रवाई की मांग की है। नाराज अधिकारियों ने 3 दिनों के भीतर कार्यवाही नही होने पर कलमबंद कामबंद करने की चेतावनी भी जारी की है। इधर जिला प्रशासन ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी किया है जिसमें गरियाबंद तहसीलदार पर कार्यालयीन कार्य के प्रति उदासीन होने का आरोप लगाते हुए शासन को तहसीलदार पर कार्यवाही करने प्रस्ताव भेजा है। नाराज अधिकारियों ने शिकायत कलेक्टर को सौंपी है उसमें उन्होंने गरियाबंद एसडीएम पर गाली गलौच करने, असंयमित भाषा का इस्तेमाल करने, विधि विरुद्ध कार्य करने के मौखिक निर्देश देने, कैरियर खराब करने की धमकी देना जैसे कई गंभीर आरोप लगाए हैं। नाराज अधिकारी इस मामले की शिकायत विभागीय मंत्री से करने की बात कह रहे। मामले में कलेक्टर ने शिकायत मिलने की पुष्टि की है। उन्होंने कहा है कि शिकायत प्राप्त होने पर जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में जो शिकायत पत्र मिला है। उन्होंने बताया कि शिकायत में जिन तहसीलदारों और नायब तहसीलदारों के हस्ताक्षर होना दर्शाया गया है उनमें से कुछ लोगों से उनकी फोन पर बात हुई है। जिसमें उन्होंने हस्ताक्षर नहीं करने और मामले से अनभिज्ञता होने की जानकारी दी है। जिले में अधिकारियों के बीच टकराव की जो स्थिति निर्मित हो रही है। वह जिले के लिए कतई उचित नहीं है। इससे ना केवल अधिकारियों के बीच आपसी मनमुटाव बढ़ेगा बल्कि जनता के काम भी प्रभावित होंगे।

तहसीलदार पर लगे ये आरोप

जिले के तहसील मुख्यालय गरियाबंद में पदस्थ तहसीलदार के कार्यालयीन कार्य के प्रति उदासीन रवैय्या, न्यायालयीन राजस्व प्रकरणों के निराकरण में अरूचि एवं वरिष्ठ अधिकारी के निर्देशों का पालन नहीं करने संबंधी शिकायतें होने पर तलसीलदार द्वारा वरिष्ठ अधिकारी के विरूद्ध शिकायत की गई है। कलेक्टर नम्रता गांधी ने बताया कि तहसीलदार के विरूद्ध शिकायत की जांच कराई जा रही है। जांच में तहसीलदार के कार्यो पर गंभीर खामियां उजागर हुई है। इसके आधार पर शासन को कार्यवाही हेतु प्रस्तावित किया गया है। तहसीलदार द्वारा इसे प्रभावित करने वरिष्ठ अधिकारी के विरूद्ध आरोप लगाई जा रही है।

पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारी व प्रधान आरक्षकों की ली बैठक

जांजगीर चांपा/नवप्रदेश। एसपी विजय अग्रवाल ने रविवार 15 मई को जिले में पदस्थ थाना प्रभारी एवं प्रधान आरक्षकों की बैठक ली। इस बीच उन्होंने कहा कि गुंडे बदमाशों की चेकिंग करना एवं उनकी गतिविधियों पर नजर रखना जरूरी है ताकि अपराधों पर अंकुश लगाया जा सके पुलिस स्टाफ अपने थानों में सही जानकारी रखें ताकि फरियाद लेकर पहुंचने वाले लोगों को किसी तरह की कोई परेशानी ना हो पुराने एवं नष्ट करने योग्य दस्तावेजों को नष्ट करना भी जरूरी है। नव पदस्थ पुलिस कप्तान ने वर्चुअल बैठक के माध्यम से कहां की जिले में 18 पुलिस थाने एवं 4 चौकियों के माध्यम से कानून व्यवस्था पर कड़ी नजर रखना एवं शांति व्यवस्था बनाए रखना प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन मुस्कान के माध्यम से गुम हुए बालक एवं बालिकाओं को उनके घर एवं परिजनों तक सुरक्षित पहुंचाए जाने का काम पुलिस प्रशासन के द्वारा किया जा रहा है।

48 लीटर महुआ शराब के साथ 3 गिरफ्तार

जांजगीर चांपा/नवप्रदेश। तीन अलग-अलग स्थानों में दबिश देकर आबकारी विभाग की टीम ने 48 लीटर महुआ शराब के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। शनिवार 14 मई को आबकारी विभाग की टीम के द्वारा दबिश देकर अकलतरा थाना क्षेत्र के ग्राम कल्याणपुर में हरीश शर्मा के कब्जे से 8 लीटर महुआ शराब जब तक किया गया है। इसी प्रकार अकलतरा थाना क्षेत्र के ही ग्राम अमरताल निवासी अनीता बाई के कब्जे से 15 लीटर शराब जप्त किया गया है। इसके अलावा ग्राम फुटरा भावर निवासी राम कुमारी के कब्जे से 25 लीटर शराब जब्त किया गया है। तीनों ही मामलों में आबकारी पुलिस की टीम ने 342 के तहत इसके पूर्व भी आबकारी विभाग की टीम के द्वारा बड़ी मात्रा में हाथ भट्टी से बना महुआ शराब जप्त करने की कार्यवाही की गई थी।

भाजपा का जेल भरो आंदोलन आज

जांजगीर-चाम्पा/नवप्रदेश। आज पूरे प्रदेश में बीजेपी द्वारा हर जिला केन्द्रों पर जेल भरो आंदोलन किया जायेगा। विधायक नारायण चंदेल ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा विगत 22 अप्रैल को 19 बिन्दुओं का आंदोलन व प्रदर्शन के लिए फरमान जारी किया गया है। इसमें सरकार ने आम आदमी का जो संवैधानिक अधिकार प्राप्त है तथा लोकतंत्र में सभी राजनीतिक दलों तथा सभी संगठनों को अपनी बात को कहने व अपने मांगों के संदर्भ में धरना प्रदर्षन करने का मौलिक अधिकार है उसे कुचलते हुए आदेश जारी किया गया है। इसके विरोध में भाजपा आज जेल भरो आंदोलन करने का निर्णय लिया है। इसी क्रम में जिला मुख्यालय जांजगीर में यह आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि इस जिले का यह कार्यक्रम सुबह 10 बजे से कचहरी चौक जांजगीर में जिले से आये सभी भाजपा कार्यकर्ता व आम नागरिकगण एकत्रित होंगे वहां पर भाजपा नेताओं के सम्बोधन के बाद वे कलेक्ट्रेट का घेराव करने कलेक्टर कार्यालय की तरफ जायेंगे तथा इस काले कानून को वापिस लेने की मांग करते हुए इसकी प्रतियां जलायेंगे।

मंत्री से मिला पटेल समाज का प्रतिनिधिमंडल

■ पटेल समाज में आई है शैक्षणिक तथा राजनैतिक जगारूकता : अकबर

कवर्धा/नवप्रदेश। प्रदेश के वन, परिवहन, आवास एवं पर्यावरण मंत्री व कवर्धा के विधायक मोहम्मद अकबर से उनके राजधानी स्थित निवास कार्यालय में मरार (पटेल) समाज के कबीरधाम जिला इकाई के प्रतिनिधि मंडल ने सौजन्य भेंट की। प्रतिनिधि मंडल में पटेल समाज के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष भगवान सिंह पटेल सहित अन्य पदाधिकारी शामिल थे। कवर्धा जिला अध्यक्ष भगवान सिंह पटेल ने मंत्री मोहम्मद अकबर द्वारा पटेल समाज के हित में किए जा रहे कार्यों के लिए उनका आभार व्यक्त करते हुए अभिनंदन किया। मंत्री ने भगवान सिंह पटेल को जिला अध्यक्ष निर्वाचित होने के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मंत्री ने जिला अध्यक्ष को पटेल समाज की मजबूती के लिए समाज के सभी लोगों को साथ लेकर चलने कहा। अकबर ने पटेल समाज की प्रशंसा करते हुए कहा कि पटेल समाज मेहनतकश समाज है, जो दिन-रात मेहनत कर अपना पसीना बहाते हुए शाक-सब्जी व अन्य फसलों का उत्पादन करता है। प्रतिनिधि मंडल के समक्ष अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि आज पटेल समाज में शैक्षणिक तथा राजनैतिक रूप से जागरूकता आई है। उन्होंने कहा कि पटेल समाज के लोग आज छत्तीसगढ़ शासन के अलग-अलग इकाई में प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। समाज के युवक-युवती अब राज्य शासन द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृट प्रदर्शन के राज्य शासन तथा जिला प्रशासन के महत्वपूर्ण पदों पर चयनित हो रहे है। यह किसी भी समाज के लिए गौरव का विषय हो सकता है। पटेल समाज के जिलाध्यक्ष भगवान सिंह पटेल ने मंत्री मोहम्मद अकबर को भरोसा दिलाया कि वे समाज के सभी लोगों को विश्वास में लेते हुए समाज के हित में सदैव सक्रिय होकर काम करते रहेंगे। उन्होंने अपेक्षा की कि कैबिनेट मंत्री भविष्य में पटेल समाज को नई-नई सौगात देते रहेंगे। पटेल समाज के प्रतिनिधि मंडल में भगवान सिंह पटेल सहित, हरि पटेल सदस्य छत्तीसगढ़ शाकंबरी बोर्ड, राजू पटेल जिला इकाई सचिव, तुलसी पटेल जिला प्रवक्ता, राम चरण कुसरो, कैलाश पटेल, रामअवतार पटेल, लेखराम पंचेश्वर, विश्वनाथ पटेल आदि शामिल थे।

अवैध शराब कोचियों पर पुलिस ने की कार्रवाई

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय महादेवा के मार्गदर्शन एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस दिनेश सिन्हा के निर्देशन में एवं थाना प्रभारी खैरागढ़ निलेश पांडे के नेतृत्व में थाना खैरागढ़ में अवैध शराब कोचिया के विरुद्ध टीम बनाकर बाजार चौक, पांडादाह पर दबिश दिया गया, जहां पर आरोपी निकास रजक पिता संता रजक उम्र 28 वर्ष साकिन पांडादाह को अवैध रूप से शराब बिक्री करते सफेद रंग के बोरी में रखे 30 पौवा देशी मदिरा शराब कुल 5.400 लीटर कीमती 2400 रुपए जब्त कर आरोपी निकास रजक पिता संता रजक को हिरासत में लेकर शराब रखने के संबंध में वैध लाइसेंस की मांग की गई, जिसे आरोपी ने किसी प्रकार का वैध लाइसेंस ना होना लिखकर देने पर आरोपी का कृत्य आबकारी एक्ट के तहत न्यायालय के आदेश पर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

बोरतलाव के भालुकोन्हा के मुंजाल डोंगरी से नक्सलियों का डंप बरामद

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिले में लगातार नक्सल विरोधी अभियान संचालित किए जा रहे है। इसी कड़ी में मुखबीर से सूचना मिला कि थाना बोरतलाव क्षेत्र में सक्रिय माओवादियों द्वारा किसी गंभीर वारदात को अंजाम देने के लिये जंगल में विस्फोटक डंप कर छुपाया है। जिस पर थाना बोरतालव से उप निरीक्षक पिल्लूराम मंडावी के नेतृत्व में नक्सल सेल एवं थाना बागनदी से एसी आईटीबीपी अभिषेक मधुकर, निरीक्षक केशरी चंद साहू थाना प्रभारी बागनदी के नेतृत्व में जिला बल एवं आईटीबीपी मय बीडीएस टीम की संयुक्त पार्टी अलग-अलग 2 टीम तैयार कर ग्राम भालूकोन्हा का मुंजाल डोंगरी जंगल में सर्चिंग किया गया। जहां विस्फोटक सामग्री एवं अन्य सामग्री जमीन में डंप कर छुपाकर रखा था, जिसे आईटीबीपी की बीडीएस टीम द्वारा सुरक्षित खोदकर निकाला गया। इसमें क्लेमोर माइंस करीबन 2 किलो का, सोलर प्लेट 1 नग, स्वीच 3 नग, माइक्रो मीटर 1 नग, बैटरी 9 वाट वाला 3 नग, सेल निप्पो कंपनी का 2 नग, सेल पेनासोनिक कंपनी का 9 नग, टू-पिन (मेल-फिमेल) 6 नग, वायर कनेक्टर 4 नग, वायर टेस्टर 1 सेट, ब्लास्टिंग वायर 2 बंडल, फ्लेक्सिबल वायर (लाल-नीला कलर का) 2 बडल, पुराना सफेद फ्लेक्सिबल वायर करीबन 15 मीटर, डेटोनेटर 8 नग, बारूद से भरा एल्युमिनियम डिब्बा में 1 किलो का 1 नग, स्टील ड्रम 20 किलो का 1 नग, स्प्लिंटर कील बडा लगभग 1 किलो, स्प्लिंटर कील छोटा लगभग 1 किलो, स्प्लिंटर काच के टुकडे लगभग 1 किलो का जब्त किया गया।

सफल छात्रों को महापौर ने दी बधाई

दुर्ग/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के दसवीं-बारहवीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम शनिवार को घोषित किए गए। इस बार दसवीं में दुर्ग जिले के 68.80 प्रतिशत परीक्षार्थी सफल रहे, वहीं बारहवीं में 78.46 प्रतिशत विद्यार्थियों ने बाजी मारी है। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी मेरिट सूची में जिले के 3 छात्रों ने जगह बनाई है। महापौर धीरज बाकलीवाल ने छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा जारी कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं बोर्ड के नतीजों में सफलता हासिल करने वाले सभी विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। महापौर बाकलीवाल ने कहा कि विद्यार्थियों ने जीवन का महत्वपूर्ण पड़ाव पार किया है जो उनकी मेहनत और लगन का परिणाम है। महापौर ने सभी छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि वे भविष्य में इसी तरह निरन्तर आगे बढ़ते रहें और अपने परिवार, जिले एवं प्रदेश का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता के पीछे उनके गुरुजनों और माता-पिता का भी महत्वपूर्ण योगदान रहता है।

प्रभारी मंत्री की बैठक में उठा प्रतिक्षारत व अधूरे निर्माण का मुद्दा

विकास कार्यो के लेटलतीफी बर्दाश्त नहीं की जाएगी : वोरा

दुर्ग/नवप्रदेश। प्रभारी मंत्री के द्वारा शासन की योजनाओं एवं स्वीकृत राशि की समीक्षा बैठक के दौरान दुर्ग शहर विधानसभा क्षेत्रांतर्गत प्रतिक्षारत् व अपूर्ण कार्यो जिसका जनता वर्षो से इतंजार कर रही है। जिसमें लोक निर्माण विभाग, नगरीय निकाय एवं पुलिस व शिक्षा विभाग से संबंधित अधिकांश कार्यो में विभागीय दस्तावेजों को पूर्ण करने में विलंब किया जा रहा है। उपरोक्त कार्यो की सूची बनाकर वरिष्ठ विधायक अरुण वोरा के द्वारा वन एवं परिवहन मंत्री एवं दुर्ग जिला प्रभारी मंत्री मोहम्मद अकबर को दी गई। वोरा ने विभागीय अधिकारियों से कहा कि विधानसभा के अंतर्गत विकास कार्यो के लेटलतीफी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिसमें शहर आगमन पर मुख्यमंत्री के द्वारा घोषणा किए जाने से संबंधित विभागों की सुस्ती के कारण अब तक प्रस्ताव भेजने में विलंब का मामला एवं वर्तमान में शहर में निर्माणाधीन कार्य स्थलों पर पहुंचकर देखा गया कि निविदा एजेंसी के द्वारा एक माह में कार्य पूर्ण नहीं हो सका तो अगामी बरसात ऋतु के कारण आमजनों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा एवं अमृत पेयजल योजनांतर्गत लोकार्पण के बाद भी वार्डो में पानी अवरुद्ध की शिकायत निरंतर आ रही है। जिस पर रोक आवश्यक है।

सामाजिक समरसता के साथ नवा छत्तीसगढ़ गढ़ रही भूपेश सरकार : विधायक कमरो

मनेन्द्रगढ़/नवप्रदेश। मनेंद्रगढ़ - भरतपुर -सोनहत विधायक गुलाब कमरो ने विधानसभा क्षेत्रांतर्गत भरतपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत बड़गांवकला में 10 लाख की लागत से बनने वाले चेरवा समाज भवन निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। इस दौरान जनप्रतिनिधि, चेरवा समाज के लोग व ग्रामीण जन बड़ी संख्या में मौजूद रहे। विधायक गुलाब कमरो की मांग पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विभिन्न सामाजिक भवन निर्माण हेतु साल के शुरूआत में ही 50 लाख की स्वीकृति प्रदान कर नववर्ष पर समाजिक संगठनों को एक बड़ी सौगात प्रदान की थी। स्वीकृत राशि में विकासखंड भरतपुर के ग्राम पंचायत बड़गांवकला में चेरवा समाज के लिए भी भवन निर्माण हेतु 10 लाख मंजूर किए गए हैं। विधायक ने कहा कि चेरवा समाज का भवन निर्माण होने से अब सामाजिक बैठक, सामाजिक गतिविधि समेत संस्कारिक कार्य शादी-विवाह के साथ साथ दूर-दराज से आए सामाजिक व्यक्तियों के ठहरने के लिए एक स्थायी जगह उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में सामाजिक समरसता के साथ नवा छत्तीसगढ़ गढ़ने की दिशा में काम कर रही है। विधायक द्वारा भवन निर्माण कार्य का भूमि पूजन किए जाने पर समाज के लोगों ने विधायक के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आत्मीय आभार व्यक्त किया।

आग बुझाने के दौरान ब्लास्ट, कॉन्स्टेबल की अंगुली कटी, 2 फायरकर्मी भी जख्मी

बलौदा बाजार/नवप्रदेश। रविवार को कुछ दुकानों में लगी आग बुझाने की कोशिश में एक पुलिस कॉन्स्टेबल गंभीर रुप से घायल हो गये। बताया जा रहा है कि इस अगलगी के दौरान एक धमाका हो गया। इस धमाके में पुलिस कॉन्स्टेबल की एक अंगुली उखड़ गई और उनके जबड़े में भी गंभीर चोट आई है। आग बुझाने की कोशिश में दो फायरकर्मी भी घयाल हो गए। जानकारी के मुताबिक, कसडोल शहर में सुबह करीब 3 बजे निगम कार्यालय के पास करीब 6 दुकानों में आग लग गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस और 5 कर्मी घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस के मुताबिक, जब वो आग बुझाने की कोशिश कर रहे थे तब हीं गैस वेल्डिंग के दुकान में रखे गैस सिलिंडर में आग लगी और जोरधार धमाका हो गया। जिसकी वजह से कॉन्स्टेबल जीवन पाल्टे की एक अंगुली उड़ गई और उनके जबड़े में भी गंभीर चोट आई। घायल कॉन्स्टेबल को रायपुर स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। दोनों घायल फायरकर्मियों को भी इलाज के लिए कसडोल स्थित हेल्थ सेंटर में भर्ती करवाया गया है। इनकी हालत अभी स्थिर बताई जा रही है। करीब 3 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका है।

मिशन 40 डे का दिखा असर, बेहतर परिणाम के साथ राज्य में जिले की रैंकिंग टॉप टेन में

■ राज्य में दसवीं टॉप टेन में अंजिला ने बनाई जगह, 12वीं में जिला टॉपर रहीं छात्रा दिशा सोनी

कोरिया/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ बोर्ड के 10वीं और 12वीं के नतीजे 14 मई शनिवार को घोषित किये गए जिसमें कोरिया जिले के छात्र-छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए अच्छे परिणाम दिए। जिले के बच्चों को परीक्षा की बेहतर एवं तनावरहित तैयार कराने के लिए जिले में चलाए गए मिशन 40 डे का बखूबी असर दिखा। इस वर्ष के परीक्षा परिणामों में कोरिया जिले की स्थिति बेहतर और मजबूत बनकर उभरी। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने सभी छात्र-छात्राओं को उनकी सफलता के लिए बधाई एवं उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिले में बच्चों की विशेष तैयारी के लिए शिक्षा विभाग द्वारा मिशन 40 डे अभियान चलाया गया था जिसके तहत बच्चों को परीक्षा की तैयारी कराने के साथ समय-समय पर उनके टेस्ट भी लिए गए। परीक्षा के पूर्व और इसके दौरान बच्चों में तनाव को मद्देनजर रखते हुए कलेक्टर के निर्देश पर जिला स्तरीय अधिकारियों को स्कूलों में जाकर बच्चों से मुलाकात करने के निर्देश भी दिए गए थे। कलेक्टर शर्मा ने स्वयं भी बच्चों से मुलाकात कर उन्हें परीक्षा के तनाव से मुक्त रहने के टिप्स दिए थे। वर्ष 2022 की परीक्षा में इस विशेष अभियान के सकारात्मक परिणाम देखने को मिले। वर्ष 2020 में, जहां हायर सेकंडरी यानी 12वीं की परीक्षा परिणाम में राज्य में जिले का स्थान 23वां रहा था, वहीं वर्ष 2022 में जिला चौथे स्थान के साथ टॉप 5 में शामिल हुआ। इसी तरह वर्ष 2020 में जहां, हाईस्कूल यानी 10वीं के परीक्षा परिणाम में राज्य में जिले का स्थान 19वां था, वहीं इस बार वर्ष 2022 में राज्य में जिले ने 8वां स्थान बनाते हुए टॉप टेन में जगह बनाई। छात्रा अंजिला कुशवाहा ने कक्षा 10वीं में 96.83 प्रतिशत के साथ प्रदेश की टॉप टेन सूची में 10वां रैंक हासिल कर जिले का मान बढ़ाया। कक्षा 12वीं की छात्रा दिशा सोनी ने 92.20 प्रतिशत के साथ जिले में पहला स्थान हासिल किया है। वर्ष 2022 का राज्य का हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम 74.23 प्रतिशत कोरिया जिले का हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम 80.75 प्रतिशत वर्ष 2022 का राज्य का हायर सेकेंडरी का परीक्षा परिणाम 79.30 प्रतिशत कोरिया जिले का हायर सेकेंडरी का परीक्षा परिणाम 87.58 प्रतिशत रहा ।

प्रदेश में विकास कार्यों का मेंटेनेंस तक नहीं कर पा रही भूपेश सरकार : डॉ. रमन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. रमन सिंह कुशाभाऊ ठाकरे स्मृति विस्तारक योजना के तहत शक्ति केंद्र बेलटिकरी एवं खैरा पहुंचे। ग्राम खैरा में डॉ. रमन सिंह ने कहा कि 15 वर्षों तक भाजपा के छत्तीसगढ़ के स्वर्णिम काल कार्यकाल को आज भी जनता याद करती है, जिसमें पूरे छत्तीसगढ़ में विकास के कीर्तिमान स्थापित हुए। सड़क, पुल-पुलिया, सिंचाई के साधन, शादी योग्य बच्चियों का विवाह, बाल हृदय योजना के तहत 9000 बच्चों का निःशुल्क ऑपरेशन, स्वास्थ्य लाभ, सिंचाई योजना, सिंचाई संसाधन ड्रिप इरिगेशन, बिजली पोल, प्रधानमंत्री आवास बनाना इत्यादि कार्यों के साथ-साथ एक रुपए चावल की योजना भाजपा ने ही बनाई। उन्होंने कहा कि किसानों को बिना ब्याज के कर्जे का मूल मंत्र भाजपा शासनकाल में ही तय किया गया। इसके पूर्व कांग्रेस की सरकारों में किस तरह से लूट मचाई थी, ये सभी जानते हैं। डॉ. रमन सिंह ने कहा कि लबारी मार के भूपेश बघेल सरकार में आए हैं, उनकी घोषणा पत्र में किए गए वायदों आज भी अधूरे हैं। उन्होंने कहा कि शराबबंदी की बात करने वाले भूपेश घर घर पहुंचा कर शराब बांट रहे हैं। कोविड काल के समय में दवाई पहुंचाने की मानवता छोड़कर घर-घर दारू पहुंचाने की योजना भूपेश ने लाई।

एक हाथ से देकर दूसरे हाथ से लिया

डॉ. रमन ने कहा कि 2500 रुपए धान खरीदी करने की बात करने वाले बघेल सरकार ने किसानों को एक हाथ से देकर दूसरे हाथ से लिया ही है, एक ओर जहां किसानों का रकबा कट गया, वहीं बोरा उपलब्ध नहीं कराया गया और 4 किस्त में पैसा देकर आखिरी किस्त में 290 करोड़ों रुपए की कटौती की गई, जो कि किसानों के साथ सरासर अन्याय है। डॉ. रमन सिंह ने कहा कि टेड़ेसरा एवं कई ऐसे गोठान उन्होंने देखे हैं, जहां लाखों करोड़ों रुपए खर्च हो चुके हैं, परंतु एक गाय भी उपलब्ध नहीं है और वर्मी कंपोस्ट खाद, जो की पैरा-भूसा और मिट्टी मिलाकर बनाई जा रही है वह 900 रूपये में अनिवार्य रूप से किसानों को दी जा रही है।

केंद्र सरकार की योजनाओं का रमन ने किया बखान

डॉ. रमन सिंह ने केंद्र में बैठी नरेंद्र मोदी सरकार की योजनाओं को विस्तार से बताते हुए कहा कि आगामी 2024 में भी जनता ने यह तय कर लिया है कि नरेंद्र मोदी को वापस लाकर पूरे विश्व में देश को सशक्त बनाना है। डॉ. रमन सिंह ने बेलटिकरी ग्राम के शक्ति केंद्र में 8 बूथों के कार्यकर्ताओं को भी संबोधित किया और बताया कि वर्तमान सरकार जो 15 वर्षों में भाजपा ने विकास कार्य किए थे उसका मेंटेनेंस भी नहीं कर पा रही है। विकास कार्यों के लिए जो बड़ी-बड़ी योजनाएं लागू की गई। बिल्डिंग बनाई गई, उसकी पुताई तक करने में अक्षम सरकार अब अपनी उल्टी गिनती गिनना शुरू कर चुकी है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला भाजपा अध्यक्ष मधुसूदन यादव, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष रोहित चंद्राकर, कृष्णा तिवारी, किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, शिव वर्मा एवं भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।